https://epaper.rashtriyasagar.com
web: rashtriyasagar.com

10 प्रकाशन का 10वां वर्ष

सिर्फ सच, मसाला नहीं

राष्ट्रीय सागर

पटना, रांची एवं नई दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 10 | अंक : 275 | पृष्ठ : 12, मूल्य : दो रुपए | आर.एन.आई सं. : BIHHIN/2014/61400 | email : rashtriyasagarptn@gmail.com | पटना, रविवार, 8 सितंबर 2024

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पितृपक्ष मेले की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक, कहा-

श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर रखें व्यापक एवं बेहतर प्रबंध

सीएम ने विष्णुपद मंदिर में पूजा-अर्चना कर की राज्य में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गया : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गया के विष्णुपद मंदिर में शनिवार को पूजा-अर्चना कर राज्य की समृद्धि की कामना की। इसके बाद सीएम ने पितृपक्ष मेले की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक में कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर व्यापक एवं बेहतर तैयारी रखें।मुख्यमंत्री ने कहा कि पितृपक्ष मेले में देश के कोने-कोने एवं विदेशों से तीर्थयात्री बड़ी संख्या में श्रद्धाभाव से अपने पूर्वजों का पिंडदान और तर्पण करने गया की मोक्षभूमि आते हैं। पितृपक्ष मेले की महत्ता को देखते हुए अधिकारीगण विशेष ध्यान रखें। मैं इस बात को नहीं भूल सकता हूं कि एक बार मुझे एक महिला श्रद्धालु ने बताया था कि यहां पिंडदानियों को काफी दिक्कत होती है।मुख्यमंत्री ने कहा कि जब से हमें काम करने का मौका मिला, हमने पिंडदानियों की सुविधाओं को लेकर कई काम किए। हर वर्ष पितृपक्ष मेले की तैयारियों का जायजा लेने आते हैं और यहां आने वाले श्रद्धालुओं की हर प्रकार की सुविधाएं सुनिश्चित की जाती हैं।समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पितृपक्ष मेले में बड़ी संख्या में लोग श्रद्धा के साथ पहुंचते हैं। यह राजकीय मेला है, ऐसे में साफ सफाई एवं स्वच्छता का पूरा प्रबंध रखें। घाटों, तालाबों एवं रास्तों की नियमित रूप से सफाई होनी चाहिए। तालाबों की स्वच्छता का विशेष रुप से ख्याल रखें क्योंकि बड़ी संख्या में श्रद्धालु तालाबों में स्नान करते हैं इसलिए पानी की स्वच्छता के साथ-साथ उसकी निकासी भी आवश्यक है।समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी डॉ त्याग राजन एसएम ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पितृपक्ष मेला-2024 की तैयारियों को लेकर विस्तृत जानकारी दी। पितृपक्ष मेले की बेहतर व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद भी दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष पितृपक्ष मेले का आयोजन 17 सितंबर, 2024 से 02 अक्टूबर, 2024 तक निर्धारित है। सभी महत्वपूर्ण वेदियों एवं घाटों पर श्रद्धालुओं के लिए अच्छी और सभी प्रकार की व्यवस्था की गयी है। कार्य समितियों का गठन कर पदाधिकारियों को बेहतर व्यवस्था के संचालन की जिम्मेवारी दी गयी है।जिलाधिकारी ने पितृपक्ष मेले के दौरान आवासन, साफ-सफाई, जलापूर्ति, स्वच्छता, स्वास्थ्य, विद्युत व्यवस्था, वृद्ध एवं दिव्यांगजन के लिए आवागमन की व्यवस्था, यातायात सुविधा एवं विधि-व्यवस्था को लेकर की जा रही तैयारियों के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पितृपक्ष मेले के संबंध में सभी तरह की सूचना उपलब्ध हो सके, इसके लिए पिंडदान गया मोबाइल ऐप विकसित किया गया है। कॉल सेंटर के माध्यम से भी श्रद्धालुओं को सभी प्रकार की जानकारी मिलेगी।समीक्षा बैठक के दौरान पंडा समाज के प्रतिनिधि ने मुख्यमंत्री द्वारा गयाजी के विकास के लिए किए गए कार्यों के लिए धन्यवाद दिया और उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने गया में गंगाजल को पहुंचाकर अद्भुत कार्य किया है। इसके पहले मुख्यमंत्री ने फल्गू नदी के किनारे आयोजित कार्यक्रम स्थल से विष्णुपद मंदिर तक वैकल्पिक पहुंच पथ तथा एकीकृत जलनिकासी कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया और नवनिर्मित पथ का निरीक्षण किया।यह नवनिर्मित पथ मानपुर पुल से सीधे विष्णुपद मंदिर को जोड़ता है। विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास के पश्चात मुख्यमंत्री ने गया समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में पितृपक्ष मेला-2024 की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की।

भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी, जिसमें सामान्य परिवार का व्यक्ति भी बन सकता है पीएम :जेपी नड्डा

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

पटना : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा-जदयू को छोड़ कई पार्टियां वंशवाद की राजनीति तक सीमित हैं जबकि इसके विपरीत भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसमें सामान्य परिवार से आने वाला व्यक्ति भी देश का प्रधानमंत्री बन सकता है। पटना स्थित भाजपा कार्यालय में ऑनलाइन सदस्यता अभियान समारोह में नड्डा ने कहा कि भाजपा में सभी को समान अधिकार और अवसर प्राप्त हैं। उन्होंने कहा कि अन्य सभी राजनीतिक पार्टियां सिर्फ वंशवाद की राजनीति तक सीमित हैं या कुछ पार्टियां किसी खास समुदाय का प्रतिनिधित्व करती हैं। भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसमें सामान्य परिवार से आने वाला व्यक्ति भी नरेन्द्र मोदी की तरह देश का प्रधानमंत्री बनता है। जेपी नड्डा ने कहा कि हमारी पार्टी में सभी को समान अधिकार और अवसर प्राप्त हैं। अन्य पार्टियों में आप तभी अध्यक्ष बन सकते हैं जब आप किसी खास परिवार, खास जाति आदि से हों लेकिन भाजपा ऐसी पार्टी है, जो पूरे समाज का प्रतिनिधित्व करती है। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किए गए पार्टी के सदस्यता अभियान पर नड्डा ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसमें प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष... सभी को हर छह साल में अपनी सदस्यता का नवीनीकरण कराना होता है। ऐसा किसी अन्य पार्टी में संभव नहीं है। क्योंकि, अन्य सभी पार्टियां या तो किसी जाति विशेष की या किसी समुदाय विशेष की या किसी परिवार की होती हैं। जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा समाज के सभी वर्गों के लोगों की पार्टी है। हम ग्रामीणों, गरीबों, किसानों, दलितों, आदिवासियों, युवाओं, समाज के कमजोर और सामाजिक रूप से हाशिए पर पड़े वर्गों की पार्टी हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक गरीबों के लिए करीब चार करोड़ घर बनाए जा चुके हैं, जिनमें करीब 1.77 करोड़ घर हमारे दलित और आदिवासी भाइयों को बांटे जा चुके हैं। इसी तरह हमारे दलित भाइयों को सरकारी विकास योजनाओं का सबसे ज्यादा लाभ मिल रहा है। इससे पहले नड्डा ने कड़ी सुरक्षा के बीच तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब का दौरा किया। सिख पगड़ी पहने नड्डा ने दरबार साहिब में माथा टेका। वह राज्य में कई स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के लिए दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को यहां पहुंचे थे।तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के दर्शन करने के बाद नड्डा ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ₹आज मुझे तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में मत्था टेकने और आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस दिव्य स्थान पर आकर मुझे हमेशा लोगों की सेवा करने की अपार ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर मैंने वाहेगुरु जी से सभी देशवासियों की सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा पटना, बिहार में अनुसूचित जाति परिवार के बीच आयोजित भाजपा के सदस्यता अभियान कार्यक्रम में भाग लिया।भाजपा का सदस्यता अभियान पार्टी का राष्ट्रीय संगठन पर्व होता है जो भाजपा को सीधे जनता से जोड़ती है और इसे जन-जन की पार्टी बनाती है। यही कारण है कि भाजपा आज 18 करोड़ सदस्यों के साथ दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है।

ब्रीफ न्यूज

वैभव श्रीवास्तव बने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक

पटना : बिहार के प्रशासनिक महकमे में शनिवार को बड़ा फेरबदल किया गया है। यहां सामान्य प्रशासन विभाग ने एक साथ 43 आईएएस अधिकारियों के विभाग में फेरबदल किया है। इसकी जानकारी सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। राज्य सरकार ने 43 आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है इस तबादले में भोजपुर, शिवहर, जमुई, लखीसराय, रोहतास, अररिया, समस्तीपुर, बेगूसराय, शेखपुरा, किशनगंज, अरवल, मधेपुरा सहित 12 जिलों के डीएम को बदल दिया गया है। इसके साथ ही चार जिलों पटना, मोतिहारी, शिवहर और गया में नये उप विकास आयुक्त (डीडीसी) और तीन नगर निगम कटिहार, पूर्णिया और गया में नगर आयुक्त की तैनाती की गयी है। मोतिहारी के डीडीसी समीर सौरभ को पटना का डीडीसी और पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे वैभव श्रीवास्तव को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का निदेशक बनाया गया है। पटना के डीडीसी तनय सुल्तानिया भोजपुर के डीएम बने हैं।

लैंड फॉर जॉब मामले में 13 सितंबर को होगी सुनवाई

पटना : दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में लैंड फॉर जॉब मामले में लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव को लेकर सुनवाई टाल दी गई है। अब अगले हफ्ते 13 सितंबर को सुनवाई हो सकती है। ईडी ने 6 अगस्त को लैंड फॉर जॉब मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और अन्य आरोपियों के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर किया था।इसमें लल्लन चौधरी, हजारी राय, धर्मेंद्र कुमार, अखिलेश्वर सिंह, रविंदर कुमार, स्व. लाल बाबू राय, सोनमतिया देवी, स्व. किशुन देव राय और संजय राय शामिल हैं। लल्लन चौधरी की पत्नी ने पति की मृत्यु से जुड़ा पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी कोर्ट में प्रस्तुत कर दिया है। कोर्ट ने मृत्यु प्रमाण पत्र दाखिल करने का आदेश दिया था।इस केस में 13 अगस्त को जांच एजेंसी की तरफ से 96 नए डॉक्यूमेंट भी पेश किए गए थे। स्पेशल जज विशाल गोगने ने चार्जशीट और डॉक्यूमेंट के वेरिफिकेशन के लिए मामले को 24 अगस्त को लिस्ट किया था। इस मामले में बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी, बेटी मीसा भारती और बेटी हेमा सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ ईडी पहले ही आरोप पत्र दाखिल कर चुकी है।

ईडी ने एमटेक ऑटो ग्रुप और अन्य की 5,115 करोड़ की संपत्ति की जब्त

नई दिल्ली : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एमटेक ऑटो लिमिटेड और अन्य के खिलाफ कथित रूप से 27,000 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 5,115.31 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से जब्ता की हैं। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के तहत ये कार्रवाई की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने शनिवार को एक बयान में बताया कि ईडी ने गुरुग्राम स्थित प्रमोटर एमटेक ग्रुप और अन्य के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 प्रावधानों के तहत 05 अगस्तल, 2024 को 5,115.31 करोड़ रुपये मूल्य की चल और अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से जब्त की।

आईपीएस अधिकारी नैयर हसनैन खान बने एसएसबी के आईजी

पटना : बिहार से एक और आईपीएस अधिकारी दिल्ली केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं। बिहार सरकार के एनओसी के बाद केंद्र सरकार ने उन्हें जिम्मेदारी भी सौंप दी है। आईपीएस अधिकारी नैयर हसनैन खान को एसएसबी में भेजा गया है। एसएसबी के आईजी बनाए गए हैं।गृह मंत्रालय ने पत्र जारी किया है। मंत्रालय ने बिहार सरकार के चीफ सेक्रेटरी को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि आईपीएस अधिकारी नैयर हसनैन खान सशस्त्र सीमा बल के लेवल 14 पे मैट्रिक्स पर ज्वाइन करेंगे।प्रतिनियुक्ति के आधार पर यह पद दिया गया है। वह अगले 5 साल तक या फिर अगले आदेश तक डेपुटेशन पर रहेंगे। गृह मंत्रालय ने मुख्य सचिव से कहा है कि नैयर हसनैन खान को जल्द बिहार से रिलीव कर दें, जिससे वह नए असाइनमेंट पर जा सकें। आईपीएस नैयर हसनैन खान 1996 बैच के अफसर हैं। बिहार सरकार में वह आर्थिक अपराध इकाई के साथ साथ स्पेशल विजलेंस यूनिट के एडीजी हैं।

ब्रीफ न्यूज

गांवों में कैम्प लगाकर जमीनी समस्या निपटाने की मांग

बिक्रम (रासासं): प्रखंड के गोरखरी गांव में सर्वे की टीम द्वारा आम सभा आयोजित की गई। ग्रामीणों ने सर्वे टीम को अपनी जमीन से जुड़ी समस्याओं को लेकर लिखित रूप में दे कर लौटा दिया। किसानों ने सामूहिक रूप से लिखित आवेदन दिया जिसमें बताया है कि यहां के हर किसान कोई कोई जमीन संबंधी समस्या से जूझ रहे हैं। किसानों को परिमार्जन, दाखिल खारिज सहित जमीन संबंधी अन्य समस्याएं हैं। उन्होने मांग की है कि गांव में कैंप लगाकर अंचलाधिकारी, कर्मचारी दाखिल खारिज, परिमार्जन सहित अन्य समस्या का निराकरण करें। उसके बाद जमीन सर्वे का कार्य शुरू किया जाए।

बिजली के सम्पर्क में आने से बालक जख्मी

बिक्रम (रासासं): प्रखंड स्थित मंझौली में एक बिजली के संपर्क में आने से एक बालक बुरी तरह जख्मी हो गया। यह घटना उस वक्त घाटी जिस समय महुआ के पत्ता तोड़ने पेड़ पर चढ़ा। पेड़ के डाल के नजदीक से गुजर रहे 11 हजार के तार के करंट से घायल हो गया। जख्मी की पहचान मंझौली निवासी अजय साव के 12 बर्षीय पुत्र नीतीश कुमार के रूप में किया गया। ये घटना स्थानीय ग्रामीणों को पता चला तो लोग आनन फानन में स्थिति को देखते हुए नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद बिक्रम लाया गया। जहाँ से प्राथमिक इलाज कर पटना रेफर कर दिया गया।

पंजाब के विभिन्न प्रकार के व्यजनों की होगी प्रदर्शनी

पटना (रासासं): लेमन ट्री प्रीमियर मे पंजाबी फूड फेस्टिवल मनाया जा रहा है, जो 8 सितंबर से 15 सितंबर तक मनाया जा रहा है। पंजाब के विभिन्न प्रकार के व्यजनों की प्रदर्शनी होगी। जिसके तहत, छोले कुलचे, सरसो का साग, अमृतसरी फिश, चिकेन बटर मसाला, सब्ज बिरयानी, पाया सोरबा, पटियाला मुर्ग, ढाबा सब्ज कीम, कुक्कड का कुकू, पेशावरी मुर्गा टीका, दाल लंगर वाला, राजमा चावल, पंजाबी कड़ी चावल, छोले चावल सहित अनेक व्यंजनों का लुफ्त उठा सकते है। पंजाब के जानेमाने शेफ के द्वारा आपको ये सारी डिशेज आपके प्लेट तक पहुंचाई जायेगी।

समूह गान प्रतियोगिता का किया आयोजन

पटना (रासासं): भारत विकास परिषद, सत्यम शाखा एवं मैत्री शाखा द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन प्रेमचंद रंगशाला में किया गया।इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर होता है इसमें पटना के 14 चयनित विद्यालयों से लगभग 150 छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में देश प्रेम की भावना को जगाना एवं अपने संस्कृति के प्रति जागरूकता को बढ़ाना है। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार विधानसभा अध्यक्ष नन्द किशोर यादव, पद्मश्री डॉ जितेंद्र कुमार सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सुमन सिंह,प्रांतीय सचिव (संस्कार) अभिषेक कुमार एवं अध्यक्ष उमेश कुमार विद्यार्थी ने किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं सभी अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष उमेश कुमार विद्यार्थी ने किया।सुमन सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता देश भर में बच्चों और युवाओं को एक मंच पर आने का अवसर प्रदान करती है, जहां वे अपने देश प्रेम एवम प्रतिभा का प्रदर्शन करते है । प्रांतीय सचिव (संस्कार) अभिषेक कुमार ने प्रतियोगिता के नियमों के बारे में बताया और कहा संगठन का मुख्य उद्देश्य समाज में सेवा और संस्कार की भावना को जगाना है। पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने प्रतियोगिता के महत्त्व को बताते हुए कहा यह प्रतियोगिता देशभक्ति और सामाजिक सेवा की भावना को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

राजधानी में सज गया लालबाग के राजा का दरबार

पटना (रासासं): राजधानी पटना में गणेश चतुर्थी के दिन एक बार फिर से पूरे विधि विधान से पूजा आरती के बाद लालबाग के राजा का दरबार सज गया। यह दरबार पटना के दारोगा प्रसाद पथ स्थित महाराष्ट्र मंडल भवन में धूमधाम से श्री गणेश जी के प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के साथ प्रारंभ हुआ। इस बार श्री गणेश जी की प्रतिमा लालबाग के राजा की प्रतिकृति है।इस बार हीरा जडीत मुकुट अकर्षन का केंद्र बना रहा।और यह महाराष्ट्र से निर्मित होकर है। पूजा के संबंध में महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष जयचंद पंवार व सचिव संजय भोसले ने बताया कि आज सुबह 09.30 बजे श्री गणेशजी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। महाराष्ट्र के सांगली से विशेष तौर पर श्री गणेश जी की पूजा करने के लिए पंडित प्रशांत जहागीरदार आए हैं। उनके साथ पूजा में सहयोग के लिए कुछ अन्य सहयोगी भी आए हैं।इस वर्ष लालबाग के राजा की प्रतिमा विशेष तौर पर 6 फीट की मंगाई गई है। आज के पूजा में संस्था के अध्यक्ष जयचंद पंवार, सचिव संजय भोंसले, विजय पाटील, विठ्ठल घोडके, शुभदा कुलकर्णी इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

पुलिस ने युवक का शव बरामद किया

पटना (रासासं): पटना के मसौढ़ी पुलिस ने शनिवार को गंगाचक गांव के एक अर्ध निर्मित मकान से एक 22 वर्ष के युवक का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान गंगा चक के उमेश प्रसाद के पुत्र राजेश कुमार के रूप में हुई है। घटना की पुष्टि करते हुए मसौढ़ी के पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी नव वैभव ने बताया कि घटनास्थल पर एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉयड के माध्यम से छानबीन शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि परिजनों के लिखित आवेदन के बाद मसौढ़ी थाने में यूडी केस दर्ज की गई है। मृतक राजेश कुमार के पिता उमेश प्रसाद ने बताया कि पिछले दो दिनों से राजेश कुमार अपने घर नहीं आया था। परिवार के लोग उस आसपास खोज रहे थे। इस बीच शनिवार को सूचना मिली कि उनके बेटे का शव गांव के ही एक अर्ध निर्मित मकान में पड़ा है। उमेश प्रसाद ने बताया कि कुछ दिन पूर्व राजेश को नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया था। इसके बाद वहां से वापस आने के बाद फिर से वह नशे का आदी हो गया था। परिवार वाले लोगों का यह मानना है कि अधिक नशे के सेवन से उसकी मौत हो सकती है। पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है। मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

गैंगरेप के दो आरोपी को 20-20 साल की सजा

पटना (रासासं): नाबालिग छात्रा से गैंगरेप मामले में पॉक्सो कोर्ट के स्पेशल जज ने गैंगरेप के दो आरोपी को बीस-बीस साल की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार का जुमार्ना भी वसूलने का आदेश दिया है। जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने पर एक वर्ष अतिरिक्त सजा भी बढ़ाने का आदेश दिया है। पीड़िता को पांच-पांच लाख की राशि मुहैया कराने का भी निर्देश दिया गया है। वहीं, पॉक्सो एक्ट के सरकारी वकील सुरेश चंद्र प्रसाद ने बताया कि नाबालिग से गैंगरेप मामले में जुलाई 2021 से कोर्ट में मामला चल रहा था। इसमें तीन वर्ष बाद पोक्सो एक्ट के स्पेशल जज कमलेश चंद्र मिश्र ने दुष्कर्म मामले में दोनों के खिलाफ सजा सुनाया है। इसमें परवेज आलम उर्फ गोलू,और रमजान अली को बीस वर्ष की कैद मिली है। हालांकि, आरोपी तीन वर्ष से जेल में बंद हैं। उसके आधार पर 17 वर्ष और सजा भुगतना पड़ेगा।

दानापुर बस स्टैंड के पास दो शव मिलने से फैली सनसनी

मृतकों में थाना का पूर्व चालक भी शामिल

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

पटना: दानापुर बस स्टैंड के पास से अलग-अलग जगहों से दो शव मिलने से सनसनी फैली है। दानापुर थाना क्षेत्र के बस पड़ाव के पास से दोनों शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। शनिवार को अहले सुबह दानापुर बस पड़ाव के पास पशु अस्पताल के समीप नाले में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी।

मृतक की पहचान लाल कोठी निवासी स्व रामचंद्र रजक के 45 वर्षीय पुत्र राजू रजक के रूप में की गयी है। वहीं अस्पताल मोड़ स्थित एक डाक्टर के आवास के पास से संदिग्ध अवस्था में एक शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान पालीगंज के मूरीका निवासी स्व पारस सिंह के 50 वर्षीय पुत्र शिवदत्त सिंह के रूप में हुई जो होमगार्ड जवान थे।

शौच के लिए गए व्यक्ति की नाले में गिरकर मौत: मृतक राजू रजक के भाई मुन्ना रजक ने बताया कि उसका भाई शनिवार को अहले सुबह शौच करने पशु अस्पताल के पास नाला पार करने गया था और नाला में गिरने से उसकी मौत हो गई है। परिजनों ने बताया कि स्थानीय लोगों ने देखा कि नाला में कोई गिरा हुआ है तो शव बाहर निकाला गया।

सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया।मृतक प्लास्टिक कूड़ा चुनने का काम करता था. सूचना पाकर मृतक के भाई और परिजन मौके पर पहुंचे।

ठेला पर होमगार्ड जवान का मिला शव: वहीं डाक्टर आवास के पास ठेला पर होमगार्ड जवान शिवदत्त सिंह का शव पाया गया जिसे देखकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।वहीं शव मिलने की सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे। मृतक शिवदत्त के परिजनों ने बताया कि शिवदत्त सिंह होमगार्ड जवान था,जो पूर्व में दानापुर थाना की गाड़ी चलाता था।कुछ महीनो से वह कहीं भी ड्यूटी नहीं कर रहा था उसे नशे की लत लग गयी थी। वह अपने घर भी बहुत काम जाता था और यहीं पर रहता था।

मृतक के परिजन विकास कुमार ने बताया कि घर वालों को ड्यूटी करने की बात कहकर उसके मामा यहां रह रहे थे। उन्हे नशे की लत थी कहा कि हमलोगो से झूठ बोलकर यहां रह रहे थे. लोगों की मानें तो मृतक फुटपाथ पर ही जहां-तहां सोकर दिन बिताते थे। शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

दानापुर थाना की गाड़ी चला चुका है जवान: दो शव मिलने की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची दोनो शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि बस पड़ाव के करीब अलग-अलग जगहों से दो शव मिले है,दोनों शव की पहचान हो गई है।

मृतक शिवदत्त सिंह पूर्व में दानापुर थाना का गाड़ी चलाता था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

बिहार पुलिस ने कुख्यात वांछित अंतर्राज्यीय अपराधी रंजीत चौधरी को किया गिरफ्तार

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

पटना: बिहार स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की विशेष टीम एवं उत्तराखंड पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में ऋषिकेश से रंजीत चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मुख्यालय पटना ने प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। बिहार एसटीएफ की विशेष टीम एवं उत्तराखंड पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दो लाख का इनामी कुख्यात वांछित अपराधकर्मी एवं रंगदार तथा बालू माफिया रंजीत चौधरी, बेलाउर थाना उदवंतनगर जिला भोजपुर को उत्तराखंड राज्य के ऋषिकेश से गिरफ्तार किया गया।

रंजीत चौधरी पर भोजपुर, पटना एवं झारखंड राज्य के पूर्वी सिंहभूम जिला के विभिन्न थानों में हत्या, लूट, रंगदारी, आर्म्स एक्ट एवं पुलिस पर हमला के करीब 27 गंभीर कांड दर्ज है। इसके विरूद्ध बिहार पुलिस मुख्यालय द्वारा दो लाख रुपए का इनाम घोषित था। पटना एवं भोजपुर जिला के बालू ठेकेदारों से रंगदारी वसूलने एवं भय का माहौल पैदा करने के लिए उक्त अपराधकर्मी के द्वारा अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर दिनांक 06.11.2023 को पटना जिला के रानीतालाब थाना क्षेत्र के निसरपुरा गांव के रहने वाले बालू ठेकेदार देवराज की हत्या करने में शामिल रहा है।

इस संबंध में रानीतालाब (पटना) थाना कांड संख्या 382/23 दिनांक 06.11.2023 धारा 302/34/120बी एवं 27 आर्म्स एक्ट अंकित है। अपराधकर्मी रंजीत चौधरी द्वारा अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर दिनांक 21.10.2023 को भोजपुर जिला में बालू घाट पर वर्चस्व को लेकर बक्सर जिला के औद्योगिक थानान्तर्गत अर्जुनपुर गांव के रहने वाले राकेश कुमार नामक युवक की गोली मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया था।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 29.2.2024 को उक्त अपराधकर्मी के द्वारा अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर आरा कोर्ट के गेट पर कांड के गवाह गोपाल चौधरी सा. बेलाउर थाना उदवंतनगर की गोली मार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया था। इस संबंध में नवादा थाना कांड संख्या 162/24 दिनांक 29.2.24 धारा 341/342/307/120बी/34 एवं 27 आर्म्स एक्ट अंकित है। उक्त अपराधकर्मी से पूछताछ जारी है।

रामकृपाल यादव ने आधुनिक संरचना से बना खादिम का किया उद्घाटन

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

पटना: नाला रोड खादिम अब नए रूप नए अंदाज में अपने ग्राहकों के सेवा को तत्पर है जिसका उद्घाटन पटना मेयर सीता साहू, डिप्टी मेयर रश्मि चंद्रवंशी, पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव, खादिम इंडिया के एजीएम कौशिक दत्ता, सीनियर मैनेजर कृष्णनेंदु चटर्जी एवं फ्रेंचाइजी पार्टनर सरोज कुमार, शिशिर कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के मौके पर कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि वैसे तो नाला रोड खादिम वर्षों से अपने ग्राहकों की सेवा दे रहा है लेकिन अब यह शोरूम आधुनिक संरचना के साथ बनाया गया है जिसमें नई पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए पुरुष महिला एवं बच्चों के लिए हर प्रकार के जूते चप्पल उत्तम क्वालिटी और उचित दाम के साथ उपलब्ध है।

फ्रेंचाइजी ऑनर सरोज कुमार ने बताया कि यह शोरूम में फुटवियर के अलावा स्कूल बैग, लेडीज बैग, पर्स, बेल्ट, मोजा एवं शु ब्रश, शू पॉलिश का विशाल संग्रह उपलब्ध है।

एआईईईएसई ने की उम्मीदवारों के लिए परीक्षा तिथि घोषित

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

पटना: एआईईईएसई ने इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट उम्मीदवार 2025 के लिए परीक्षा की तिथि की घोषणा की है। उक्त परीक्षा अगले साल अप्रैल में देश भर के केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

उम्मीदवार उक्त परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह परीक्षा मान्यता प्राप्त कॉलेजों में प्रवेश के अवसर प्रदान करने के साथ कोर्स फीस तक की छात्रवृत्ति देती है। उक्त जानकारी एआईईईएसई के जेनरल मैनेजर इम्तियाज अंजुम ने पत्रकारों को दी। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग व जेईई उम्मीदवारों के लिए

एआईईईएसई प्राइमरी परीक्षा पूरी कोर्स फीस तक की छात्रवृत्ति देती है। वहीं एआईईईएसई सेकेंडरी परीक्षा उन छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करती है जो आईआईटी, एनआईटी या ट्रीपल आईटी में सीटें सुरक्षित करते हैं। इसी तरह एआईईईएसई प्राइमरी परीक्षा सरकारी मान्यता प्राप्त स्वास्थ्य विज्ञान कॉलेजों में प्रवेश के अवसर प्रदान करती है। एआईईईएसई सेकेंडरी परीक्षा बीडीएस, एमबीबीएस, बीएचएमएस, बीएएमस में सीटें सुरक्षित करने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करती है।

एमसैट प्राइमरी परीक्षा सरकारी मान्यता प्राप्त मैनेजमेंट कॉलेजों में प्रवेश के अवसर प्रदान करती है और एम-सैट सेकेंडरी परीक्षा आईआईएम में सीटें सुरक्षित करने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करती है।

ओलंपियाड स्कॉलरशिप टेस्ट 15 सितंबर से

प्रासंगिक ओलंपियाड वर्तमान कक्षा 5 से 12वी में छात्र जूनियर साइंस ओलंपियाड, गणितीय ओलंपियाड और भौतिकी, रसायन विज्ञान और खगोल विज्ञान में शामिल हो सकते है। ओलंपियाड के लिए फिटजी की ऑल इंडिया टेस्ट सीरीज में अपनी तैयारी और क्षमता का 360 डिग्री विश्लेषण प्राप्त करें और इस बारे में दिशानिर्देश प्राप्त करें कि आप कैसे तैयारी कर सकते हैं। आप अपनी वर्तमान तैयारी के स्तर की जाँच करने के लिए इस परीक्षणों का उपयोग कर सकते है।फिटजी ऑल इंडिया टेस्ट सीरीज फॉर ओलंपियाड बिल्कुल संबंधित ओलंपियाड परीक्षा के पैटर्न पर आयोजित की जाती है, वह भी ऑनलाइन, जिससे आपको समय सीमा के अंदर इसे हल करने की सुविधा मिलती है। ओलंपियाड टेस्ट 15,22,23,27 एवं 28 सितंबर तथा 04,05 एवं 06 अक्टूबर 2024 को प्रॉक्टर्ड ऑनलाइन मोड में आयोजित किया जाएगा।

जाली नोट के तस्करो ने किये चौकाने वाले खुलासे, जांच में जुटी सुरक्षा एजेंसी

जाली नोट जम्मुकश्मीर तक पहुंचा

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

पटना: पूर्वी चंपारण जिले के बंजरिया थाना क्षेत्र में करीब दो लाख भारतीय जाली नोट के साथ पकड़े गये तीन तस्करों ने पुलिस के सामने चौकाने वाले खुलासा किया है।

तीनों ने बताया है कि इससे पहले जाली नोट की तीन बड़ी खेप जम्मू कश्मीर तक पहुंचा चुके हैं। ये लोग चौथी बार नेपाल से जाली नोट की खेप लेकर मोतिहारी के रास्ते दिल्ली जा रहे थे। वहां से जम्मू कश्मीर पहुंच जाली नोट की डिलीवरी देना था। एसपी कांतिश कुमार मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार जाली नोट के तस्करों में भागलपुर इशाकचक का रहने वाला मो. नजरे शमसाद, भोजपुर सहार का रहने वाला मो वारिस व पटना सिगोरी का मो. जाकीर हुसैन शामिल है। तीनों के पास से पांच सौ की शक्ल में 390 पीस भारतीय जाली नोट, चोरी की एक बाइक व काला रंग का पिट्ठू बैग मिला है।

एसपी ने बताया कि तीनो तस्करो की गिरफ्तार खुफिया इनपुट के बाद जाल बिछाकर किया गया। इनकी गिरफ्तारी के लिए रक्सौल रामगढवा सुगौली व बंजरिया तक सादे लिबास में पुलिस अधिकारियो को लगाया गया था। इस दौरान बंजरिया के खड़वा पुल के पास एक बाइक पर सवार तीन संदिग्ध युवकों को रोका गया। उनके पास एक पिट्ठू बैग की तलाशी ली गयी तो पांच-पांच सौ के 390 पीस नोट बरामद हुआ। बरामद नोट की जांच-पड़ताल की गयी तो वह नकली था।तीनों तस्करों के विरुद्ध बंजरिया थाने में प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापेमारी में सदर एएसपी शिखर चौधरी, बंजरिया थानाध्यक्ष इंद्रजीत पासवान, दारोगा कामेश्वर सिंह, संजय कुमार यादव, त्रिभुवन कुमार, किशन कुमार पासवान, जमादार भानू प्रताप दूबे, परमानंद ठाकुर, जिलाआसूचना इकाई के दारोगा अम्बेश कुमार, सिपाही लव कुमार, शिव शंकर, अविनाश कुमार सहित अन्य शामिल थे। एसपी ने बताया कि तस्करो ने बताया कि ये लोग जम्मू कश्मीर के सरफराज नामक व्यक्ति को नोट की डिलीवरी देने वाले थे। सरफराज का पाकिस्तान से कनेक्शन है। इंडो-पाक सीमा पर चौकसी के बाद यह जाली नोट पाकिस्तान से नेपाल के रास्ते मंगवाता है,फिर नेपाल की खुली सीमा का लाभ लेकर आसानी से जाली नोट भारत के अन्य राज्यो में फैलाता है।

तीनो तस्करों ने बताया है कि अब तक दस लाख से ज्यादा भारतीय जाली नोट जम्मु कश्मीर तक पहुंचा चुके है। तस्करो ने बताया कि नेपाल में रहने वाले दो शख्स के पास पाकिस्तान से जाली नोट पहुंचता है। हर बार की तरह इस बार भी नेपाल में उन्हीं दोनों ने जाली नोट दिया थ। उल्लेखनीय है,कि तीनों तस्करों के पास से बरामद जाली नोट उच्च क्वालिटी के है।जिसे आसानी से पकड़ पाना मुश्किल है।एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि एनआईए,आइबी व आर्मी इंटेलिजेंस की टीम ने इन तस्करो से पूछताछ की है,जिससे मिले इनपुट के बाद कश्मीर में बैठे सरफराज समेत जाली नोट के सिंडिकेट के विरूद्ध कारवाई करेगी।

आईवीएफ ट्रीटमेंट भी होना चाहिए इंश्योरेंस में शामिल : डॉ दयानिधि

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

पटना: निः संतानता के उपचार के प्रतिबद्ध इन्दिरा आईवीएफ पटना हॉस्पिटल के दस वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर 8 दिवसीय महाउत्सव का आयेजन किया जा रहा है। विभिन्न सामाजिक सरोकार व जनचेतना कार्यक्रम किये जा रहे हैं इसी कड़ी में शनिवार को आईवीएफ को इश्योरेंस में शामिल करने पर चर्चा की गयी। समारोह में पदमश्री शांति रॉय, आईवीएफ स्पेशलिस्ट डॉ. हिमांशु रॉय, डॉ. सारिका रॉय और डॉ दिवाकर तेजस्वी ने अतिथि के रूप में शिरकत की और चर्चा में भाग लिया और एक मत होकर कहा कि आईवीएफ इंश्योरेंस में शामिल किया जाना चाहिए ताकि आम दम्पती भी इस उपचार का लाभ ले सके।डॉ. शांति रॉय ने इन्दिरा आईवीएफ को बधाई दी और कहा कि 10 वर्षों तक उच्च सफलता दर बनाए रखना आसान नहीं होता है। इन्दिरा आईवीएफ ग्रुप ने सभी हॉस्पिटल्स में समान उपचार प्रोटोकॉल फोलो किया है इस कारण हर हॉस्पिटल में विश्वस्तरीय उपचार मिल पाता है। डॉ. हिमांशु रॉय ने कहा कि इश्योरेंस में कई तरह की बीमारियां कवर होती हैं लेकिन अभी तक आईवीएफ को शामिल नहीं किया गया है। अगर आईवीएफ को भी इसमें शामिल कर लिया जाए तो उपचार को अपनाने वाले दम्पतियों की संख्या काफी बढ़ेगी। डॉ. सारिका रॉय ने कहा कि निःसंतानता का दर्द झेल रहे दम्पतियों के लिए आईवीएफ का खर्च वहन करना आसान नहीं होता है। डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने कहा कि इन्दिरा आईवीएफ ने रियायती दरों में देश के दूरदराज के क्षेत्रां में निःसंतानता उपचार पहुंचा कर दम्पतियों के लिए लम्बी यात्रा की समस्या को समाप्त कर दिया है। इन्दिरा आईवीएफ पटना व बिहार हेड डॉ. दयानिधि ने बताया कि इन्दिरा आईवीएफ ने अपनी स्थापना के साथ ही दम्पतियों को कम दामों में श्रेष्ठ फर्टिलिटी उपचार उपलब्ध करवाने का लक्ष्य रखा और इस दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है।

संयुक्त किसान मोर्चा ने चौसा थर्मल पावर को लेकर आंदोलने करने का लिया फैसला

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

चौसा/पटना: चौसा थर्मल पावर से प्रभावित दो दर्जन से अधिक गांवों के किसानों की बैठक में पुनः आंदोलन को तेज करने का फैसला लिया गया। बैठक में यह घोषणा की गई कि जब तक किसानों की सारी मांगे मान नहीं ली जाती और किसानों के उत्पीड़न में शामिल अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी की कार्रवाई नहीं हो जाती तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। बैठक की अध्यक्षता बनारपुर की जुझारू और वृद्ध महिला तेतरी देवी ने किया।

पंचायत भवन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के बिहार प्रभारी दिनेश कुमार ने कहा कि बक्सर का किसान आंदोलन अब यह राष्ट्रीय आंदोलन का रूप धारण कर चुका है और अब इसे सत्ता के अधिकारों और दमन की ताकतों से कुचला नहीं जा सकता। बक्सर के किसानों के घरों को तोड़फोड़ और लूट-पाट करते हुए पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी सीसीटीवी और अन्य कैमरों में कैद है।

उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। फिलहाल राज्य सरकार द्वारा एफआईआर दर्ज कराने में टालमटोल किया जा रहा है। इस मामले में पटना उच्च न्यायालय में शीघ्र ही रिट दाखिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा एक गैर राजनीतिक जनांदोलन है और यह किसानों के सवाल को लेकर मजबूती से लड़ रही है।

बिहार राज्य किसान सभा के महासचिव अशोक प्रसाद सिंह ने कहा कि बक्सर के किसानों को न्याय दिलाने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा शीघ्र ही आंदोलन तेज करने की योजना को मूर्त रूप देने जा रही है। बक्सर के भ्रष्ट अफसर, चोर नेता और बर्बर पुलिस की सांठगांठ के चलते किसानों के साथ जिस तरह की दमनात्मक कार्रवाई हुई, उसी का परिणाम है कि पूरे शाहाबाद और मगध रीजन में भाजपा और जदयू का खाता नहीं खुला। यही भ्रष्ट अफसर कुछ दिन और रह गए तो विधानसभा में भी सुपरा साफ होना तय है।

श्री सिंह ने कहा किसान आंदोलन को सिर्फ किसानों से मतलब है और यह लड़ाई हर हाल में किसानों, मजदूरों,युवाओं एवं महिलाओं के सहयोग से लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि जमीन के मुद्दे और चौसा के आंदोलन के साथ अन्य किसानों के मुद्दे चाहे वह 60 साल की उम्र से किसानों को 10000 पेंशन की मांग का सवाल हो, चाहे वह किसानों को कर्ज मुक्त करो की मांग हो, एम एस पी की कानूनी गारंटी हो, बिहार में फसल बीमा पुनः चालू करो, आवारा पशुओं पर रोक लगाओ, सोन नहर और कदवन जलाशय का नवीनीकरण हो, प्रति लीटर दूध पर 10 किसानों को सब्सिडी दो,कृषि के लिए मुफ्त बिजली दो जैसे ज्वलंत सवालों को लेकर हम गांव-गांव में किसानों को गोलबंद करेंगे और एक बड़ी लड़ाई छेड़ेंगे।

सभा को किसान नेता विजय नारायण राय,कृष्ण कांत तिवारी,शैलेश राय ने सम्बोधित किया। मंच संचालन करते हुए जेल से जमानत पर लोटे किसान नेता राम प्रवेश यादव ने कहा चाहे तुम मुझे जेल मे बंद करो या सेल में बंद करो, किसान की लड़ाई हम लड़ते रहेंगे। चाहे तुम जितना दमन करो, किसानों के हौसले पस्त नहीं होंगे। जब तक ग्यारह सुत्री हमारी मांगें पुरी नही होगे। हम लड़ेंगे और जीतेंगे। किसान नेता सियाराम यादव, रमेश तिवारी और शिवाजी सिंह ने आंदोलन को तेज करने पर जोड़ दिया।

पूर्व मध्य रेल

ई–ऑक्शन सूचना

सं:–कॉम/एनएफआर/डब्लूआर/डीएनआर

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल द्वारा निम्न कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है:–

1. कार्य का नाम: दानापुर मंडल के अंतर्गत पाटलिपुत्र जं. (प्लेटफार्म संख्या–01) रेलवे स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं, बहुउद्देशीय स्टॉल और पर्यटक कियोस्क जैसी सुविधाओं के साथ एसी प्रतीक्षालय का उन्नयन एवं रखरखाव । **2. अनुबंध की अवधि :** 05 वर्ष . **3. केटलॉग संख्या :** कॉम–एनएफआर–डब्लूआर –डीएनआर, **4. लॉट संख्या :** पीएनयू–डीएनआर–पीपीटीए– डब्लूआरएल–90–24–1, **5. ई–नीलामी की तिथि व समय:** दिनांक 24.09.2024 को 13:00 बजे से 13:30 बजे तक । लॉट संख्या (पीएनयू–डीएनआर–पीपीटीए–डब्लूआरएल–90–24–1) के लिए ई–नीलामी होगी। (प्रारंभिक कुलिंग ऑफ की अवधि 30 मिनट एवं लगातार लॉट का समापन अंतराल 10 मिनट है।) **7. वेबसाईट जहाँ ई–ऑक्शन का पूर्ण विवरण उपलब्ध है:www.ireps.gov.in.**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य),
पूर्व मध्य रेल, दानापुर

पीआर/01083/डीएनआर/सीओएमएल/एन/24–25/32

ब्रीफ न्यूज

नीतीश के वादे पर रोहिणी ने कसा तंज: बोली- तीज के दिन किसी ने फिर से झूठी कसम खाई

पटना (रासासं): मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के सामने मंच पर कहा कि दो बार गलती कर चुका हूं। अब और कहीं नहीं जाऊंगा। नीतीश कुमार के इस संकल्प के बाद लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्या ने सोशल मीडिया पर कमेंट किया है- 'कल तीज के दिन किसी ने फिर से झूठी कसम खाई, अब कहीं नहीं जाएंगे, तेरे नाम का ही सिंदूर लगाएंगे, तेरे साथ ही निभाएंगे... कौन विश्वास करेगा! जो करेगा वो धोखा खाएगा !' रोहिणी की इस तल्ख टिप्पणी पर लोग अलग-अलग तरह से कमेंट कर रहे हैं। अमन कुमार सिंह ने लिखा है- 'चलो आप ही कमस खा लो दीदी कि अब वो अगर आएंगे तो आने नहीं दीजिएगा।' अभिनव कुमार सिंह ने लिखा है- तो आप क्यों इंतजार में हैं कि चचा एक बार फिर से ...?' रोहिणी आचार्य ने सारण से लोकसभा का चुनाव लड़ा था। बीजेपी के राजीव प्रताप रूढ़ी से चुनाव हार गईं। उन्होंने लालू प्रसाद को अपनी किडनी डोनेट की है। इसी किडनी की वजह से लालू प्रसाद की सेहत में काफी सुधार है।

जदयू प्रवक्ता ने किया पलटवार: जेडीयू के प्रदेश प्रवक्ता अरविंद निषाद ने रोहिणी आचार्य की टिप्पणी पर कहा है कि जिस प्रकार की भाषा आरजेडी के नेताओं की रही है। वह ऐसी ही रही है। रोहिणी आचार्य की टिप्पणी अशोभनीय है। अशोभनीय आचरण ही राष्ट्रीय जनता दल की पहचान बन गई है। इन्हीं वजहों से आरजेडी लगातार सत्ता से दूर है।

बिहार में चल रहा है कहर काल : राजेश राठौड़

पटना (रासासं): बिहार में विकास का दावा करने वाले डबल इंजन की सरकार असल में विनाश के राह पर बिहार को ले जा रही है। ये भाजपा जदयू की लहर नहीं बल्कि बिहार के लिए कहर काल चल रहा है जहां कानून व्यवस्था से लेकर प्रशासनिक व्यवस्था पंगु हो चुकी है। ये बातें बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कही। बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि बिहार में न शासन है न प्रशासन है और जिसको इसे व्यवस्थित करना है वो रोज अपने गठबंधन को बचाने की कवायद में सुबह शाम कसमें वादे निभाते हुए सार्वजनिक मंचों पर दिख रहे हैं। ये बताने को काफी है कि बिहार की स्थिति अभी राजनीतिक उथल पुथल के कारण प्रशासनिक स्तर पर भी चरमरा गई है।

रेफर प्रथा बंद होनी चाहिए : मदन सहनी

पटना (रासासं): बिहार के मंत्री ने केंद्रीय मंत्री के सामने ही बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पोल खोलकर रख दी। जबकि कल खढ नड्डा के सामने उट नीतीश ने सरकारी अस्पतालों में बेहतर सुविधाओं का गुणगान किया था। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा दो दिवसीय दौरे पर बिहार में थे। शनिवार को उन्होंने दरभंगा में एम्स निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद डीएमसीएच में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान मौके पर बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, मदन सहनी समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीतीश कैबिनेट के मंत्री मदन सहनी ने खुले मंच से दरभंगा की स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी। बिहार के स्वास्थ्य मंत्री को मदन सहनी ने कहा कि यहां के मरीजों को आपकी स्वास्थ्य व्यवस्था का लाभ नहीं मिल रहा है। यहां के अस्पतालों में मरीजों का इलाज नहीं होता है बल्कि मरीजों को सिर्फ रेफर किया जाता है। मदन सहनी ने कहा कि रेफर प्रथा बंद होनी चाहिए। स्वास्थ्य व्यवस्था का लाभ यहां के मरीजों को मिले इसके लिए नीति बननी चाहिए। मंत्री मदन सहनी ने दरभंगा की स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। जबकि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की बात करते हैं। कहते हैं, लालू राज में सरकारी अस्पतालों की हालत बेहद ही खराब थी। हमने जब काम शुरू किया तब से सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था में काफी बदलाव हुआ है। शुक्रवार 6 सितंबर को पटना के आईजीआईएमएस में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के सामने भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए कामों को गिनाया था।

गणेश चतुर्थी पर राजद ने दी शुभकामनाएं

पटना (रासासं): राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, सांसद डॉ मीसा भारती, पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, राज्यसभा सांसद संजय यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवचन्द्र राम ,प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद सहित राजद के अन्य नेताओं ने देशवासियों और राज्यवासियों को गणेश चतुर्थी के पावन पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। इस पावन अवसर पर बुद्धि, समृद्धि और सौभाग्य के देवता विघ्नहर्ता गणपति भगवान से सभी के सुखी, सफल और आरोग्य जीवन की मंगलकामना और भगवान आपको सम्पूर्ण खुशियां दें, इसके लिए कामना की है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने पीएमसीएच पहुंचकर निर्माण कार्य का लिया जायजा

मल्टीलेबल पार्किंग व छात्रावास, आवास और अन्य निर्माण का किया निरीक्षण

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

पटना: भारत सरकार के केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. जेपी नड्डा ने शनिवार को पटना मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल (पीएमसीएच) के पुनर्विकास निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने पीएमसीएच के परिसर में चल रहे निर्माण कार्य को देखते हुए गुणवत्तापूर्ण व मानक के साथ ससमय पूरा करने का निर्देश दिया है। वहीं डॉ.नड्डा ने 5462 बिस्तरों वाला अस्पताल और अन्य इमारतों जैसे कि स्टाफ/संकाय आवास, छात्रावास, सभागार, मल्टी लेवल कार पार्किंग (एमएलसीपी), चिकित्सा/गैर चिकित्सा सेवाएं, चिकित्सा/गैर चिकित्सा फर्नीचर की आपूर्ति स्थापना परीक्षण और कमीशनिंग (एसआईटीसी), सीएमसी के साथ चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति स्थापना परीक्षण और कमीशनिंग (एसआईटीसी), विद्युत और यांत्रिक (ईएंडएम) सेवाएं, प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस), शिक्षण प्रबंधन प्रणाली (एलएमएस), बाहरी विकास और मौजूदा संरचना संबंधी निर्माण कार्यों का भी मुआयना किए।

ज्ञातव्य हो कि एक ओर 48 एकड़ के कैंपस फैले पीएमसीएच परिसर में पहले से बने भवन में मरीजों को देखने का काम भी चल रहा है और दूसरी तरफ पुराने भवनों को तोड़कर नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य भी तेजी से जारी है। अभी तक पहले फेज का निर्माण कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। वहीं पीएमसीएच में बनने वाले 5 हजार 462 बेड के अस्पताल का निर्माण कार्य वर्ष 2027 तक का पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अलावे राज्य सरकार ने पीएमसीएच आने–जाने वाले लोगों की कनेक्टिविटी आसान और सरल हो। इस पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए पीएमसीएच को जेपी गंगा पथ से जोड़ा गया है ताकि लोग आसानी से पीएमसीएच पहुंच सके। इसके अलावे पीएमसीएच के परिसर में मेट्रो स्टेशन का भी निर्माण किया जा रहा है। जिससे आमजन और मरीज आसानी से पटना मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल पहुंच सकें। वहीं अशोक राजपथ में भी डबल डेकर ट्रैक पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य काफी तेजी से चल रहा है ताकि आमजनों को अस्पताल पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय,स्वास्थ्य विभाग अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पूर्व सांसद श्री रामकृपाल यादव समेत अन्य अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

नड्डा ने दलित बीजेपी कार्यकर्ता के घर पी चाय

पटना (रासासं): बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के बिहार दौरे का आज दूसरा दिन है। शनिवार सुबह नड्डा तख्त श्री हरमंदिर पटना साहिब गुरुद्वारा पहुंचे। जेपी नड्डा ने गुरुद्वारे में माथा टेका और अरदास लगाई।गुरुद्वारे के बाद नड्डा खाजेकला घाट के पास दलित बस्ती पहुंचे। यहां उन्होंने बीजेपी का सदस्यता अभियान चलाया। 10 लोगों को पार्टी की सदस्यता भी दिलवाई। नड्डा ने पटना में दलित कार्यकर्ता के घर चाय भी पी। इसके बाद वे पीएमसीएच पहुंचे, जहां नए भवनों के निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

देश में अभी एनआरसी की सख्त जरूरत: गिरिराज सिंह

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

पटना: केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने एक बार फिर राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे जातीय गणना की बात तो करते हैं, लेकिन एनआरसी की चर्चा क्यों नहीं करते। गिरिराज ने कहा कि देश को इस समय एनआरसी की सख्त जरूरत है, ताकि अवैध घुसपैठियों और बाहरी लोगों की पहचान हो सके। उनके अनुसार, जातीय गणना से भी अधिक महत्वपूर्ण है कि देश में अवैध रूप से रह रहे लोगों की सही पहचान हो और उन्हें बाहर किया जाए।

श्री सिंह ने राहुल गांधी पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता जातीय गणना की बात तो लगातार उठा रहे हैं, लेकिन एनआरसी पर चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि अगर देश को सुरक्षित और मजबूत बनाना है तो एनआरसी लागू करना आवश्यक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एनआरसी के जरिए अवैध रूप से देश में रह रहे लोगों को बाहर निकालना होगा, ताकि देश की सुरक्षा और संसाधनों पर बोझ को कम किया जा सके। श्री सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए उन्हें नसीहत दी है।

एक समाचार चैनल से बातचीत में गिरिराज सिंह ने कहा कि आज पूरे देश में एनआरसी की जरूरत है। उन्होंने कहा किया अगर राज्यों में इस कानून को लागू नहीं किया गया तो कई जिलों में भारतवंशियों की संख्या कम हो जाएगी। गिरिराज सिंह दावा किया कि देश में 2 सौ से अधिक ऐसे जिले हैं जहां एनआरसी कानून लागू नहीं हुआ तो भारतवंशियों की संख्या आश्चर्यजनक रूप से काफी कम हो जाएगी और बांग्लादेशी तथा रोहांगिया की आबादी अवैध तरीके से कब्जा जमा लेंगे। इस मुद्दे पर गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी को भी घेरा है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के मंत्री अनिरुद्ध सिंह के मस्जिद वाले बयान की याद दिलाते हुए कहा कि अब तो राहुल गांधी के मंत्री भी पहचान पत्र की जरूरत महसूस करते हैं। यह भी कहा कि विधानसभा के अंदर राहुल गांधी के मंत्री अवैध घुसपैठ की जांच और सर्टिफिकेट देने की मांग कर रहे हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि आज कई ऐसे लोग हैं जो अवैध रूप से देश में घुसपैठ कर रहे हैं और यहां रहकर देश के संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं। यह न केवल देश की सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि इसका सीधा असर यहां के नागरिकों की सुविधाओं और उनके रोजगार पर भी पड़ता है।

सम्राट चौधरी पर प्रशांत किशोर का हमला, कहा

वे अगर शकुनी चौधरी के बेटे नहीं होते तो नहीं बनते उपमुख्यमंत्री

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

पटना: जन सुराज के संयोजक प्रशांत किशोर ने बिहार की राजनीति में परिवारवाद पर करारा हमला बोलते हुए कई नेताओं को निशाने पर लिया, जिनमें प्रमुख रूप से भाजपा के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी शामिल रहे। प्रशांत किशोर ने कहा कि भाजपा ने जब बिहार में कोई अन्य नेता नहीं पाया तो उन्होंने सम्राट चौधरी को उपमुख्यमंत्री बना दिया, जो परिवारवाद की उपज हैं। उनका इशारा सम्राट चौधरी के पिता शकुनी चौधरी की राजनीतिक पृष्ठभूमि की ओर था। प्रशांत किशोर ने परिवारवाद को लेकर सम्राट चौधरी की ताजपोशी को बिहार की राजनीति में व्याप्त परिवारवाद का एक उदाहरण बताया। प्रशांत किशोर ने कहा कि पिछले 20 वर्षों से बिहार की राजनीति 1200-1250 परिवारों के इर्द-गिर्द घूम रही है। ये वही परिवार हैं जिनसे विधायक, सांसद और मंत्री बनते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन परिवारों ने राज्य में ऐसा भ्रम फैला रखा है कि बिहार में राजनीति करनी है तो जाति और धनबल होना आवश्यक है। प्रशांत किशोर ने जोर देकर कहा कि इन्हीं राजनीतिक परिवारों के लोग अलग-अलग दलों के साथ राजनीति करते हुए अपनी शक्ति बनाए रखते हैं। चाहे वह भाजपा हो, जेडीयू हो या फिर राजद, इन दलों में इन परिवारों की मौजूदगी हमेशा बनी रहती है। सम्राट चौधरी का उदाहरण देते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि उनके पिता शकुनी चौधरी ने हर सत्ता में अपनी जगह बनाए रखी है। कांग्रेस के शासनकाल में वह विधायक और मंत्री थे। इसके बाद लालू प्रसाद यादव के राज में भी उन्होंने अपनी राजनीतिक ताकत बनाए रखी और विधायक एवं मंत्री बने। जब नीतीश कुमार की सरकार सत्ता में आई, तब भी शकुनी चौधरी ने मंत्री पद हासिल कर लिया। अब भाजपा के उभार के बाद, सम्राट चौधरी को उपमुख्यमंत्री बनाकर परिवारवाद को और बढ़ावा दिया गया है। प्रशांत किशोर ने बताया कि यह सिर्फ एक उदाहरण नहीं है, बल्कि बिहार की राजनीति में ऐसे कई परिवार हैं, जो लगातार सत्ता के विभिन्न रूपों में बने रहते हैं। हर विधानसभा क्षेत्र में कुछ गिने-चुने परिवार ही चुनाव लड़ते हैं, हारते और जीतते हैं, लेकिन राजनीति में बने रहते हैं।

बिहार प्रांत के प्रथम संगठन मंत्री रविंद्र केसरी शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

कहानी उन्हीं की लिखी जाएगी, जो अपनी जवानी देश के लिए कुर्बान करेंगे : नित्यानंद

गुरु एवं शिष्य के एक साथ आने से ही राष्ट्र का निर्माण होता है: याज्ञवल्क्य शुक्ल

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

पटना: अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्, बिहार प्रांत के प्रथम संगठन मंत्री रविंद्र केसरी शिक्षक सम्मान समारोह में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कहानी उन्हीं की लिखी जाएगी, जो अपनी जवानी देश के लिए कुर्बान करेंगे। उन्होंने कहा कि छात्र शक्ति से ही राष्ट्र शक्ति संभव है, तभी जाकर भारत विकसित एवं विश्वगुरु बनेगा।केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने शनिवार को यहां कहा कि आज के भारत में क्रांति लाल सलाम से नहीं, बल्कि छात्रों के अंदर वैज्ञानिक ललक से उत्पन्न होगी। उन्होंने स्वामी विवेकानंद को याद करते हुए कहा कि राष्ट्र चेतना के प्रजवल्लन में विवेकानंद का अहम योगदान रहा है। स्वामी विवेकानंद के बचपन का नाम नरेन्द्र था और आज के भारत में भी नरेन्द्र नाम का प्रधानमंत्री भारत एवं भारतीयता का बीजारोपण कर रहा है। समाज में शिक्षकों के योगदान को उन्होंने नमन किया।

नित्यानंद राय ने कहा कि शिक्षकों का दायित्व है कि वो ज्यादा से ज्यादा छात्रों में गुणवत्ता की बीज बोएं और छात्रों का दायित्व है कि वे अधिक से अधिक अपने शिक्षकों से ग्रहण करें।अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि रविंद्र केसरी के अंदर बाल्यकाल से ही देश सेवा की भावना कूट-कूट कर भरी हुई थी। वे कर्मठ एवं कुशल प्रशासक थे। जब बिहार प्रदेश में उन दिनों अभाविप के गिने-चुने कार्यकर्ता हुआ करते थे, उस विषम परिस्थितियों में भी कठिन परिश्रम और लगन से संगठन को खड़ा करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनका संपूर्ण जीवन बिहार एवं संगठन के लिए समर्पित रहा है।शुक्ल ने राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों के योगदान का ऐतिहासिक वर्णन किया।

उन्होंने कहा कि शिक्षक का योगदान साम्राज्य स्थापना से लेकर रामराज्य की संकल्पना एवं सिकंदर की शक्ति को पराजित करने तक रही है। गुरु एवं शिष्य के एक साथ आने से ही राष्ट्र का निर्माण होता है। गुरु एवं शिष्य का मार्ग एकात्म का मार्ग है। उन्होंने कहा कि बिहार ज्ञान की धरती रही है। हमारे गुरुओं ने इसे अपने तप, त्याग एवं दीक्षा से सींचा है। हमें इस आधारशिला पर निर्माण करने की आवश्यकता है तथा हमें अपनी बिहारी पहचान पर गौरव करने की आवश्यकता है। विद्यार्थी विकास परिषद, पटना महानगर के तत्वावधान में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्, बिहार प्रांत के प्रथम संगठन मंत्री रविंद्र केसरी शिक्षक सम्मान समारोह एएन कॉलेज, पटना के सत्येंद्र नारायण सिन्हा सभागार में शनिवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों ने केसरी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता ने सभी प्राध्यापकों को सम्मानित किया।उल्लेखनीय है कि प्रोफेसर (स्वर्गीय) रविंद्र केसरी का जन्म मुंगेर जिला में हुआ था। उनकी शिक्षा (एम.एस.सी) पीएचडी बॉटनी से हुई थी। वर्ष 1959 में पटना साइंस कॉलेज के प्रोफेसर बने। सन 1972 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बिहार प्रदेश के प्रथम संगठन मंत्री बने।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बंगले पर होगा 'सम्राट' का राज

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

पटना: बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बंगले पर अब सम्राट चौधरी का राज होगा। दरअसल, जल्द ही बिहार के उपमुख्यमंत्री के लिए नामित सरकारी बंगला खाली होगा। फिलहाल इसमें तेजस्वी यादव रह रहे हैं। तेजस्वी जल्द ही इस बंगला को छोड़ कर अपने नए आवास में शिफ्ट हो जाएंगे। और उपमुख्यमंत्री के लिए नामित बंगले में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी रहेंगे। तेजस्वी यादव के उपमुख्यमंत्री रहते हुए पांच देशरत्न मार्ग स्थित बंगला आवंटित हुआ था। जो अब मौजूदा डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को आवंटित किया जा चुका है। ऐसे में अब जल्द तेजस्वी इस आवास को खाली करेंगे और सम्राट चौधरी इसमें शिफ्ट करेंगे। भवन निर्माण विभाग के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सम्राट चौधरी विजयादशमी यानी दशहरे के मौके पर इस घर में प्रवेश करेंगे। इसके पहले तेजस्वी यादव को ये बंगला खाली करना होगा। तेजस्वी यादव का पता अब पटना के पोलो रोड पर स्थित है। यह आवास उन्हें पहले ही भवन निर्माण विभाग द्वारा आवंटित किया जा चुका है।दरअसल, विभागीय सूत्रों के अनुसार पटना में पांच, देशरत्न मार्ग का सरकारी आवासीय परिसर आधिकारिक रूप से उप मुख्यमंत्री के नाम पर निर्धारित है। यानी कि राज्य का डिप्टी सीएम जो होगा, उसे यह बंगला मिलेगा। तेजस्वी के डिप्टी सीएम पद से हटने के बाद उन्हें यह बंगला खाली करना पड़ रहा है। तेजस्वी अब भवन निर्माण विभाग द्वारा पोलो रोड पर पूर्व में आवंटित सरकारी आवास में रहेंगे। वहीं, मौजूदा सरकार में दो डिप्टी सीएम हैं, ऐसी स्थिति में पहले स्थान पर मौजूद उपमुख्यमंत्री को देशरत्न मार्ग वाले बंगले का आवंटन किया गया है।

भूमि सर्वेक्षण के काम में किसी प्रकार से घबराना नहीं है : डॉ. दिलीप जायसवाल

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

पटना: राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने शनिवार को रैयातों से बातचीत में कहा कि भूमि सर्वेक्षण के काम में आमलोगों को न तो चिंतित होना है ना ही किसी भी प्रकार से घबराना है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग रैयतों की समस्याओं से अवगत है और उनके समाधान के लिए पूरी तरह सजग और तत्पर है।दिलीप जयसवाल ने कहा कि भूमि सर्वेक्षण के संबंध में सबसे बड़ी समस्या जो सुनने में आ रही है वह खतियान, जमाबंदी पंजी, लगान-रसीद जैसे राजस्व अभिलेखों के लिए लोग अंचल समेत विभिन्न राजस्व कार्यालयों का चक्कर लगा रहे हैं। जबकि इस तरह के दस्तावेज डिजिटली ऑनलाइन उपलब्ध हैं।राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने आज उनसे मिलने आए कई रैयतों से उनकी समस्याएं सुनने के ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि आप अपने मोबाइल या लैपटॉप से विभाग के वेबसाइट पर जाकर कई प्रकार के दस्तावेज देख सकते हैं। बस उन्हें प्रिंट कीजिए और स्वघोषणा के साथ निदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दीजिए।

अगर आपके पास कागजात कम हैं या आधे-अधूरे हैं तो भी स्वघोषणा से नहीं चूकें। उन्होंने यह भी कहा कि स्वघोषणा के लिए अभी कोई कट ऑफ डेट निर्धारित नहीं किया गया है।जायसवाल ने कहा कि विभाग ने करीब 16 करोड़ राजस्व दस्तावेजों को डिजिटाइज करा कर ऑनलाइन कर दिया है। इसमें करीब 35 हजार गांवों का खतियान भी शामिल है। इनकी मदद से आपको अपने पूर्वजों द्वारा धारित जमीन के संबंध में जानकारी मिल सकती है। ये सभी मुफ्त में ऑनलाइन उपलब्ध है। भूमि सर्वे के लिए लगान रसीद भी ऑनलाइन या अद्यतन आवश्यक नहीं है। पूर्व की ऑफलाइन रसीद भी पूरी तरह से मान्य है।जायसवाल ने यह भी कहा कि वंशावली को लेकर कई प्रकार की भ्रांतियां हैं। मैं एक बार फिर स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि वंशावली आपको खुद से बनाना है। इसके लिए किसी भी व्यक्ति या कार्यालय में जाने की जरूरत नहीं है। न ही किसी से उसे सत्यापित कराने की आवश्यकता है। सादे कागज पर अपनी वंशावली बनाएं और उसे स्वघोषणा के साथ संलग्न करें। यह पूरी तरह मान्य है।मंत्री जयसवाल ने कहा कि कोई भी व्यक्ति 12 प्रकार के राजस्व दस्तावेजों की डिजिटली हस्ताक्षरित प्रति भी ऑनलाइन प्राप्त कर सकता है। इसके लिए आपको सरकार को मामूली शुल्क का भुगतान करना है। यह भुगतान भी ऑनलाइन करना है। अर्थात ये दस्तावेज आपको घर बैठे प्राप्त हो सकता है। इसके लिए विभाग के वेबसाइट पर जाकर भू-अभिलेख पोर्टल को क्लिक करना है।

अपने गुनाहों की सजा से बच नहीं सकते लालू-तेजस्वी : प्रभाकर मिश्र

पटना (रासासं): भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने लालू और तेजस्वी यादव पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि लालू-तेजस्वी को अपने गुनाहों की सजा तो भुगतनी ही पड़ेगी। 'जैसी करनी -वैसी भरनी' तो विधि का विधान हैं। लालू और तेजस्वी जितना हाथ-पैर मार लें, उन्हें अपने कर्म का फल भोगना ही होगा। श्री मिश्र ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 'लैंड फॉर जॉब' मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लालू-तेजस्वी और अन्य आरोपियों को समन पर आदेश शनिवार को भले ही टाल दिया है, लेकिन लालू और उनके परिजन अपने गुनाहों की सजा से बच नहीं सकते। कोर्ट से सिर्फ सप्ताह भर की राहत मिली है। समन जारी करने को लेकर 13 सितंबर को फिर सुनवाई होगी। लालू और उनके संगी-साथियों को जेल जाना तय है।

श्री मिश्र ने तंज कसते हुए कहा कि तेजस्वी का राजनीतिक कैरियर उदय होने के पहले ही अस्त होने की ढलान पर है। यह उनके पिता के पापों का फल है। श्री मिश्र ने कहा कि लालू प्रसाद और उनके सगे-संबंधियों ने भ्रष्टाचार का जो नंगा नाच किया था, वह बिहार के इतिहास में काले अध्याय के रूप में दर्ज हो चुका है। जिसने नौकरी देने के बदले गरीबों की जमीन औने-पौने दाम में रजिस्ट्री करवा ली, ऐसे लोगों के मुंह से जब गरीबों के हक की बात की जाती है, तो यह गरीबों के लिए गाली से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि लालू के परिवार के पाप का घड़ा अब भर चुका है। भगवान के घर देर है, अंधेर नहीं। कोर्ट के फैसले के बाद लालू का परिवार चुनाव लड़ने लायक नहीं रह जाएंगे। लालू के परिवार और उनके संगियों के राजनीतिक कैरियर का अब अंत होनेवाला है।

बिहार में बढ़ाये गए आरक्षण मामले में केंद्र और राज्य की भूमिका संदिग्ध : चितरंजन

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

पटना: सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में बढ़ाये गये 65 प्रतिशत आरक्षण पर रोक मामले में केंद्र व नीतीश सरकार को नोटिस थमा दिया। अदालत का यह नोटिस एक तरह से इस बात पर मुहर लगाने के समान है कि बढ़े आरक्षण के मुद्दे पर राज्य और केंद्र की भूमिका संदिग्ध है। इस तरह अब यह तय सा हो गया है कि बिहार में 65 प्रतिशत बढ़ाये गये आरक्षण पर रोक के मामले में जो लकीर है उसके एक तरफ राजद है तो दूसरी तरफ भाजपा और जदयू। जब तक नीतीश जी राजद के साथ थे, तब तक वह आरक्षण के पक्ष में जरूर थे क्योंकि उन पर राजद का दमदार प्रेशर था। लेकिन भाजपा की गोद में बैठते ही नीतीश जी मोदी-शाह को खुश करने के लिए जी हुजूरी करने की भूमिका में आ चुके हैं। पटना हाईकोर्ट में जब बढ़े हुए आरक्षण पर रोक लगाने की याचिका पर बहस हुई तो निश्चित तौर पर राज्य सरकार ने भाजपा को खुश करने के लिए अपना पक्ष मजबूती से नहीं रखा। नतीजा यह हुआ कि पटना हाईकोर्ट ने आरक्षण संशोधन कानून पर रोक लगाने का फैसला सुना दिया। अब बिहार और देश के नागरिक आश्वस्त हो चुके हैं कि दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों के हक की लड़ाई लड़ने वाला अगर कोई योद्धा है तो वह तेजस्वी यादव हैं, कोई और नहीं। राष्ट्रीय जनता दल कि यह घोषणा कि वह आरक्षण के मुद्दे को सडक, सदन और अदालत तीनों मैदानों में लड़ेगा और जीतेगा। मतलब स्पष्ट है कि आरक्षण पर दोमुंही राजनीति करने वाली भाजपा और भाजपा की जीहुजूरी करने वाला जदयू जनता की नजरों में बेनकाब हो चुके हैं।

ब्रीफ न्यूज

लावारिस104वां शव का दाह संस्कार किया समाजसेवी अमरदीप जय

आरा (रासासं): संत रविदास जनसेवा संगठन भोजपुर एवं टीम मदर टेरेसा सेवाकर्मी भोजपुर आरा के सयुक्त तत्वाधान में 104वां लवारिस शव का दाह संस्कार किया गया। इसकी जानकारी देते हुए समाजसेवी अमरदीप कुमार ने बताया की 50 वर्षिय लवारिस शव बिहिया थाना द्वारा पोस्मार्टम कराने के बाद सामाजिक संस्था को बिहिया थाना के सब इंस्पेक्टर मिना कुमारी एवं चौकिदार राजेन्द्र सिंह द्वारा प्राप्त हुआ। समिति द्वारा गांगी शमशान घाट पर अंतिम हिन्दू रिती रिवाज के अनुसार संस्था संस्थापक अमरदीप कुमार जय ने 104वीं लाश को दी। प्रमुख सहयोगियों में मिश्रीलाल वी जैन, अशोक कुमार श्रीवास्त्व, पवन कुमार यादव, विशाल राम, राजा राम, जुगली राम आदि गांगी शमशान घाट पर साथ रहे।

कन्हैया ब्यास की अध्यक्षता में श्री कृष्ण का छठीहार महोत्सव आयोजित

आरा (रासासं): उदवंतनगर प्रखंड के अरोरा में कन्हैया ब्यास के अध्यक्षता में भगवान श्री कृष्ण का छठीहार महोत्सव मनाया गया। सवर्प्रथम श्री कृष्ण चेतना समिति के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव ने श्री कृष्ण के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उद्घाटन किया। ततपश्चात ब्यास सरोज यादव और अमन कुमार ने सुमरन के साथ साथ सोहर का अपने अपने स्वर में गया तथा उपस्थित जनता को आनंदमय किया।अपने उद्घाटन भाषण में नन्द किशोर यादव ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण एक कर्मवादी वीर पुरुष थे। इन्होंने बचपन से लेकर मृत्यु तक समाज हित में लड़ाई लड़ी तथा हर लड़ाई में वे विजय रहे।यादव रामसकल सिंह भोजपुरिया ने कहा कि श्री कृष्ण हर कला में परिपूर्ण थे। वे संगीत प्रेमी भी थे और हमेशा बांसुरी लिया रहते थे। डॉ. बबन यादव ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से समाज में भाई चारा की भवना विकसित होती है। सम्बोधित करने वाले लोगो मे स्थानीय जिला पार्षद सोनू कुमार, अनिल यादव, जिला उपाध्यक्ष चालु यादव, जीतन यादव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

चाचा-भतीजे सहित तीन को पीटकर किया घायल, एक की उंगली काटी

आरा (रासासं): भोजपुर में चांदी थाना क्षेत्र के कोसीहान गांव में शुक्रवार को चाचा-भतीजे सहित तीन लोगों की जमकर पिटाई कर दी गई। मारपीट के दौरान एक की उंगली काट दी गई। तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया, जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जख्मियों में चांदी थाना क्षेत्र के कोसीहान गांव निवासी स्व.बुटन रजक के 36 वर्षीय पुत्र गणेश रजक, स्व. जोगिंदर रजक के 35 वर्षीय के बेटे डब्लू रजक और मुन्ना रजक का 18 वर्षीय बेटा राहुल कुमार शामिल है। तीनों रिश्ते में चाचा-भतीजे लगते हैं। राहुल कुमार ने बताया कि चाची गुड़िया गांव के ही दीपक चौधरी नामक व्यक्ति से फोन पर बातचीत करती है। जिसको लेकर उसके चचेरे भाई अमित ने इसकी जानकारी अपनी मां को दे दी। जिसके बाद अमित की मां के द्वारा गुड़िया को समझने-बुझाने लगी। तभी गुड़िया ने दीपक चौधरी को फोन कर इसकी जानकारी दे दी। गुरुवार की शाम दीपक चौधरी ने अमित कुमार की पिटाई कर दी थी। बात खत्म हो गई थी, जब मेरा छोटा भाई रोहित कुमार पढ़ने के लिए जा रहा था। तभी दीपक ने उसे पीट दिया। सूचना पाकर जब हम लोग पूछताछ करने पहुंचे तो उन लोगों ने पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान उचाचा गणेश रजक भी घायल हो गए। उनकी एक उंगली कट गई। राहुल कुमार ने दीपक चौधरी पर मारपीट का आरोप लगाया है।

गोलीबारी पर एफआईआर दर्ज, बदमाश फरार

आरा (रासासं): आरा के टाउन थाना क्षेत्र के मिल्की मोहल्ले में मो. शमीम अंसारी को गोली मारी गई थी। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। घायल के बयान पर मिल्की मोहल्ला निवासी सोहेल खान उर्फ बास को नामजद और अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। सभी फरार हैं। पुलिस इनकी गिरफ्तारी में जुटी है। घायल ने पुलिस को बताया कि 4 सितंबर शाम घर के बाहर शोर हो रहा था। देखा तो मस्जिद के पास मेरे भतीजा मो. फैज के साथ मारपीट की जा रही थी। मैं वहां गया और मामले को शांत कराया। इसके बाद सोहेल खा अपने अन्य चार साथियों के साथ फिर से आया और फायरिंग शुरू कर दी। गोली हथेली में लगकर निकल गई। इसके बाद सभी फरार हो गए। मुझे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने नामजद और अज्ञात अपराधियों की तलाश शुरू कर दी है। गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। अज्ञात लोगों को भी चिह्नित करने का प्रयास किया जा रहा है।

बिहार सम्मान समारोह में तीरंदाजी अकादमी में पांच खिलाड़ी हुए सम्मानित

बिहार के 70 प्रतिशत खिलाड़ी आरा से सम्मानित होने वाले

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

आरा: बिहार सम्मान समारोह में भोजपुर तीरंदाजी अकादमी के पांच खिलाड़ी सम्मानित हुए। यह आंकड़ा अभी तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। भोजपुर में जब से तीरंदाजी चल रहा है तब से खेल सम्मान हो या नेशनल टीम में सहभागिता हो या इंटरनेशनल सिलेक्शन हो इन सभी जगह पर भोजपुर के खिलाड़ियों का दब दबा रहा है।

आज से पहले कभी भी तीरंदाजी में इतना खिलाड़ियों को सम्मानित नहीं किया गया था। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों में धीरज कुमार राय जो यह तीसरी बार खेल समान से सम्मानित हुए।

शुभम कुमार जो अभी बिहार के नंबर वन तीरंदाज खिलाड़ी हैं और इन्होंने खेलो इंडिया यूथ गेम में गोल्ड मेडल लिया था और इसी साल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दक्षिण कोरिया में विशेष तीरंदाजी टेक्निक कैम्प की लिए चयनित हुए थे। खेलों इण्डिया यूथ गेम में गोल्ड मेडल जितने पर सम्मानित किया गया। समर्थ कुमार जो इस बार पहली बार खेल सम्मान पा रहे हैं राहुल कुमार और आयुष कुमार यह दोनों भी पहली बार खेल सम्मान पा रहे हैं।

पूरे बिहार के 70 प्रतिशत खिलाड़ी सम्मानित होने वाले आरा के हैं। इस उपलब्धि को प्रकार भोजपुर तीरंदाजी अकादमी संस्थापक सह कोच नीरज कुमार सिंह ने बताया कि इसको लेकर खेल और खिलाड़ी जी तोड़ मेहनत करते हैं और यह उनके मेहनत और लगन का फल है।

उपलब्धि को देखते हुए बिहार तीरंदाजी संघ के सचिव बिहार खेल डिप्टी डायरेक्टर जिला खेल पदाधिकारी भोजपुर निपू स्पोर्ट्स फाऊंडेशन के डायरेक्टर अजय सिंह रजनीश पाठक कुमार विजय खेलो इंडिया स्माल सेंटर के कोच पूजा कुमारी एन आई एस कोच अविनाश कुमार ओझा, कुमार मंगलम फुटबॉल कोच विनित गौतम आकाश कुमार और भी तमाम खेल प्रेमियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी इसके लिए निपु स्पोर्ट फाउंडेशन और भोजपुर तीरंदाजी अकैडमी सदा आभारी रहेगा।

गर्लफ्रेंड संग पकड़ाया शादीशुदा युवक, ग्रामीणों ने कराई शादी

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

आरा: पवार पंचायत के पंचायत समिति सदस्य धर्मेंद्र कुमार प्रेमिका के साथ अपने ही घर में पकड़ा गया। इन्हें अवैध संबंध बनाते हुए रंगेहाथ घरवालों ने नहीं बल्कि ग्रामीणों ने पकड़ा। लोगों ने दोनों को बीच गांव में खड़ा कर खूब सुनाया। जिसके बाद दोनों की रजामंदी से मंदिर में शादी करवा दी, जबकि पंचायत समिति सदस्य पहले से शादीशुदा है, तीन बच्चे भी हैं।

दूसरी तरफ पहली पत्नी और उसके ससुराल वाले भी मौके पर पहुंचे और धर्मेंद्र को डाट-फटकार लगाई। पहली पत्नी और घरवालों को पता ही नहीं था कि धर्मेंद्र ने किसी लड़की को घर में लाकर रखा है। उसके साथ लिव इन रिलेशनशिप में है। मामला भोजपुर जिले के पवना थाना क्षेत्र के पवार गांव का है।

दरअसल पवार गांव निवासी राम ध्यान राम के बेटे धर्मेंद्र कुमार और चांदी थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव निवासी युवती, दोनों पति-पत्नी की तरह रह रहे थे। दोनों 6 माह से रिलेशन में थे। कुछ दिन पहले धर्मेंद्र उसे अपने घर में लाया था। पिछले 10 दिन से लड़की को एक कमरे में रखा था। परिवार वालों को इसकी भनक तक नहीं लगी, लेकिन ग्रामीणों ने उसकी गतिविधियों को पकड़ लिया था।

इसके बाद से ही ग्रामीण धर्मेंद्र कुमार को रंगे हाथ पकड़ने की जद्दोजहद में लग गए थे। इसी दौरान धर्मेंद्र कुमार को कमरे में जाते ग्रामीणों ने देख लिया। सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में दोनों की शादी करवा दी। जिसका वीडियो भी सामने आया है।

जब पहली पत्नी नीलम से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने जानकारी नहीं होने का हवाला देकर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

सक्षम ने नेत्रदान जागरूकता के तहत चित्रांकन कार्यक्रम आयोजित

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

आरा: स्थानीय जिला प्लस टू विद्यालय आरा के सभागार में सक्षम भोजपुर जिला इकाई के द्वारा नेत्रदान जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत चित्रांकन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य उमेश कुमार सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में बिहार प्रदेश सक्षम के बुद्धि बाधित प्रकोष्ठ के संयोजक एवं सक्षम भोजपुर जिला के समन्वयक डॉ. धनंजय कुमार तिवारी उपस्थित रहे। पेंटिंग कार्यक्रम 100छात्र छात्राओं ने भाग लिया। यह कार्यक्रम पूरे भारतवर्ष में सक्षम के द्वारा प्रतिवर्ष 25 अक्टूबर से लेकर 8 सितंबर तक संपन्न किया जाता है। डॉ धनंजय तिवारी ने बच्चों को वर्तमान परिवेश में नेत्रदान जागरुकता के विषय में समझाते हुए अपना विचार व्यक्त किया। बताया सक्षम दिव्यांग जनों के हित में कार्य करने वाला राष्ट्रीय संगठन है जिसके द्वारा दिव्यांग बंधुओं को सक्षम बनाने का कार्य करने का प्रयास किया जाता है।

कार्यक्रम का संचालन हरिश्चंद्र साह जिला सचिव सक्षम तथा धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक चंद्र विजय ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं में श्री महावीर सिंह, द्विवेदी विभव, श्रीमती प्रियंका, श्रीमती उषा, श्रीमती कांति, श्रीमती रितु, अभिषेक मिश्रा, चंद्र विजय सिंह, अविनाश भास्कर, दिनेश लाल यादव, माखन राम आदि रही।

फिल्म दिखा कर बाल विवाह,यौन शोषण,बाल श्रम आदि पर बच्चों को किया गया जागरूक : निदेशक सुनीता

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

आरा: दिशा एक प्रयास व एक्सेस टू जस्टिस, बाल संरक्षण इकाई, भोजपुर एवं चाइल्डलाइन भोजपुर टीम के द्वारा गुरुनानक मध्य विद्यालय मौलाबाग में विद्यार्थियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से बाल विवाह, बाल श्रम, मानव बाल तस्करी एवं बाल यौन शोषण पर शॉर्ट फिल्म दिखा कर किया गया जागरूक।

निदेशक सुनीता सिंह ने बताया की दिशा एक प्रयास व एक्सेस टू जस्टिस भोजपुर टीम के द्वारा आरा प्रखंड के गुरुनानक मध्य विद्यालय मौलाबाग में बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण संबंधित जानकारी देने के लिए बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण के वीडियो के माध्यम से पूरी जानकारी दी गई। इन्होंने बताया की 14 वर्ष की कम उम्र के किसी बच्चे को कोई कारखाना, कंपनी, रेस्टोरेंट या किसी भी दुकानों पर किसी प्रकार का काम कर रहे हैं तो वह बाल श्रम के अंतर्गत आते हैं जिसे बच्चों की बचपन छिन जाती है, उनके सपने टूट जाते हैं,लक्ष्य दूर हो जाते हैं,समाज में एक अच्छी छवि नहीं बन पाती है जिससे उनका शारीरिक, मानसिक, शैक्षणिक और आर्थिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इस प्रकार के कुरुतियों को खत्म करने के लिए विद्यार्थियों के बीच वीडियो को दिखाते हुए उन्हें जागरूक किया गया।

बताया गया कि यह हमारे समाज के लिए एक अभिशाप है। इसे रोकने के लिए हम सभी को आगे बढ़ना होगा।अगर इस प्रकार का कोई भी दृश्य दिख रही हैं या घटना घटित हो रही है तो उसके बारे में नजदीकी क्षेत्र के पुलिस थाना या चाइल्डलाइन हेल्पलाइन नंबर 1098 पर संपर्क करेंगे। बच्चों से यह शपथ ग्रहण करवाया गया कि ना वह बाल मजदूरी का हिस्सा बनेंगे और ना अपने आसपास में किसी को बनने देंगे।

इस कार्यक्रम के दौरान दिशा एक प्रयास एक्सेस टू जस्टिस के सहायककर्ता- प्रवीण कुमार तिवारी एवं रिचा कुमारी, चाइल्डलाइन कॉर्डिनेटर-लव कुमार, चाइल्डलाइन काउंसलर-जुली कुमारी, प्रधानाध्यापक- मुकेश कुमार सिंह, शिक्षक- शशि कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, साह शिक्षक-रमेश कुमार चौधरी, दिव्या कुमारी और सभी विद्यार्थी मौजूद थे।

भाजपा ने रजनीश त्रिपाठी के निधन पर शोक व्यक्त किया

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

आरा: आरा के वरिष्ठ संपादक, प्रभारी व रंगकर्मी रजनीश त्रिपाठी की आकस्मिक मृत्य होने पर भारतीय जनता भोजपुर द्वारा शोक संवेदना व्यक्त की गई।

भाजपा नेताओं ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि रजनीश त्रिपाठी पत्रकारिता जगत के एक नामी-गिरामी, मिलनसार व्यक्तित्व और कुशल रंग कर्मी भी थे। भाजपा परिवार इस दुख की घड़ी मे उनके परिवार के साथ खड़ी है।

शोक संवेदना व्यक्त करनेवाले में जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, आरा विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व सांसद आर के सिंह, मीना सिंह, पूर्व विधायक संजय सिंह टाईगर, शिवेश राम, मुनी देवी, सुनील पांडेय, जिला उपाध्यक्ष ई. धीरेन्द्र सिंह, उदय प्रताप सिंह, वंदना राजवंशी, प्रेम पंकज ललन, सतीश भट्ट, कौशल यादव, लव पांडेय, महामंत्री नरेन्द्र तिवारी, पुनम कुशवाहा, राकेश सहि, मधु मिश्रा, राजकुमार कुशवाहा, संतोष चंद्रवंशी, अरविन्द पांडेय, मीडिया प्रमुख संजय कुमार सिंह, नवीन प्रकाश, संतोष तिवारी, धीरज सिंह, नीलेश जैन, निशांत सिंह, ममता सहि, विभु जैन, रितुराज, विद्यासागर पांडेय, शेख कलामुद्दीन, विजय पासवान सहित भाजपा नेता कौशल विद्यार्थी, सुषुमलता, हरेन्द्र पांडेय, सूर्यभान सिंह, सीडी शर्मा, मिथिलेश कुशवाहा, प्रेम रंजन चतुर्वेदी, रामदिनेश यादव, गंगाधर पांडेय आदि नेता और कार्यकर्ता थे।

पत्रकार के माता की निधन पर पूर्व सांसद ने मिलकर दिया सांत्वना

वरिष्ठ पत्रकार देव कुमार पुखराज के माता एवं संवाददाता चंदन कुमार की नानी तथा धर्मपत्नी के निधन की खबर सुनकर जहानाबाद लोक सभा के पूर्व सांसद डॉक्टर अरुण कुमार ने अपने पुराने सहयोगियों के साथ सर्वोदय नगर आरा में स्थित देवकुमार पुखराज के आवास पर जाकर शोक संतप्त परिवार से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की और ढांढस बंधाया। अपने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए डॉक्टर अरुण कुमार ने कहा कि वे एक सामाजिक एवम धर्मपरायण महिला थी। उनका जाना हमलोगों के लिए भी अपूरणीय क्षति है। वही पत्रकार चंदन कुमार की पत्नी की असामयिक निधन पर पूर्व सांसद ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि अचानक हुई मौत से हम सभी स्तब्ध है और दुःख की घड़ी में हम सभी की संवेदना परिवार के साथ है। ईश्वर से प्रार्थना है कि परिवार को संबल प्रदान करें। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में नीलेश्वर उपाध्याय, पंकज सिंह, प्रमोद चौधरी, प्रवीण कुमार, सुभाष मिश्रा, त्रिपुरारी शरण, अमरेंद्र कुमार, अरुण सिंह, अजय कुमार, विजय कुमार, चंदन मिश्रा,आनंद कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

पत्रकार रजनीश त्रिपाठी के असामयिक निधन से लोग मर्माहत

रजनीश त्रिपाठी के असामयिक निधन का समाचार से शोक की लहर दौड़ गयी। बेहद ही दुखद समाचार से प्रेस, मीडिया और रंगमंच के लोग मर्माहत रहे। बताते चलें की त्रिपाठी का निधन पीएमसीएच पटना में हो गया। इनकी तबीयत खराब चल रही थी। सामाजिक, रंगकर्मी, पत्रकारिता, धार्मिक क्षेत्र में इनकी विशेष पहचान रही है। ये भोजपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष, अखबार के प्रभारी रहे हैं। इनके निधन से मीडिया, रंगमंच के साथ-साथ सामाजिक जगत के लिए अपूर्णीय क्षति हुई है। इस दुःख की घड़ी में नगरवासी, पत्रकार, रंगकर्मी सहित सभी लोगों ने शोक संवेदना प्रकट किया और उनके परिवार के साथ खड़े रहने की बात कही है।

स्टोर्स ई-प्रोक्यूरमेंट

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना संख्या. S/18/2024-25 तारीख: 03-09-2024। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की गई है:.

क्रमिक संख्या. 1 निविदा संख्या. 79/24/0851/ओटी/150/2024-25
बंद/खुलने की तारीख: 23-09-2024

संक्षिप्त विवरण: प्रक्षालनीय पिलो फोम आकार 60X36X12 सेंटिमीटर, प्रस्तुतकरण का विस्तृत ब्योरा: 1) तकिया के लिए सामग्रियाँ -पॉलियेस्टर स्टैपल फाइबर (2) फाइबर सामग्री- 100% सफेद वर्जन हलो फाइबर, (3) वजन- 450 ग्राम (प्लस / माइनस 5 प्रतिशत), (4) तकिया 20 मिलीमीटर घना (न्यूनतम) वर्जिन हलो फाइबर शीट द्वारा घेरे रहना होगा, फाइबर हलोनेस की पहचान आईएस: 667/1981 के अनुसार होना है, (5) आच्छादित किये गए कपड़े पर 50% (निम्नतम) पॉलियेस्टर सूता एवं संतुलिन कॉटन रहना होगा एवं (6) तकिया सामान्य प्रक्षालन प्रतिरोधी होना होगा। मोनोग्राम-तकिया की बुनाई की गई कपड़े के एक कोने में (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) (1) परिमाण: डिब्रूगढ़ टाउन/वर्कशॉप/डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 36074 संख्यक (2) परिमाण: कटिहार/जीएसडी, एनएफआर (बिहार) के लिए 11209 संख्यक, (3) परिमाण: न्यू जलपाईगुड़ी/जीएसडी, एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए 23566 संख्यक, (4) परिमाण: पांडु/जीएसडी, एनएफआर (असम) के लिए 80827 संख्यक, पीएल. संख्या.- 79331040।

क्रमिक संख्या. 2 निविदा संख्या 37/24/0938/ओटी/151/2024-25
बंद/खुलने की तारीख: 16/09/2024

संक्षिप्त विवरण: केसनब 22-एचएस (एमओडी-1) बोगी के लिए कीलक। ड्रायिंग संख्या: डब्ल्यूबी-04017-एस-6, एएलटी-नहीं, आईटम-1। मेटरियल स्पेसिफिकेशन ड्रॉयिंग अनुसार। [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने] [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0], परिमाण: न्यू जलपाईगुड़ी/जीएसडी, एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए 4800 संख्यक, पीएल. संख्या. 38100204।

क्रमिक संख्या. 3 निविदा संख्या. 61/24/5311/ओटी/152/2024-25
बंद/खुलने की तारीख: 18-09-2024.

संक्षिप्त विवरण: आईआरएस स्पेसिफिकेशन संख्या. टी-44-2023 अनुरुप आरडीएसओ ड्रॉयिंग संख्या. टी-8751 तक हाई विसकॉस नाईलॉन-66 इनसुलेटिंग लाइनर (एचबीएन लाइनर) [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने] [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0], परिमाण:- एसएसई/पी-वे/टीडी/बंगाईगांव, एनएफआर (असम) के लिए 251426 संख्यक। पीएल संख्या.- 601200030856।

क्रमिक संख्या. 4 निविदा संख्या. 79/24/0987ए/ओटी/153/2024-25
बंद/खुलने की तारीख: 16-09-2024

संक्षिप्त विवरण: केवीआईसी/हैंडलूम द्वारा प्रस्तुत बेड शीट पॉलीवस्त्र 229 सेंटिमीटर ×140 सेंटीमीटर (सफेद), पॉलीवस्त्र, स्पेसिफिकेशन अनुलग्नक-ए अनुसार [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने] (i) परिमाण: कटिहार जीएसडी, एनएफआर (बिहार) के लिए 38940 संख्यक (2) परिमाण: न्यू जलपाईगुड़ी जीएसडी, एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए 1844 संख्यक। (3) पांडु जीएसडी, एनएफआर (असम) के लिए 22946 संख्यक। पीएल. संख्या-79337041।

क्रमिक संख्या. 5 निविदा संख्या. 60/23/5064सी/ओटी/154/2024-25
बंद/खुलने की तारीख: 19-09-2024

संक्षिप्त विवरण: 1. रोटरी स्क्रू विद्युत संचालित एयर कॉम्प्रेसर कैप: 500 सीएफएम, 10 केजी/सेंटीमीटर स्क्वेयर [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 24 महीने] (निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0) i) परिमाण: एसएसई/एमडब्ल्यूएस/डिब्रूगढ़ वर्कशॉप, एनएफआर (असम) के लिए -1 सेट। पीएल. संख्या-6505062900019। 2. निविदा स्पेसिफिकेशन अनुसार सहगामी साजो-सामान की खर्च। [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी,: नहीं, स्टेजेस: 0]। परिमाण-एसएसई/एमडब्ल्यूएस/डिब्रूगढ़ वर्कशॉप, एनएफआर (असम) के लिए 1 सेट। पीएल. संख्या. 65050630। 3. दफा 17 अनुसार वारंटी के बाद 5 सालों के लिए विस्तृत एएमसी की खर्च (यदि आवश्यक हो तो प्रापक वारंटी की अवधि मे एएमसी कमप्लिशन प्रारंभ कर सकते हैं) [निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज आईएनएसपी, एनए, स्टेजेस: 0], परिमाण: एसएसई/एमडब्ल्यूएस/डिब्रूगढ़ वर्कशॉप, एनएफआर (असम) के लिए 1 संख्यक। 65050629। 4. मशीन पूर्ण रूप से कार्यक्षम करने आपूर्तिकर्ता राय अनुसार अति आवश्यकीय किसी भी अन्य साजो-सामान की खर्च। [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0], परिमाण: एसएसई/एमडब्ल्यूएस/डिब्रूगढ़ वर्कशॉप, एनएफआर (असम) के लिए 1 सेट। 65050631। 5. टर्नकी शुल्क की खर्च जैसे, फाउंडेशन, स्थापन और कमीशनिंग आदि [निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज आईएनएसपी: एनए, स्टेजेस: 0]। परिमाण-एसएसई/एमडब्ल्यूएस/डिब्रूगढ़ वर्कशॉप, एनएफआर (असम) के लिए 1 सेट। 65050632। 6. वारंटी अवधि के पहले और दुसरे वर्ष की अवधि में प्रतिरोधी रख-रखाव की खर्च। [निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी स्जेज आईएनएसपी: एनए, स्टेजेस: 0], परिमाण: एसएसई/एमडब्ल्यूएस, डिब्रूगढ़ वर्कशॉप एनएफआर (असम) के लिए 1 सेट। 65050633। 7. अनुच्छेद IV के दफा 4.3 में निर्धारित अनुसार व्यक्तिगत आइटम के ब्रेकअप सहित वैकल्पिक साजो-सामान। [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0]। परिमाण: एसएसई/एमडब्ल्यूएस/डिब्रूगढ़ वर्कशॉप, एनएफआर (असम) के लिए 1 सेट। पीएल. संख्या. 65050634। 8. लागू होने अनुसार व्यक्तिगत सामग्री की ब्रेक अप सहित अनुच्छेद V के दफा 6 अनुसार कनज्यूमेबलस। [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0]। परिमाण: एसएसई/एमईएस/डिब्रूगढ़ वर्कशॉप, एनएफआर (असम) के लिए-1 सेट, पीएल संख्या. 65050635। 9. अनुच्छेद V के दफा 5 एवं दफा 13 अनुसार व्यक्तिगत सामग्री की ब्रेक अप सहित स्पेयर्स [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0], परिमाण: एसएसई/एमडब्ल्यूएस/डिब्रूगढ़ वर्कशॉप एनएफआर (असम) के लिए-1 सेट। पीएल संख्या.- 65050636. 10. परिचालन के 4400 घंटों के लिए विशुत खपत की खर्च। (2200 घंटों/साल पर विवेचित कर यानी दफा 2.2 अनुसार पूर्ण मूल्यायन क्षमता में 2 सालों के लिए।[निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज आईएनएसपी: एनए, स्टेजेस: 0], परिमाण: एसएसई/एमडब्ल्यूएस/डिब्रूगढ़ वर्कशॉप, एनएफआर (असम) के लिए-1 सेट। पीएल संख्या. -65050637।

टिप्पणी: निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्रों की विस्तृत जानकारी के लिए निविदाकर्तागण (www.ireps.gov.in) वेबसाइट पर लॉग ऑन कर सकते हैं। प्रत्याशिय बोलीदाताओं ने, जो उपरोक्त निविदा में अंशग्रहण करना चाहते हैं। अगर वे इसी बीच आईआरईपीएस वेबसाइट पर पंजीयनकृत है, तो उन्हें उपरोक्त वेबसाइट पर खुद को लॉग ऑन करना होगा एवं इलैक्ट्रॉनिकैली प्रस्ताव को दाखिल करना होगा। अगर वे आईआरईपीएस में पंजीयनकृत नहीं है, तो भारत सरकार के आईटी एक्स 2000 के अधीन अनुमोदित एजेंसी से क्लास- III डिजिटल सिगनेचर प्राप्त करने के लिए और उपरोक्त निविदा में अंशग्रहण करने के लिए उन्हे सलाह दी गई है।

पीसीएमएम, मालीगाँव

NORTHEAST FRONTIER RAILWAY
Serving Customers With A Smile

हत्या नहीं बल्कि करंट से हुई थी युवक की मौत

शव छुपाने के लिए नदी में फेंका, एक गिरफ्तार

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

आरा: भोजपुर के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव में आटा चक्की से लापता युवक की मौत मामले में खुलासा हो गया है। युवक की हत्या नहीं हुई बल्कि बिजली की तार काटने के दौरान करंट के चपेट में आने से मौत हो गई है। युवक के दोस्तों ने कानूनी प्रक्रिया में फस जाने के डर से शव को बाइक पर मृत अवस्था में बैठाकर उसे बनास नदी में फेंक दिया है।

इस मामले में मृत युवक के एक दोस्त को उदवंतनगर थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बता दें कि गजराजगंज ओपी के बड़कागांव अख्तियारपुर गांव के बनास नदी से इसका शव बरामद हुआ था। पकड़ा गया आरोपी उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव निवासी राज किशोर प्रसाद का बेटा गोरख कुमार है। इसके पास से पुलिस ने एक बिजली का तार काटने वाला कटर मशीन, बिजली के पोल पर चढ़ने वाला चप्पल, गंजी, टीशर्ट बरामद किया है।

मृत युवक जैतपुर गांव निवासी अरुण कुमार उर्फ पवन कुमार का बेटा ऋतिक कुमार(25) है। ऋतिक मर्चेंट नेवी में 6 माह पहले मालदीव में ज्वाइन किया था। अभी ट्रेनिंग कर रहा था।

रऱढ परिचय कुमार ने बताया कि उदवंतनगर थाना क्षेत्र के उदवंतनगर गांव निवासी अरुण कुमार सिंह और पवन कुमार सिंह द्वारा 3 सितंबर को स्थानीय थाना में लिखित आवेदन दिया गया था। उनका बेटा लापता है। इसके बाद उदवंतनगर क्षेत्र में कांड संख्या 388/24 प्राथमिकी दर्ज की गई। इसके बाद पुलिस और डीआईयू की टीम लगातार खोज में लग गई थी। साक्षी संकलन किया जा रहा था। इसी बीच 4 सितंबर की सुबह करीब 9 बजे उदवंतनगर थाना क्षेत्र के गजराजगंज ओपी अंतर्गत बड़कागांव अख्तियारपुर स्थित बनास नदी से लापता ऋतिक का शव बरामद किया गया।

अनुसंधान के क्रम में इस कांड का उद्भेदन हुआ। पता चला कि मृतक ऋतिक कुमार, गौरव कुमार, आदित्य कुमार और अमन कुमार चारों मिलकर बिजली का तार काटकर चोरी किया करते थे। वह उस रात आयर थाना क्षेत्र के चिरापुर गांव चोरी करने के लिए गए थे। वहीं पर बिजली की तार काटने के दौरान उसे झटका लग गया। इसके कारण उसकी मौत हो गई। अनुसंधान के क्रम में प्रथम दृष्टया अभी तक यही सामने आया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण की पुष्टि हो पाएगी। एएसपी परिचय कुमार ने बताया कि इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव निवासी राज किशोर का बेटा गौरव कुमार है। उसके पास से बिजली का तार काटने वाला कटर मशीन, बिजली के पोल पर चढ़ने के लिए इस्तेमाल करने वाला चप्पल और कपड़ा बरामद किया गया है। इस कांड में अभी दो अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी को होनी बाकी है।

एएसपी ने बताया कि अन्य साथी योजना बनाकर ऋतिक कुमार के शव को साक्ष्य छुपाने की नीयत से मोटरसाइकिल पर लेकर असनी पुल के ऊपर से नदी में फेंक दिए थे। रितिक कुमार के शव को बड़का गांव अख्तियारपुर के बनास नदी से बरामद किया गया था।

ब्रीफ न्यूज

मसाज पार्लर संचालक ने कोलकाता की एक युवती से की अश्लील हरकत, मामला दर्ज

गया (रासासं): गया शहर के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के एक मुहल्ले में किराए पर रहने वाली कोलकाता की एक युवती के साथ रिलैक्स स्पा पार्लर के संचालक बबन सिंह द्वारा छेड़छाड़ और अश्लील हरकत की है। घटना इसी महीने के पहली तारीख की है। पीड़िता के बयान पर सिविल लाइंस थाना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 74, 75 एवं 78 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। कांड की जांच का जिम्मा एक महिला पुलिस पदाधिकारी को सौंपा गया है। संचालक पर आरोप यह भी है कि विरोध करने पर देख लेने की धमकी भी युवती को दी गई है। युवती शहर के एक लब्धप्रतिष्ठित मॉल में काम करती है। स्पा मसाज पार्लर के संचालक बबन सिंह के इस तरह के बराबर हरकत किए जाने से तंग आकर पीड़िता ने मामला दर्ज कराई है। अपने लिखित तहरीर में पीड़िता ने पुलिस को बताई है कि उसके साथ एक और युवती जो उसके साथ काम करती हैं। इन सभी के साथ अक्सर ऐसी हरकतें करने की बात कही है। हालांकि मामला दर्ज हुए कई दिन बीत गए लेकिन पुलिस की पकड़ से आरोपी अभी दूर हैं। स्पा सेंटर मजे से चल भी रहा है। स्पा सेंटर थाना से महज पचास गज की दूरी पर सूर्या होटल के समीप सिद्धार्थ मार्केट में है। प्रतिष्ठान का नाम रिलैक्स थाई स्पा मसाज पार्लर है। फि लहाल सिविल लाइंस थाना की पुलिस के हाथ आरोपी तक नहीं पहुंची है।

बिजली चोरी करने को लेकर सात पर प्राथमिकी

कोंच (रासासं): गया प्रखंड क्षेत्र के देवरा एवं बलवापर गांव में बिजली चोरी मामले में 7 लोगों पर जुमार्ना लगाया गया और प्राथमिकी दर्ज शनिवार को हुआ है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर विद्युत कनीय अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी दल का गठन किया गया और रेड किया गया है। जिसमें गुलबिया देवी पति अवधेश यादव पर 15788 रुपए, कौशल्या देवी पति लालदेव पासवान पर 29960 रुपए, सनोज पासवान पिता कपिल पासवान पर 15524 रुपए, राजकुमारी देवी पति जयराम चौधरी पर 23231 रुपए, अशोक चौधरी पिता रामदास चौधरी पर 20550 रुपए, फूलमती देवी पति बाल मुकुंद ठाकुर पर 23307 रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। उक्त सभी लोग गरारी पंचायत के ग्राम देवरा के हैं। वहीं, गौहरपुर पंचायत के ग्राम बलवापर के रहने वाले रामजतन चौहान पिता रामकेश्वर चौहान पर 2305 रुपए का जुमार्ना लगाया गया है और उपरोक्त सभी लोगों पर प्राथमिकी दर्ज हुई है।

हम के पदाधिकारी को प्रतिनिधि मनोनीत करने पर कार्यकर्ताओं में खुशी

गया (रासासं): हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा(से) के संस्थापक, सांसद गया और भारत सरकार के मंत्री जीतन राम मांझी अपने संसदीय क्षेत्र गया लोकसभा के अपने प्रतिनिधि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता रोहित कुमार तथा सह प्रभारी प्रतिनिधि सदर अनुमंडल गया नंदलाल मांझी एवं सह प्रभारी प्रतिनिधि शेरघाटी अनुमंडल मो. शिवगतुल्ला खान उर्फ टुटू खान को मनोनीत किया गया। इस बात की जानकारी पार्टी के गया जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी ने दी। पार्टी के सभी पदाधिकारी को प्रतिनिधि मनोनीत करने पर पार्टी के सभी कार्यकर्ता काफी खुशी का इजहार किया और अपने नेता जीतन राम मांझी तथा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संतोष कुमार मांझी के प्रति आभार व्यक्त किया। जिला अध्यक्ष नारायण मंत्री ने कहा इन सभी साथियों के मनोनय से गया लोकसभा क्षेत्र के आम लोगों की समस्याओं को समाधान करने में और त्वरित गति से उन समस्याओं का निष्पादन होगा। खुशी जाहिर करने वालों ने पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश सिंह मार्कंडेय प्रसाद दिलीप यादव, कमलेश सिंह कौशलेंद्र प्रसाद राधेश्याम प्रसाद, असद परवेज, सुषमा दागी, शंकर मांझी, छोटू कुशवाहा अनिल यादव सुधीर यादव, मो. एकराम खान, विजय कुमार, रामसनेही मांझी, राकेश कुमार, संतोष सागर, राकेश कुमार, आयुष पासवान, रूबी देवी, राजेश मांझी, सुनील कुमार आदि मौजूद थे।

कोंच और आंती थाने में लगाया गया जनता दरबार, मामले को किया गया निपटारा

कोंच (रासासं): कोंच थाना और आंती थाना में भुमि से संबंधित मामले को लेकर जनता दरबार लगाया गया। वही सिआइ सुरेंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की कोंच थाने में दो मामले आए जिसमें आवेदक सरफुद्दीन अंसारी ग्राम रेवाडा थाना चाकंद प्रतिवादी कमलेश यादव ग्राम धनछुही जमीन धनछुही में दोनों पक्षों को अगला शनिवार को सुनवाई के लिए बुलाया गया है। वही जोधी यादव ग्राम कमलविघा प्रवीण यादव वगैरह बंटवारे से संबंधित मामले को लेकर सक्षम प्राधिकार में जाने की सलाह दी गई। वही मौके पर कोंच थानाध्यक्ष धंनजय कुमार सिंह, राजस्व कर्मचारी उज्जवल कुमार, आंती थाने में थानाध्यक्ष रंजीत कुमार राजस्व कर्मचारी मुकेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

इमामगंज प्रखंड के बेंगादोहर गांव में फैली डायरिया के बाद पहुंचे चिकित्सक

इमामगंज (रासासं): प्रखंड क्षेत्र के बेंगादोहर गांव में फैली डायरिया मामले में दो दर्जन से अधिक लोग पीड़ित है। इसे लेकर चिकित्सकों का टीम लगातार नजर बनाई हुई है। इसी कड़ी में चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सैयद अली अनवर ने अपने स्वास्थ्य टीम के साथ बेंगादोहर गांव पहुंचे। जहां घर-घर जाकर लोगों से हाल चाल लिया। उन्होंने बताया कि एक बच्चा अस्पताल आया था। जिसे इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है।

कुएं का गंदा पानी पीने से फैला डायरिया: प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सैयद अली अनवर ने बताया की डायरिया फैलने का मुख्य कारण पीने का गंदा पानी है। उन्होंने कहा कि गांव में एक भी हैंडपंप नहीं है। ग्रामीण कुआं के गंदा पानी प्रयोग में ला रहे है और बीमार पड़ रहे है। उन्होंने बताया कि हालांकि सभी जगह पर दवा का छिड़काव करवाया गया है। फिलहाल स्थिति सामान्य हो गई है।

जगलाल भवन सभागार में शिक्षा सेवकों की बैठक

इमामगंज (रासासं): प्रखंड के जगलाल भवन सभागार में शिक्षा सेवकों का एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बिगन भुइयां एवं संचालन प्रखंड अध्यक्ष नरेश रजक ने किया। बैठक में संघ की मजबूती पर चर्चा की गई तथा सभी शिक्षा सेवको ने प्रखंड अध्यक्ष की कार्यों का सराहना किया तथा आगे भी इसी मजबूती के साथ कार्य करने की उम्मीद जताई। ताकि शिक्षा सेवकों की किसी भी कार्य को समय अनुसार किया जा सके। बैठक अजीत भारती, धर्मेंद्र दास, सियाराम रजक, संदीप कुमार, अनूप चौधरी, कृष्णा भुइयां, कमला कुमारी, मालती कुमारी, रामविलास भारती, प्रदीप रजक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने बताया, क्यों वे हर वर्ष पितृपक्ष मेला की तैयारियों का जायजा लेने आते हैं 'गयाजी'

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गया: गयाजी में 17 सितंबर से शुरू हो रहे विश्वप्रसिद्ध पितृपक्ष मेला की तैयारी एवं अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को गयाजी आए। गया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे मुख्यमंत्री का स्वागत गया जिला पदाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम ने किया। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विष्णुपद मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात मुख्यमंत्री मोक्षदायिनी फल्गु नदी के किनारे आयोजित कार्यक्रम स्थल से विष्णुपद मंदिर तक वैकल्पिक पहुंच पथ तथा एकीकृत जलनिकासी कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया और नवनिर्मित पथ का निरीक्षण किया। यह नवनिर्मित पथ मानपुर पुल से सीधे विष्णुपद मंदिर को जोड़ता है। साथ ही यह पथ विष्णुपद मंदिर को सीधे एनएच-82 से जोड़ेगा। जिससे संकीर्ण मार्ग से घूमकर मंदिर जाने की आवश्यकता तीर्थयात्रियों को नहीं पड़ेगी। इस पथ से सीताकुण्ड, गयाजी धाम, विष्णुपद मंदिर और एनएच-82 तक एक कॉरिडोर के रूप में दिखेगा। इससे आवागमन में श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत होगी। साथ ही उन्होंने रिमोट के माध्यम से मनसरवा नाला पर घुघरी टांड़ मोड़ से फल्गू नदी तट तक बॉक्स नाला-सह-सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। एनएच-82 से विष्णुपद मंदिर के समीप तक पीसीसी पथ/नाला का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने विष्णुपद मंदिर के समीप बंगाली आश्रम से एनएच-82 सुब्रत पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य एवं एनएच-82 पथ के किनारे एक तरफ वाहन पड़ाव एवं रैम्प निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने ब्रह्मयोनि एवं प्रेतशीला पहाड़ी पर मृदा जल संरक्षण कार्य का भी शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि हर साल इसकी समीक्षा करने क्यों आते हैं: समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पितृपक्ष मेले में देश के कोने-कोने एवं विदेशों से तीर्थयात्री बड़ी संख्या में श्रद्धाभाव से अपने पूर्वजों का पिंडदान और तर्पण करने गया की मोक्षभूमि आते हैं। पितृपक्ष मेले की महत्ता को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर व्यापक एवं बेहतर तैयारी रखें। उन्होंने कहा कि मैं इस बात को नहीं भूल सकता हूं कि एक बार मुझे एक महिला श्रद्धालु ने बताया था कि यहां पिंडदानियों को काफी दिक्कत होती है। जब से हमें काम करने का मौका मिला, हमने पिंडदानियों की सुविधाओं को लेकर कई काम किए। हर वर्ष पितृपक्ष मेले की तैयारियों का जायजा लेने आते हैं और यहां आने वाले श्रद्धालुओं की हर प्रकार की सुविधाएं सुनिश्चित की जाती हैं।

पंडा समाज ने गयाजी के विकास के लिए जताया आभार: समीक्षा बैठक के दौरान पंडा समाज के प्रतिनिधि ने मुख्यमंत्री द्वारा गयाजी के विकास के लिए किए गए कार्यों के लिए धन्यवाद दिया और उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने गया में गंगाजल को पहुंचाकर अद्भुत कार्य किया है।

शेरघाटी में दुकानदारों ने पुलिस के खिलाफ निकाला शांति मार्च

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

शेरघाटी: शहर में बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े लूट की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। जिसपर शेरघाटी पुलिस क्राइम पर काबू पाने में कही न कही असफल साबित हो रही है। जिसके चलते शेरघाटी शहर में अपराधियों का हौसला बुलंद दिख रहा है। बढ़ते लूट कांड की घटनाओं से दुकानदार असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जिसके कारण लोग डरे सहमे से है। ऐसा लग रहा है कि पुलिस प्रशासन का भय अपराधियों में खत्म हो चुका है। दिनदहाड़े अपराधी दुकानदारों को टारगेट कर लूट रहे हैं। बढ़ते अपराध को लेकर शहर के व्यवसायिक संघ के द्वारा रविवार को बाजार बंद का आह्वान किया गया। जिसका समर्थन जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं शहर के सभी दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर हजारो की तदाद में एकजुट होकर जेपी चौक से मुख्य बाजार होते हुए थाना मोड तक पुलिस प्रशासन के खिलाफ हाथो में काला पट्टी बांधकर शांति मार्च निकाला गया। प्रदर्शनकारियों ने शेरघाटी थानाध्यक्ष अजित कुमार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और शहर में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ाने एवं चुस्त दुरुस्त करने की मांग किया और लूटकांड मामले में अपराधियों को चिन्हित कर जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने की मांग किया गया। वही जुलूस का नेतृत्व कर रहे नगर परिषद प्रतिनिधि पवन किशोर, राजद नेता प्रमोद कुमार वर्मा, समाजसेवी आबीद ईमाम, भाजपा नेता संतोष गुप्ता, शमीम अहमद, जयंत कुमार सिंह, दीनानाथ पांडे हजारों की संख्या में जुलूस में शामिल थे।

जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का आयोजन कल से, डीएम करेंगे उद्घाटन

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गया: खेल विभाग बिहार सरकार बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना जिला प्रशासन गया के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 9 से 12 सितंबर तक आयोजित होगी। प्रतियोगिता के सफल संचालन न हेतु विभिन्न जिला खेल पदाधिकारी श्री नरेश कुमार चौहान की अध्यक्षता में विभिन्न खेल संघ के पदाधिकारी एवं विभिन्न खेल विद्या के संयोजकों के साथ बैठक जिला खेल भवन में आयोजित हुई। प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतू विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है। इसी प्रतियोगिता के आधार पर राज्य स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के लिए गया टीम की घोषणा की जाएगी।

एथलेटिक्स में कल 176 विद्यालय कबड्डी में 62 विद्यालय खो खो में 52 विद्यालय फुटबॉल में 28 विद्यालय वॉलीबॉल में 24 विद्यालय पूरे ओवर ऑल 400 विद्यालय की 5000 खिलाड़ी लगभग जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं। 9 सितम्बर को खेल परिसर स्टेडियम गया में जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता अंडर 14/17/19 बालक बालिका वर्ग मे यह प्रतियोगिता आयोजित होगी। प्रतियोगिता मे एथलेटिक्स, कबड्डी, खोखो, बैडमिंटन, टेटे. बॉलीबॉल, कुशती, भारोत्तोलन, तैकवांडो, कराते, क्रिकेट, हैंडबॉल, योगा, वुशू फुटबॉल, बास्केटबॉल आदि खेल विधाओं का आयोजन किया जाएगा। आनंद शंकर तिवारी शरीरिक शिक्षा शिक्षक एवं श्री जितेंद्र कुमार शरीरिक शिक्षा शिक्षक को संयोजक और सह संयोजक बणाया गया हैं। डॉ त्यागराजन एस. एम., भा. प्र. से. जिला पदाधिकारी, गया के द्वारा 9 सितंबर को खेल परिसर स्टेडियम, गया मे इस प्रतियोगिता का उद्घाटन किया जायेगा।

विश्व प्रसिद्ध ध्यान प्रशिक्षक श्रेयांस डागा हुए शामिल, निकाली गई शाकाहार रैली

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

बोधगया: पत्रीजी बोधगया ध्यान महायज्ञ 2024 के दूसरे दिन बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही, सुबह 5 बजे से ही लोगों के आने का तांता इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, बोधगया की ओर लगा रहा, कार्यक्रम के शुरूआत में 2 घंटे का लाइव संगीत ध्यान सत्र का आयोजन हुआ जिसमें एक साथ 1000 से अधिक लोगों ने ध्यान किया। कार्यक्रम के अगले सत्र में देश के दूसरे राज्यों से आये वरिष्ठ पिरामिड मास्टर्स ने ध्यान से सम्बंधित लोगों के प्रश्नों का जवाब दिया और ध्यान के महत्वपूर्ण गुणों के बारे में बताया।

आज का कार्यक्रम मुख्य रूप से विश्व के प्रसिद्ध ध्यान प्रशिक्षक श्रेयांस डागा के इर्द-गिर्द रहा, श्रेयांस डागा ने अपने सत्र में ध्यान से सम्बंधित कई प्रमुख बातों का उल्लेख किया जैसे मनुष्य के जीवन पर ध्यान का प्रभाव, ध्यान से मानसिक और शारीरिक शांति, ध्यान से कई रोगों से छुटकार, सांस कैसे काम करती है (ब्रेथ वर्क) कई बातों पर उन्होंने अपनी बातें लोगों के समक्ष रखी और लोगों के प्रश्नों का जवाब दिया।

आगे के सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत किये गए डांस और गानों पर लोग झूम उठे। पशुओं की अदालत से सम्बंधित कार्यक्रम में जानवरों पर किये जा रहे हिंसा और उनकी व्यतथा और व्याकुलता को प्रस्तुति के जरिये लोगों के समक्ष रखा गया। बिहार के सभी जिलों से आये ध्यान मास्टर्स ने अपने विचार रखे और लोगों को ध्यान क्यों करना चाहिए इसके बारे में लोगों को बताया। दूसरे दिन के कार्यक्रम के अंत में एक भव्य शाकाहार रैली निकाली गयी जिसमे बड़ी संख्या में लोग पिरामिड टोपी पहन और ध्यान एवं शाकाहार से सम्बंधित संदेशों को लोगों तक पहुंचाने के लिए समूह में इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर से निकल कर, सुजाता बाईपास मोड़ होते हुए टिक्का बीघा पर रैली की समाप्ति की।

मालूम हो कि विगत 9 महीनों में पिरामिड स्पिरिचुअल सोसायटीज मूवमेंट एवं बिहार पिरामिड मेडिटेशन फाउंडेशन के द्वारा बिहार में लगभग 28 हजार से अधिक लोगों को ध्यान सिखाया गया है।

निर्वाचित प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों के लिए 5 दिवसीय एमडीपी का किया समापन

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

बोधगया : आईआईएम बोधगया ने, पंचायती राज मंत्रालय के सहयोग से, निर्वाचित प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों के लिए पांच दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी) का समापन किया। 6 सितंबर, 2024 को आयोजित एमडीपी के समापन सत्र का उद्देश्य स्थानीय नेताओं को जमीनी स्तर पर बेहतर नेतृत्व और प्रभावी शासन के लिए कौशल से लैस करना था। प्रतिभागियों ने सतत विकास लक्ष्य, ग्रामीण नवाचार, डिजिटल सहित विभिन्न प्रबंधन पहलुओं पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। ग्राम विकास के लिए परिवर्तन और आईसीटी, पंचायत में बजटीय नियंत्रण प्रणाली। इन सत्रों को प्रतिभागियों को उनके समुदायों के सामने आने वाली अनूठी चुनौतियों का समाधान करने के लिए ज्ञान और उपकरणों के साथ सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया था।

आईआईएम बोधगया की निदेशक डॉ. विनीता एस. सहाय ने स्थानीय नेताओं के लिए प्रबंधन प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और प्रतिभागियों को यह अवसर प्रदान करने में संस्थान का गौरव व्यक्त किया। समापन सत्र के दौरान, उन्होंने बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे सात राज्यों से भाग लेने वाले पंचायती राज संस्थानों के 34 निर्वाचित प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। प्रतिभागियों में से एक, राजस्थान की एक सरपंच, नीरू यादव ने कहा कि सत्र प्रतिभागियों को खुद को निखारने में मदद करेंगे और सीखने के अनुभव के लिए संकाय और निदेशक के प्रति आभार व्यक्त किया। 73वें संवैधानिक संशोधन द्वारा स्थापित पंचायती राज संस्थान (पीआरआई)। 1992, भारत के ग्रामीण शासन की कुंजी हैं। वे सत्ता का विकेंद्रीकरण करते हैं, स्थानीय समुदायों को खुद पर शासन करने और उनकी विशिष्ट विकास आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बनाते हैं। आईआईएम बोधगया और पंचायती राज मंत्रालय के बीच सहयोग नेतृत्व और प्रबंधन क्षमता विकसित करने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

धूमधाम से मनाया गया महात्मा गणिनाथ गोविंद जी की जयंती

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

इमामगंज: प्रखंड क्षेत्र के रानीगंज स्थित श्री गोपाल जी ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में इमामगंज विधानसभा स्तरीय अखिल भारतीय मध्यदेशीय हलवाई वैश्य सभा द्वारा महात्मा गणिनाथ गोविंद जी का जयंती भव्य समारोह आयोजित कर मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को प्रातः काल प्रभात फेरी के साथ किया गया। इसके पश्चात हवन, पूजन पाठ, झंडा तोलन के साथ किया गया। इधर हलवाई समाज के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। तथा समाज मे शिक्षा के क्षेत्र में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले एक सौ से अधिक बच्चों को पुरस्कार देकर हौसला बढ़ाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आए नैना देवी, जिला अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता ,जिला पार्षद प्रतिनिधि धर्मवीर गुप्ता आदि ने युवाओं को राजनीति एवं शिक्षा के क्षेत्र में आगे आने पर जोर दिया है। वक्ताओं ने कहा कि हमारा समाज हर समाज के सुख-दुख में भागीदारी निभाते है। हलवाई समाज ना हो तो किसी समाज के समारोह में चार चांद नहीं लग सकता है। कार्यक्रम में मंच का उद्घाटन मठ के महंत विचार दास तथा संचालन प्रखंड सचिव मनीष कुमार गुप्ता ने किया। इस मौके पर बांके बाजार प्रखंड संयोजक शेखर कुमार गुप्ता, इमामगंज प्रखंड संयोजक श्याम सुंदर प्रसाद गुप्ता, डुमरिया प्रखंड संयोजक संतोष कुमार गुप्ता, पूजा समिति के अध्यक्ष सुदर्शन प्रसाद गुप्ता, पूजा समिति के कोषाध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता आदि दर्जनों कार्यकर्ता इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अथक प्रयास कर रहे थे।

आरोपी ने गवाह को मारकर किया बेहोश, थाना में पीड़ित ने दी तहरीर

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गया: गया शहर में एक गवाह को केस में गवाही देने से मना करने वाले एक कांड के आरोपी ने गवाह को हेलमेट से वार कर घायल कर दिया। जिससे वो अचेत हो गया। जब होश में आया तो खुद को अस्पताल में पाया। अपने साथी के सहयोग से उसने कोतवाली थाना में एक लिखित तहरीर दी है। आरोपी का संबंध टेकारी थाना के एक कांड से है।

पीड़ित अर्जुन कुमार ने कोतवाली थानाध्यक्ष को लिखे तहरीर में बताया है कि उसके पिता का नाम स्व० भोला ठाकुर है। जो कि खावा नाला रोड, थाना विष्णुपद का रहने वाला है। उसने कहा है कि टिकारी थाना कांड संख्या 161/24 में गवाह हूँ। उसने कहा है कि 5 सितंबर को सुबह करीब आठ बजे ओमकार तिवारी पिता सुरेंद्र तिवारी निवासी ग्राम- गम्हरीया, पोस्ट- टॅडवा, थाना- नोखा, जिला- रोहतास एवं इनका वर्तमान पता, मोहल्ला नई गोदाम, थाना- कोतवाली, ज़िला - गया के निवासी उन्हें गया शहर के गोलपत्थर के पास अचानक मिल गए। बोलने लगे कि केस में गवाह क्यों बने हो? गवाही देने मत जाना, नहीं तो अंजाम बुरा होगा। जब उन्होंने कहा कि जो भी होगा अब कोर्ट में देख लेंगे तो गाली देते हुए हमारे ही हेलमेट से सिर पर मार दिया। जिससे सिर फट गया। खून से लथपथ होकर बेहोश हो गया। उन्होंने कहा है कि शायद किसी ने मुझे उठाकर उन्हें अस्पताल में भर्ती करा दिया होगा, क्योंकि होश में आने के बाद मैं अपने आप को जयप्रकाश नारायण सदर अपस्ताल में पाया। उन्होंने कहा है कि मैं अपने मित्र की सहायता से आवेदन लिखवा कर दे रहा हूं। आरोपी के विरुद्ध उचित कानूनी कारवाई करने की मांग की है।

सीयूएसबी में एनईपी 2020 संवेदीकरण पर आठ दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गया: दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) में ₹राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अभिमुखीकरण और संवेदीकरण₹ विषय पर केंद्रित आठ दिवसीय ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (शिक्षक विकास कार्यक्रम - एफडीपी) का शुभारंभ हो गया । सीयूएसबी के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र ने भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा समर्थित यूजीसी मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमएमटी-पीपी) योजना के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया है। सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह की देखरेख में आयोजित इस ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश भर के उच्च शिक्षण संस्थानों (एचईआई) के 80 से अधिक शिक्षक और शोधकर्ता शामिल हुए हैं।

उद्घाटन सत्र की मुख्य अतिथि के रूप में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) की कुलपति प्रो. नईमा खातून ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी) के महत्व पर अपने विचार साझा किये उन्होंने एनईपी के परिदृश्य में वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में कई तरह के बदलाव लाने के साथ - साथ उच्च शिक्षा में अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने अनुभवात्मक शिक्षा को पाठ्यक्रम में सुचारू रूप से शामिल करने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसे प्रमुख मुद्दों पर भी जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने 21वीं सदी में शिक्षकों के सामने आने वाली चुनौतियों और राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने इसे 'विकसित भारत @2047' के दृष्टिकोण को प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण साधन बताया।

जनसंपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि दूसरे सत्र में प्रो. ओ.पी. राय, पूर्व उप-कुलपति, सीयूएसबी और निदेशक, बनारस शिक्षक शिक्षा संस्थान, वाराणसी ने पारस्परिक कौशल विकसित करने पर विशेष रूप से जोर दिया। इससे पहले कार्यक्रम के औपचारिक उद्घाटन के पश्चात कॉमर्स विभाग के अध्यक्ष प्रो. ब्रजेश कुमार ने स्वागत भाषण दिया। आगे कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा डॉ. तरुण कुमार त्यागी, निदेशक, एमएमटीटीसी, सीयूएसबी द्वारा प्रस्तुत की गई।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य देश के संकाय सदस्यों और शिक्षाविदों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में संवेदनशील और जागरूक करना है। कार्यक्रम का समापन डॉ. रचना विश्वकर्मा, सहायक प्राध्यापक, कॉमर्स द्वारा धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस कार्यक्रम का समन्वय डॉ. रचना विश्वकर्मा और श्रीमती रेणु (सहायक प्राध्यापक, कॉमर्स) द्वारा किया गया। छात्र समन्वयकों में शोधार्थी साकेत, रोशन, और शिवांगी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

हम रिटायर हों ही क्यूँ जब उम्र एक अंक मात्र है

विजय मारू

क्या आप जानते हैं कि मानव की सबसे गुणवत्तापूर्ण परिणाम देने वाली आयु कौन सी होती है? किस आयुवर्ग में मनुष्य सर्वाधिक उपयुक्त हो सकता है?

बीस से तीस?

पच्चीस से पैंतीस?

जी नहीं

साठ से सत्तर।

जी, सही पढ़ा आपने। 60 से 70 आयुवर्ग के व्यक्ति सबसे बेहतर गुणवत्तापूर्ण परिणाम दे सकते हैं। ये जानकारी कोई और नहीं, न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन की रिपोर्ट से है जो 2018 में प्रकाशित हुई। एक और ध्यातव्य तथ्य है कि नोबल पुरस्कार पाने वालों की औसत आयु 62 वर्ष है। दुनिया की सर्वाधिक ख्यातिलब्ध फार्च्यून 500 कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की औसत आयु भी 63 वर्ष है। मानव को संसाधन यूं ही नहीं कहा जाता, अंग्रेजी में कहें तो हम सब रिसोर्सेस हैं जिनकी कुछ न कुछ प्रासंगिकता अवश्य है। जिस आयुवय में मानव अपने सर्वोत्तम परिणाम देने की स्थिति में आता है, दुर्भाग्य से सेवाओं से निवृत्त कर दिया जाता है। सोचिये, जिस व्यक्ति ने अनुभव और ज्ञान को अर्जित किया हो, उसकी प्रतिभा रिटायर होकर यूँ ही व्यर्थ हो जाए तो देश और समाज का कितना नुकसान हो? ऐसे मानव संसाधनों के अनुभवी

ज्ञान का उपयोग राष्ट्र निर्माण एवं समाज कल्याण में लगे तो भारत देश प्रगति के नित नव सोपान गढ़े।

ये प्रतिभा संपन्न मानवीय संसाधन यदि किसी संस्था के माध्यम से अपने अनुभव एवं ज्ञान का प्रयोग किसी विशेष परियोजना अथवा कार्य में लगाएँ तो विकास की गति को तीव्र करने में क्या ही समय लगे? एक विश्वसनीय रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिदिन 15,000 लोग, केवल भारत में, सेवानिवृत्त होते हैं। मान लीजिये कि एक व्यक्ति औसतन 25 वर्ष की आयु में नौकरी/स्व-रोजगार पर नियुक्त होता है और 60 वर्ष तक कार्यरत रहता है, तो औसतन प्रतिव्यक्ति 35 वर्षों का अनुभव, ज्ञान, स्किल हम विगत अनेकों वर्षों से खोते चले आ रहे हैं, इनके रिटायरमेंट के पश्चात। यदि इस अनुभव का उपयोग किया जाए तो अरबों-खरबों रुपये का लाभ सरकार को हो, तथा सेवानिवृत्ति के पश्चात भी लोग अपने अर्थ को सुदृढ़ करते रहें और देश को भी पेंशनर्स की जगह सेल्फ-एम्प्लॉयड/स्किल्ड वर्कफोर्स मिलेगा जो अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा और पारिवारिक एवं सामाजिक रूप से भी सर्वस्वीकार्य एवं सम्मानित होंगे। रिटायर होने के बाद घर बैठने वाले बुजुर्ग समाज एवं परिवार में वही सम्मान एवं स्वीकार्यता नहीं पाते जो उनके पहले सहज ही प्राप्य थी। ऐसे में मानसिक तनाव एवं उससे उपजी बीमारियों के इलाज में होने वाले खर्च का बोझ परिवार पर भी पड़ता है, समाज पर भी एवं राष्ट्र पर भी। देश जिस अनुभव से आगे बढ़ सकता है उससे भी वंचित रह जाता है।

इसीलिए, सिर्फ शरीर और मन् को ही चलायमान मत रखिये, अपने कौशल एवं अनुभव का उपयोग कीजिये। खुद को किसी संस्था के साथ, सामाजिक संगठनों के साथ अथवा सरकारी/व्यक्तिगत/स्वरोजगार के कार्यों में लगा कर तनाव से भी मुक्त रहा जा सकता है। इसके साथ ही देश की जीडीपी में भी योगदान दिया जा सकता है एवं समाज में प्रतिष्ठा बनाये रखी जा सकती है। यदि आप किसी भी प्रकार के रुग्ण(बीमारी) से पीड़ित न हों तो बहुत संभव है कि 75 वर्ष की आयु में भी सहज रूपेण कार्यरत रहा जा सकता है। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति एन वी रमन्ना ने भी कहा कि उच्चतम न्यायालयों के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष करने पर विमर्श किया जाना चाहिए, उनके पास अभी भी सामाजिक जीवन में कार्यरत रहने योग्य ऊर्जा है। व्यक्तिगत अनुभवों से एक प्रसंग साझा करना चाहूंगा, कोई दो वर्ष पूर्व मुझे एक 94 वर्षीय महानुभाव से मिलने का अनुभव मिला। उनकी ऊर्जा अचंभित कर गई। उनके जीवन दर्शन ने मुझे प्रेरित किया, युवासदृश ऊर्जा का अनुभव हुआ। इसी तरह एक 52 वर्षीया महिला से भेंटवार्ता हुई।

आश्चर्य जनक तथ्य यह है कि उन्होंने 48 वर्ष की आयु में पर्वतारोहण के विषय में सीखना आरंभ किया और विश्व की प्रमुख ऊँची चोटियों पर अपने साहस एवं परिश्रम का ध्वज सफलतापूर्वक गाड़ भी दिया। अभिप्राय यह है कि यदि मानव तय कर ले तो आयु एक अंक ही है, ये मानक स्थापित हो जाता है ऐज इज जस्ट ए नंबर। जब तक आप स्वस्थ हैं, कार्यरत रहिये। इस पंक्ति का एक दूसरा पहलू ये भी है कि जब तक आप कार्यरत हैं, आप स्वस्थ हैं। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने भी कर्म को ही प्रमुख कहा है। यह विश्व कर्मप्रधान है। हम कर्म करते रहते हैं, स्वस्थ रहते हैं किन्तु जैसे ही रिटायर होकर कर्म त्याग देते हैं, तनाव से दोस्ती हो जाती है, बीमारियाँ बेरोकटोक आती जाती हैं। इसीलिए मानव को कर्म करते रहना चाहिए, रिटायर होने का भाव त्याग कर। वैसे भी योगिराज प्रभु श्री कृष्ण ने कहा है-

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोस्त्वकर्मणि॥

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं नेवर से रिटायर्ड मिशन के प्रणेता हैं। इस ध्येय की बाबत वह इससे संबंधित वेबसाइट का भी संचालन करते हैं और उनके फेसबुक ग्रुप नेवर से रिटायर्ड फोरम के सोलह सौ से अधिक सदस्य बन चुके हैं।)

व्यंग्य

टैगाने की आत्मविभोरता

ब्रजेन्द्र नाथ मिश्र

आजकल अंतर्जाल में फेसबुक नामक सामयिक साइट पर डाला जाने वाला पोस्ट अपने दोस्तों और करीबियों से अनदेखा न रह जाय, इसके लिए उससे उन दोस्तों और करीबियों के नाम टैग यानि संलग्नित करने का चलन बहुत जोरों पर है। इसके आशीत, आशातीत और अप्रत्याशित परिणाम देखने को मिलते रहे हैं। यह सुखदायी भी हो रहा है, और दुखदायी भी। आपने इस रचना के शीर्षक में एक शब्द पढ़ा होगा, टैगाना। इसका अर्थ अगर नहीं समझ पाए तो अनर्थ भी हो सकता है। इसीलिये इसे समझना जरूरी है।

अगर किसी कन्या या महिला ने अपने पोस्ट से आपको टैग किया है, तो आप अपने को भाग्यशाली समझने लगते हैं। आप अपने को साधारण से असाधारण, या अगर विशिष्ट समझते हैं तो अतिविशिष्ट समझने का वहम पालने लगते हैं। वैसे भी आप इतनी कवितायें, कहानियां सोशल साइट पर डालते रहते है, कि लोग अजीज आकर लाइक वगैरह डाल देते हैं, तो आप अपने को विशिष्ट समझ लें, इसमें आपका दोष भी नहीं है। जमाना ही ऐसा है। वैसे भी लेखक और वह भी हिंदी के लेखक नामक प्राणी को कोई घास तो डालता नहीं, पढ़ने की तो बात ही दीगर है। हिन्दी में पाठकों का अकाल पड़ गया है या आप का लिखा ही इतना घटिया है कि लोग पढ़ना तो दूर झांकना भी पसंद नहीं करते हैं। ऐसे में अगर कोई कन्या या महिला आपको अपने लेखकीय कर्तृत्व के साथ टैग कर देती है तो आपकी बांछे खिलनी ही चाहिए। अगर नहीं खिलती हैं, तो यह सोचने पर विवश होना पड़ेगा कि आप किस श्रेणी में आएंगे। बिना खुश हुए तो गदहा भी नहीं रहता होगा। हम लोग टैगाना शब्द पर चर्चा कर रहे थे। टैगाना शब्द मूलत? टैग धातु से आया है। टैग धातु वह धातु है जो धातु नहीं होते हुए भी धातु है। यह आँग्ल भाषा में अंतर्जाल के फेसबुक नामक सामाजिक कर्तृत्व किए जाने वाले स्थल पर अक्सर प्रयोग किया जाने लगा है। यह एक साथ सकर्मक और अकर्मक दोनों ही क्रिया रूपों में प्रयुक्त होता है। इसको अकर्मक क्रिया रूप में प्रयोग किया जाय तो उसे 'टैगना' कहा जाएगा। टैगना यानि फेसबुकीय मित्रमंडलीय विस्तार में स्त्रीलिंगीय या पुलिंगीय या दोनों लिंगीय या अलिंगीय प्राणी को टैग यानि संलग्नित किये जाने से संबंध रखता है।

जैसेः माला ने श्रीमाली को फेसबुक पर डाले गए पोस्ट से टैग कर दिया।

इसी वाक्य पर अगर यह प्रश्न उठाया जाए, जो जमाने से उठाया जाता रहा है कि माला ने श्रीमाली को ही क्यों टैग किया?

या श्रीमाली ने माला से ही क्यों टैगाया? तो यह टैगना क्रिया का सकर्मक रूप कहा जाएगा।

इसका सकारात्मक पहलू यह हो सकता है कि माला ने श्रीमाली को ही टैगने के लिये पसंद किया?

क्या माला और श्रीमाली के बीच कुछ-कुछ होने जैसा अरसे से हो रहा है?

या श्रीमाली ही ऐसा था जिसने माला से 'टैगाने' के लिए अपने को प्रस्तुत किया?

यह विश्लेषण यहां पर इसलिए बेमानी हो जाता है क्योंकि फेसबुक में श्रीमाली जैसे कई मित्रों और मित्राणियों का फेस उभर आता है, जिसमें से माला जैसियाँ किसी को भी टैग कर सकती हैं। वहाँ न खाप पंचायतों का डर है और न टैगाने से कोई भाग सकता है।

तो इससे यह स्पष्ट होता है कि टैगने और टैगाने के लिए यहाँ हर कोई स्वतंत्र है। परंतु यहां पर एक भयंकर और दारुण लोचा उत्पन्न हो रहा है जिसकी चर्चा मैं उदहारण के साथ करूँगा। आप जरा ध्यान दीजिएगा। मैंने हाल ही में फेसबुक पर एक महिला का एलान देखा, अगर किसी ने मुझे टैगने की कोशिश की, तो मैं उसे अमित्र या अन्फ्रेंड का दूंगी।

टैगमुक्ति के लिए वैसे उनका यह ऐलान काबिलेतारीफ है, लेकिन इसमें इसकी भी संभावना बन सकती है कि वे अगर खुद भी किसी को टैग करना चाहें तो प्रतिक्रिया स्वरुप उन्हें भी अमित्र किया जा सकता है। टैगमुक्ति का यह तरीका प्रभावी होते हुए भी विपरीत परिणाम उत्पन्न करने वाला हो सकता है। अतः टैग किये जाने पर टैगाने का सुख प्राप्त करना इस कलियुग में परमसुख की तरह है। हाँ , इसके लिए अगर टैगने वाला या वाली आकर्षक व्यक्तित्व का हो और उनकी पोस्ट भी आपकी रुचि का हो, तो टैगाने का सुख और आनंद कई गुना बढ़ जाता है। इसलिए इस सुख का लाभ लेना चाहिए। हाँ, आपके अनुसार अगर आपको किसी आपत्तिजनक पोस्ट के साथ टैग किया गया हो, तो आप पोस्ट की गुणवत्ता के बारे में रिपोर्ट कर सकते है और उन जनाब का अकाउंट ही गोल करवा सकते है। यह एक वैधानिक चेतावनी भी है और वैसे पोस्ट से साइट के लिए स्वच्छता अभियान का आगाज़ भी कर सकते हैं।

आजकल फेसबुक पर अक्सर यह चेतावनी पोस्ट करते हुए लोग टैग करने वालों को विभिन्न उपाधियां जैसे टैगासुर या टैगादैत्य से नवाजने लगे हैं। आप अगर स्वच्छता अभियान में लग जायेंगे तो आप को इन उपाधियों से कभी नहीं अलंकृत किया जाएगा। इसकी पूरी गारंटी है। हाँ, भविष्य में आपको टैगश्री, टैगभूषण, टैगविभूषण या टैगरत्न आदि पुरस्कारों से सम्मानित किया जा सकता है।

पहले आप अनगिनत लोगों को टैग कर सकते थे। परंतु अभी मार्क जुकरबर्ग को लगा होगा कि एक ही व्यक्ति या व्यक्तिन इतने लोगों को एक साथ टैग कर दे, यह बिलकुल नाइंसाफी है, इसलिए उसकी अधिकतम संख्या की सीमा निर्धारित कर दी गयी है। इस सीमा में आप आ जाते हैं, यह फख्र की बात है। इसलिए टैगने का यह परम पुनीत कार्य सभी मित्रों और मित्राणियों द्वारा जारी रहे यही मेरी हार्दिक इच्छा है।

टैग शब्द के हिंदी शब्द कोष में प्रवेश ने एक तहलका मचा दिया है। कुछ नयी शब्दावलियों पर व्याख्यासहित गौर फरमाएं:

टैगना और टैगाना क्रिया रूप है, इससे कुछ अन्य शब्द विस्तार इस तरह दिए जा सकते हैं:

टैगाहटः टैगने के अकुलाहट को टैगाहट कहा जाता है- उसने टैगाहट पूर्ण नज़रों से हमें देखा। विशेष अर्थ- उसकी नज़रें मुझे टैगने को व्याकुल या आतुर थी।

टैगात्मक : टैग किये जाने लायक, इसके जैसे शब्द हैं, रचनात्मक। हम सबों को उनके टैगात्मक विचारों से लाभान्वित होना चाहिए।

टैगाभासः यानि दो टैग किये जाने वाले पोस्टों के बीच का विचारांतर। वाक्य - रमेश और रानी के पोस्टों में टैगाभास परिलक्षित होता है।

वैसे कई सामासिक शब्द भी बनाये जा सकते है या आगे जिनके बनाये जाने की संभावना है।

टैगाभ्यासः टैग करने के लिए आवशयक प्रैक्टिस या पूर्वाभ्यास।

टैगाचार और टैगाचरणः टैग किये जाने के कृत्य को टैगाचार और आचरण को टैगाचरण कहा जायेगा। इस टैगाचार या टैगाचरण शब्द का प्रयोग सकारात्मक या नकारात्मक सन्दर्भ में किया जाए, यह उस पोस्ट के गुणात्मक अर्थ पर निर्भर करेगा। उदाहरणस्वरूप एक वाक्य देखें: उस कन्या या उस महिला ने अपने बॉस के टैगाचार अथवा टैगाचरण से तंग आकर इसकी शिकायत थाने में कर दी। अब थानेदार को यह सोचना पड़ेगा कि शिकायत को किस धारा के अंतर्गत दर्ज किया जाए।

माएँ और पिताएँ अपने बच्चों की फेसबुकीय प्रतिभा का भविष्यालोकन करते हुए उनका नाम भी इस प्रकार रख सकते हैः

टैगेश, टैगेंद्र, टैगेश्वर, टैगाग्र, टैगागार, टैग शरण, टैगचरण, टैगनंदन, टैगुद्दीन, टैगलक, टैगार्डिन, टैगार्क, टैगीन, टैगानंद, टैगलीन आदि।

अगर यह शब्द आज से 20-25 साल पहले चलन में आया होता तो ×फल्मी संगीत में एक तहलका मच गया होताः

दीदी तेरा देवर दीवाना, चाहे कुड़ियों को टैगाना।

मेरे जीवन साथी टैग किये जा, जवानी दीवानी खूबसूरत..जिद्दी पड़ोसन, टैग किये जा।

तब तो हद ही हो जाएगी, जब गाने के बोल गोली मार भेजे में.... बदलकर, टैग कर फेसबुक में...

हो जाएगा।

प्रिय पाठकों जब भी मुझे फेसबुक में टैग किया जाता है तो मैं टैगाने की आत्ममुग्धता में कई दिनों तक विभोर रहता हूँ। उस विभोरपने से अपने को निकालने में बड़ी दिक्कत होती है। आप भी टैगाने पर अपने चरमानंद की स्थिति को अवश्य जाहिर करें।

गँवार

रंजना वर्मा उन्मुक्त



छवि बिस्तर पर लेटी लेटी सोच रही थी कि अब अम्मा का भजन चालू होगा और पूजा की घंटी बजेगी, और वह उन पर नींद तोड़ने का इल्जाम लगाते हुए चीखेगी। पर ऐसा कुछ नहीं हुआ ।ना तो पूजा की घंटी बजी और न ही उनका भजन और न ही उनकी चहल कदमी की आहट। वह थोड़ी सी चितित हुई ।

'अरे...उसे तो आज जल्दी कॉलेज जाना था...उफ, अम्मा ...मैंने तुम्हें जल्दी उठाने को कहा था ना ...तुम्हें कोई बात याद ही नहीं रहती।'

वह अम्मा पर गुस्सा हो होती हुई, बिस्तर छोड़ कर उठ खड़ी हुई । अम्मा की तरफ से कोई जवाब नहीं आया। वह उन्हें खोजती हुई रसोई घर में पहुंच गई ।अम्मा का कहीं अता पता ना था। रोज अभी तक तो वह टहल कर भी आ जाती थी।नहा धोकर उनका पूजा-पाठ भी खत्म हो जाता था। एक तरफ पिताजी के लिए चाय चढा कर ,वह उसे उठाती रहती थी। वह गुस्सा होकर उन पर चीखती ,पर उन पर कोई असर नहीं होता ।जब तक वह उठ नहीं जाती, अम्मा उसे उठाती रहती। वह और उसके पिता उसे गँवार समझते थे। उनकी हर गतिविधि पर दोनों उनका मजाक उड़ाते ।पिताजी तो उन्हें बात-बात पर जाहिल गँवार ही बोलते थे। उन दोनों की बातें सुनकर भी वह उनकी सेवा में लगी रहती थी ।आखिर अम्मा कहाँ जा सकती है ?छवि सोच रही थी ।उन्हें फोन करती हूँ ...उसने सोचा ।उसने फोन लगाया ,अम्मा का मोबाइल ड्राइंग रूम में पड़ा मुँह चिढा रहा था।

'मोबाइल लेकर क्यों नहीं जाती...अम्मा ।'...वह गुस्से से बोली। तभी उसे ध्यान आया। चार दिन पहले ही तो भाई ने अम्मा के लिए नया मोबाइल भेजा था ।अम्मा को मोबाइल इस्तेमाल करना नहीं आता था। वह कितनी बार उसके पास आई थी।... जरा मोबाइल चलाना सिखा दो।...वह उससे बोलती। वह हर बार उन्हें झिड़क देती थी।... अभी नहीं, बाद में .....अभी मुझे बहुत काम है ।

अभी वह पछता रही थी। काश मोबाइल चलाना सिखा दिया होता तो ,वह अपना मोबाइल लेकर गई होती । अरे, तुम्हारी अम्मा किधर है ?अभी तक मुझे बेड टी नहीं मिली।... उसके पिताजी उसे देखकर बोले ।

अम्मा घर पर नहीं है।...वह बोली।

कहां चली गई? पिताजी बोले ।

अब दोनों अम्मा के लिए चिंतित हो गए।

अच्छा,तुम मेरे लिए चाय बनाओ। मैं देखता हूं वह किधर गई है।... पिताजी बोले।

छवि किचेन में खड़ी चाय बना रही थी। वह सोच रही थी, वह और उसके पिता कभी भी अम्मा से ठीक से बात नहीं करते। पिताजी तो उन्हें हमेशा ही गँवार कहा करते थे ।अम्मा घर को कितना अच्छा से सजाकर रखती हैं। किचन भी कितना साफ सुथरा और सब कुछ करीने से सजा हुआ है ।वह गँवार कैसे हुई? वह सोच रही थी बस अम्मा आ जाए, वह उनका खूब ख्याल रखेगी। सबसे पहले उन्हें मोबाइल चलाना सिखायेगी। तभी बाहर ऑटो रिक्शा रुकने की आवाज आई। वह दौड़कर बाहर आई। देखा...अम्मा ऑटो से उतर रही हैं ।

कहां चली गईं थीं, आप अम्मा?...वह दौड़ कर अम्मा के गले लगते हुए पूछा ।

अरे ,मालती की मम्मी बेहोश होकर गिर गई थी ।उन्हे ही लेकर हॉस्पिटल गई थी ।...वह बोली।

फोन कर सकती थी ना।...पिता जी बोले।

मुझे नंबर याद नहीं था। ...वह बोली।

गँवार कहीं की।... पिताजी प्यार से बोलो।

तीनों हँस पड़े।

नासमझ

निर्मला कर्ण

नहीं नहीं ! ऐसा मत कहिए यह बच्चा आपका ही है।

नहीं यह बच्चा मेरा नहीं हो सकता! तू कुल्टा है! कलंकिनी है! निकल जा मेरे घर से!

ऐसा मत कहिए मैं कुल्टा या कलंकिनी नहीं हूँ,मैंने कोई गलत काम नहीं किया है।

तेरा अपना बच्चा नहीं हो जिससे तू मेरे बच्चों के लिए कभी सौतेली माँ नहीं बने, इसलिए मैंने तो अपना नसबंदी तुझसे विवाह के पूर्व ही करवा लिया था,फिर तू माँ कैसे बनने वाली है?

आप एक बार अपनी जाँच करवा लें,हो सकता है ऑपरेशन में कुछ गलती हुई हो ?

हाँ सब कुछ गलत हो सकता सिर्फ तू सही है ?

मैं सच कहती हूँ मैने कुछ भी गलत नहीं किया - गिड़गिड़ाती हुई समिता पति के पाँव से लिपटने गयी, पति ने गुस्से में उसे ठोकर मार दिया।

कुल्टा तू निकल जा मेरे घर से!

समिता लड़खड़ाकर गिरने लगी थी तभी दो कोमल से कमजोर हाथों ने मजबूती से उसे धाम लिया।

माँ यह कुल्टा है, कलंकिनी है अपने खानदान पर दाग लगा रही है। तू जा यहाँ से, मैं तुझसे बात नहीं करती।

माँ ने बेटे की ओर से मुख फेर बहू को अपने सीने से लगा लिया, और उसकी पीठ थपथपाते हुए बोली - नहीं बहू जिसे अपने सच्चे रिश्तों की समझ नहीं ऐसे नासमझ पुरुष के पाँव पकड़ अपने स्त्रीत्व को छोटा मत करो। तुम सृजनकर्ता हो, अपनी गरिमा का ध्यान रखो।

दर्द की सुरंग

डॉ सुरिन्दर कौर नीलम

क्या हुआ हुगली नदी बहन..?
बहुत उदास हो आज
लगता है तुम्हारे किनारों के ऊँचे, कंक्रीट के जंगलों की घुटन और कोलकाता शहर की आपाधापी का शोर कुछ ज्यादा बढ.गया है,भेद रहा है कुछ अधिक तुम्हारे सीने को....
क्या आज बड़े - बड़े जहाजों और नावों के साथ खेलना तुम्हें नहीं भा रहा?
बताओ! मैं क्या कर सकता हूं तुम्हारे लिए..?
क्या कहूं हावड़ा पुल भैया!
तुम तो आजतक जी जान से मेरी सुरक्षा कर ही रहे हो। मेरे ऊपर से पार होने वाली जनता का सारा बोझ तो तुम्हारे ही कंधों पर है। स्नेह और परवाह इतनी कि तुमने तो मेरे ऊपर पाँव भी नहीं जमाए।
और यह शोर...! इसकी तो मैं वर्षों से आदी हूं।
तो फिर ये उदासी..?
मैं चितित हूं विकास की अंधी दौड़ से...
इस पानी के बुलबुले मानव को, मेरी आहें भी बुलबुले - सी लगती हैं। मेरे पर्वत साथी तो धीरे-धीरे बारूदी धमाकों से धाराशाई कर दिए गए हैं। मेरी रक्षा में खड़े हरे -भरे वनों को भी विकास की आँधी ने उजाड़ दिया,अब इनकी विकासशील नजरों से मेरा गर्भ भी न बच सका।आज चीर कर मेरी छाती टनल के बीच से विजय पताका, मेट्रो रेल दौड़ा दी है।
ईश्वर रक्षा करें मेरी अन्य नदी बहनों की और सृष्टि की...
मेरे भीतर ये पीड़ा है,विनाश की ओर अग्रसर मानव की

गृहप्रवेश

रश्मि सिंह

गजब की रौनक लगी थी। सोनल भारी बनारसी साड़ी और लकदक मेकअप में दुल्हन सी लग रही थी ,ये बात और है कि लीपापोती के बाद भी उम्र तो चुगली कर ही दे रही थी।शर्मा जी(सोनल के पति) को भी उसने शेरवानी पहना कर ही दम लिया था।आखिर उसकी स्टेटस ,उसके क्लास का सवाल था। बेटे बेटी भी आधुनिक परिधानों में लैस.....यानि कुल मिलाकर एक हाई प्रोफाइल पार्टी दी थी सोनल ने अपने गृहप्रवेश में। शानदार ड्यूप्लेक्स जगमगा रहा था।एक एक सामान कीमती लगवाया था स्वयं सोनल ने अपनी पसंद का।अब उसे लगने लगा था कि अपने मायके और हाई क्लास दोस्तों को वह कॉम्पिटिशन दे सकती है। खैर पूरे विधि-विधान से गृहप्रवेश की पूजा सम्पन्न हुई। सबने उसकी और उसके घर की खूब तारीफ की।शर्मा जी को भी सब बधाई दे रहे थे,जिसका जवाब वह मुस्कराकर दे रहे थे पर मन बहुत बेचैन था। पिता की छवि बार बार आंखों में आती , जिन्होंने मरते हुए इकलौते बेटे से वचन लिया था....बेटा अपनी मां का और मां समान इस पुरखों की हवेली का हरदम मान बनाए रखना। इसकी हर ईंट में हमारे खानदान के संघर्ष की कहानी है।बेटा तेरी मां की जान बसती है इसमें ,इसी में गृहप्रवेश किया था तब से इसकी जान इसी में बसती है।बेशक इसकी रौनक न रही,पर ये मान है हमारी। यहां हमें और तेरी माँ को सुकून मिलता है बेटा।इसे सम्भालना।हम दोनों के जाने के बाद इसे गांववालों के लिए स्कूल बना दिया जाय ,यही मेरी इच्छा है। शर्माजी ने चुपके से अपनी नम आंखें पोंछ ली।खुद से ही वितृष्णा हो रही थी उन्हें। पत्नी की मनमानी पूरी करते करते कितना गिर गये वह। पिता को दिया वचन मां के जीते जी तोड़ दिया ।

पृष्ठ संयोजन सहयोगी

नरेश अग्रवाल

शौण्डिक प्रकाशन प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. वेद प्रकाश द्वारा भास्कर प्रेटिंग प्रेस, (डी बी कॉर्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं श्याम मार्केट, तीसरा तल, पिलर नं.-75, शेखपुरा, पटना- 800014 से प्रकाशित।

संपादक : दिलीप प्रसाद

संपादकीय

दूरभाष/फैक्स : 0612-2298222

098912-27633

Email: rashtriyasagarptn@gmail.com

● इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

● किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा पटना के न्यायालय में ही होगा।

नोटः इस पृष्ठ पर प्रकाशित सभी आलेख लेखक के निजी विचार है।

ब्रीफ न्यूज

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य को लेकर शिक्षिका सुनीता कुमारी को किया गया सम्मानित

नुआंव (रासासं): उत्क्रमित मध्य विद्यालय बराढी. के प्रधानाध्यापिका सुनीता कुमारी को किया गया सम्मानित। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारी शिक्षा बच्चों में कलात्मक और उनकी प्रतिभा को सम्मानित सह प्रोत्साहित करने के लिए एवं विघालय में टाई,बेल्ट, वितरण। सरकारी विद्यालय में डायरी वितरण से पुर्व अपने वेतन से लेखन सामग्री वितरण व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए करोना काल में आनलाइन क्लास चलाना आदि सराहनीय कार्य को देखते हुए।नये गतिविधि से बच्चों को शिक्षा देने को लेकर बालरक्षक प्रतिष्ठान भारत के द्वारा भारत शिक्षण सेवा रत्न पुरस्कार से शिक्षक दिवस के दिन किया गया सम्मानित बताते चलें कि शिक्षिका सुनीता कुमारी को बिहार विद्यालय स्वच्छता पुरस्कार के लिए राज्य स्तर पर वर्ष 2022 व 2023 में शिक्षा मंत्री बिहार सरकार विजय कुमार चौधरी के द्वारा पटना में सम्मानित किया गया।

भाजपा ओबीसी मोर्चा के महामंत्री संजीव मोहन के आकस्मिक निधन पर लोगों ने जताया शोक

सासाराम (रासासं): वाराणसी अस्पताल में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा जिला रोहतास के महामंत्री संजीव मोहन का बीमारी के कारण आकस्मिक निधन हो गया। यह अमरा तालाब की निवासी थे। धर्मपत्नी राम कुमारी देवी का राजनीतिक क्षेत्र में सहयोगी रही। राम कुमारी देवी वर्तमान में बिहार प्रदेश महिला मोर्चा के मंत्री भी हैं। उनकी मृत्यु का समाचार मिलते हैं जिले में शोक का लहर छा गया। दाह संस्कार जिले के सोन नदी में किया गया। वर्ष 2023 में ओबीसी मोर्चा के अभिनंदन समारोह में मंच का संचालन करते हुए अपनी राजनीतिक इच्छा शक्ति जाहिर की थी। इस कार्यक्रम में प्रदेश के अध्यक्ष बलराम मंडल उपस्थित थे। इनकी आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में नवीन चंद्र शाह ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष, प्रदेश की उपाध्यक्ष रमेश चौहान, चंदेश्वर भारती, परमेश्वर गुप्ता उपाध्यक्ष, शनि चौरसिया, विनोद सिंह, भिखारी राम, अरूण गुप्ता सहित भारतीय जनता पार्टी के सभी अधिकारी पदाधिकारियों ने उनके प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर उन्हें आत्मा की शांति प्रदान करे ऐसी कामना किया। इस मौके पर संतोषी सिंह, एमएलसी संतोष कुमार, सुमन कुशवाहा, सत्येंद्र शाह, अस्फी अजीज, तारीख अनवर, सद्दाम राजा, जावेद अख्तर अंसारी, समृद्धि सिंह खालसा, सरोज कुमार गुप्ता, वार्ड नंबर 44 अन्य लोग मौजूद रहे।

उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, टोड़ी ओवरऑल चैम्पियनशिप घोषित

भभुआ (रासासं): खेल विभाग बिहार,पटना,बिहार राज्य खेल प्राधिकरण व जिला प्रशासन की संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय विद्यालय को खेलकूद प्रतियोगिता 2024-25 चार दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को समापन जगजीवन स्टेडियम भभुआ में किया गया ।सभी सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता में खो-खो,कबड्डी, फुटबॉल,शतरंज,टेबल टेनिस,योग,भारोत्तोलन आदि खेल शामिल थे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला पदाधिकारी श्री सावन कुमार थे। सभी खेलों के विजेता एवं उप-विजेता खिलाड़ियों को जिला पदाधिकारी के द्वारा ट्रॉफी और मेडल देकर के सम्मानित किया गया। बालिका अंडर-14 खो-खो में उप-विजेता उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैजनाथ, रामगढ़ और वही पांच अंक से बढ़त बनाकर उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय टोड़ी, भगवानपुर की बालिकाओं ने विजेता बनी। बालिका अंडर-17 खो-खो में उप-विजेता उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय कसेर और सात अंक से बढ़त बनाकर उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय टोड़ी की बालिकाओं ने विजेता बनी। अंडर-19 बालिका खो-खो में उप-विजेता डी.ए.वी. जद्दूपुर और 5 अंक से बढ़त बनाकर उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय टोड़ी,भगवानपुर की बालिका टीम विजेता बनी। वहीं बालक वर्ग में अंडर 14 उप-विजेता उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैजनाथ रामगढ़, विजेता एस एल ई एस, भभुआ अंडर-17 बालक के खो-खो में उप-विजेता उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय थोड़ी भगवानपुर और विजेता एस एल आई एस भभुआ अंडर-19 बालक खो-खो में उप-विजेता एस.एल.ए.एस, भभुआ एवं चार अंक से बढ़त बनाकर उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय टोड़ी भगवानपुर हुआ। इस प्रकार से देखा जाए तो जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में खो-खो प्रति स्पर्धा में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय टोड़ी भगवानपुर को जिला उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा कैमूर ओम प्रकाश कुमार द्वारा ओवर ऑल चैम्पियनशिप घोषित किया गया। उत्क्रमीत उच्च माध्यमिक विद्यालय टोड़ी ,भगवानपुर के टीम प्रभारी दिलीप कुमार राम,प्रीतम कुमार,शारीरिक शिक्षक उमेश प्रसाद को चैम्पियनशिप ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डा. तुलसी प्रसाद सिंह, दिलीप कुमार पटेल, शौकत अली गद्दी,पप्पू कुमार,राजीव कुमार, रणजीत कुमार,एकता कुमारी, रिंकू अंसारी मौजूद थे।

बच्ची से दुष्कर्म के मामले में पीड़ित परिवार से मिले राजद के नेता

सासाराम (रासासं): रोहतास जिले क्षेत्र के करगहर थाना के एक गांव में पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में राजद पांच सदस्यीय शिष्टमंडल शिव शंकर कुशवाहा के नेतृत्व में शिष्टमंडल पीड़िता के गांव जाकर परिवार से मिला और आरोपी के गिरफ्तार नहीं होने पर नाराजगी प्रकट की। शिष्टमंडल के अध्यक्ष शिवशंकर कुशवाहा ने कहा कि पुलिस आरोपी का बचाव कर रही है। साथ ही कहा कि 24 घंटा के अंदर पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं करती तो 36घंटे बाद राष्ट्रीय जनता दल इंडिया गठबंधन आंदोलन करने पर विवश होगा। आरोपी के गिरफ्तारी के लिए राजद का शिष्टमंडल शीघ्र पुलिस अधीक्षक से मिलकर पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग करेगा। राजद शिष्टमंडल में जिला उपाध्यक्ष मनोज यादव,अभय यादव,धनजी सरपंच, जनार्दन सिंह कुशवाहा, सचिन, बीरेंद्र सिंह सहित कई अन्य राजद नेता शामिल थे।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर हुई पर गोद भराई कार्यक्रम

रामपुर (रासासं): प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अमॉव पंचायत के अमॉव ग्राम स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के द्वारा-आज शनिवार के दिन बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के आदेशानुसार रामपुर प्रखंड के क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्र पर महिला गोद भराई कार्यक्रम किया गया और सुपरवाइजर रानी गीत के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र पर 70, 71, 72, 104, 105 पर गोद भराई की रस्म पूर्ण करते हुए गर्भवती महिलाओं को नियमानुसार स्वास्थ्य जांच आयरन की गोली सस्यगत प्रसव हरि साग सब्जी को खानपान पर एवं सर सफाई पर विशेष ध्यान रखना है गोद भराई क्या गतिविधियां के दौरान क्षेत्र की गर्भवती माताएं उपस्थित रही।

जिला तालिमी मरकज-शिक्षा स्वयंसेवक संघ ने अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री का किया भव्य स्वागत

संघ की समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष उठाऊंगा : जमा खान

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

भभुआ (कैमूर): जिला तालीमी मरकज /शिक्षा स्वयंसेवक संघ जिला इकाई कैमूर के तत्वाधान में स्थानीय लिच्छवी भवन भभुआ में शनिवार को बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री सह स्थानीय चैनपुर विधानसभा के विधायक मोहम्मद जमा खां का भव्य अभिनंदन एवं सम्मान समारोह किया गया है। माननीय मंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी ज्वलन समस्याओं को माननीय बिहार के मुख्यमंत्री के समक्ष उठाऊंगा किसी भी प्रकार की समस्या होगी मिलजुल कर निष्पादन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अल्पसंख्यक समुदायों के लिए विशेष कार्य किया है साथ ही साथ कैमूर जिले में अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के लिए छात्रावास का भी निर्माण कराया गया है। उन्होंने कहा कि मैंने बहुजन समाज पार्टी से विधायक निर्वाचित हुआ था देखा कि माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में क्षेत्र का सर्वाधिक विकास होगा उनके मार्गदर्शन में कैमूर जिले के अति पिछड़ा क्षेत्र चैनपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़क, पुल, पुलिया, टावर आदि क्षेत्रों में प्रगति पर कार्य हो रहा है। उन्होंने क्षेत्र के अल्पसंख्यक समुदाय के अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि अपने बेटियों को शिक्षा के क्षेत्र में मजबूत करें मुख्यमंत्री समुदाय के लिए विशेष निगरानी कर रहे हैं। बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री के आगमन पर एस्कॉर्ट छात्राओं के द्वारा अभिवादन किया गया वहीं दूसरी तरफ जिला तालिमी मरकज/शिक्षा स्वयंसेवक संघ मंत्री को अंग वस्त्र एवं गुलदस्ता देकर एवं फूल मालाओं से लाद दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष रमजान अंसारी ने अध्यक्षता किया एवं संचालन शंकर राम कैमुरी ने किया। कार्यक्रम में लियाकत अंसारी,हाजी नेसार खान, खुर्शीद अनवर, मासूक खान, असलम अंसारी, अजय सिंह, इस्लाम खान, नासिर अंसारी, पूर्व सरपंच अयुब अंसारी, नौसेर मुन्ना, सरफराज अहमद, एकराम अली, सलमान खान, मुन्ना गिरी, कामता यादव, भगवान सिंह यादव, शमशाद आलम, सफीख अहमद, जितेंद्र कुमार भास्कर,जिला समन्वयक सह प्रदेश प्रवक्ता विकास मित्र संघ बिहार जयशंकर राम, मंत्री सेक्रेटरी मोहम्मद सद्दाम हुसैन आदि लोगों ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम के आयोजन जिला तालिमी मरकज/शिक्षा स्वयंसेवक संघ जिला इकाई कैमूर के सचिव इम्तियाज अंसारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। जिला सचिव इम्तियाज अंसारी ने बिहार सरकार अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान से सेवा अभिलेख एवं मानदेय नियमित करने का मांग उठाया। बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री कार्यक्रम को दीप प्रज्ज्वलित करके उद्घाटन किया।

मसोई में किसानों का 90वें दिन अनिश्चितकालीन धरना रहा जारी

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

चांद : पीएनसी कंपनी बेस कैंप स्थल मसोई में किसानों ने शनिवार को अनिश्चितकालीन धरना दिया । धरना में शामिल गोंई सहबाजपुर ठकुहरट विजरा मसोई आदि गांवों के किसान धरना में जमे रहे। धरना पर बैठे किसानों ने सरकार की तानाशाही रवैए की आलोचना की किसानों ने बिहार सरकार एवं एनएचएआई के विरोध में जमकर नारेबाजी कर रहे थे। अनिश्चितकालीन धरना में शामिल किसान लाला सिंह गुदरी सिंह अवधेश सिंह संजय जायसवाल भुपेंद्र सिंह सचिदानंद सिंह आदि किसानों ने कहा जबतक किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिलेगा तब तक अनिश्चितकालीन धरना चलता रहेगा। किसानों ने कहा 12 कैमूर जिले में माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगमन की प्रतीक्षा की जा रही है। किसानों ने कहा मुख्यमंत्री से मिलकर कैमूर के किसानों के साथ भूमि अधिग्रहण में किए जा रहे अत्याचार को बताया जाएगा। किसानों ने कहा अगर मुख्यमंत्री से मिलने का समय नहीं मिलने पर अपनी मांग रखने के लिए किसान घेराव करेंगे। कैमूर जिले में भूमि अधिग्रहण में किसानों ने जिला में आर्बिटेटर बहाल करने की मांग रखी है। जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार एवं एनएचएआई ने जिला में आर्बिटेटर बहाल करने के लिए बिहार सरकार को पत्र भेज दिया है।पत्र बिहार सरकार के पास रखा हुआ है। जिला में आर्बिटेटर बहाल करने के लिए पत्र को दबाए जाने से किसानों में आक्रोश है। भारतमाला परियोजना बनारस रांची टु कोलकाता एक्सप्रेस-वे निर्माण एन एच 219 एवं एन एच 319 ए निर्माण के लिए कैमूर जिले के हजारों किसानों की सैकड़ों हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण की गई है।

सर्किट हाउस में सभापति की अध्यक्षता में हुई बैठक

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

सासाराम: बिहार विधानसभा की आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति के स्थल अध्ययन यात्रा के दूसरे दिन शनिवार को दिन सर्किट हाउस में सभापति मो. नेहालुद्दीन की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई। इस बैठक में जिलाधिकारी श्री नवीन कुमार, अपर समाहर्ता श्री चंद्रशेखर प्रसाद सिंह सहित समिति के आठ माननीय सदस्य और सभी विभागों एवं शाखाओं के पदाधिकारीगण मौजूद थे। पर्यटन को लेकर जिलाधिकारी नवीन कुमार ने समिति के सभापति एवं अन्य सदस्यों को जिले में चल रहे विकास कार्यों से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि यह जिला पर्यटन के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण है। यहां रोहतासगढ़ किला, गुप्ता धाम, मंझार कुंड सहित अन्य पर्यटन स्थलों के सम्पूर्ण विकास को लेकर प्रस्ताव बनाकर पटना भेजा गया है। इस बाबत पर्यटन विभाग की एक टीम ने भी सभी पर्यटन स्थलों का दौरा कर जायजा लिया है। उम्मीद है जल्द ही इस दिशा में सकारात्मक खबर मिलेगी और रोहतास के पर्यटन स्थलों का कायाकल्प देखने को मिलेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि रोहतास जिले में ज्यादातर पर्यटन स्थल जंगल के अंदर हैं और वहां की जमीन वन प्रमंडल के अंतर्गत आता है। उन्होंने समिति को बताया कि लगभग 100 एकड़ की जमीन जंगल के अंदर या फिर जंगल के किनारे बिहार सरकार की है।जिलाधिकारी ने बताया कि वे रोहतासगढ़ किला, गुप्ता धाम आदि पर्यटन स्थलों के पास की वन प्रमंडल की जमीन से बिहार सरकार की वन के अंदर या वन के किनारे वाली जमीन से साझा करने की बात चल रही है। इस पर जल्द ही सहमति बनने की उम्मीद है।

प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले 76 बच्चों को स्थानीय ग्रामीणों ने विद्यालय जाने से रोका

डीएम नवीन कुमार ने इस मामले में लिया संज्ञान

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

करगहर (रोहतास): करगहर प्रखंड के लेहरा स्थित प्राथमिक विद्यालय का एक मामला प्रकाश में आया है, जहां विद्यालय में पढ़ने वाले लगभग 76 बच्चों को वहां के स्थानीय ग्रामीण के द्वारा विद्यालय जाने से रोका जा रहा है। जिलाधिकारी श्री नवीन कुमार ने इस मामले को संज्ञान में लिया है और उन्होंने संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

जिलाधिकारी ने करगहर के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी और डीपीओ (एसएसए) को निर्देश दिया है कि सभी पदाधिकारी सोमवार को स्वयं बच्चों को लेकर स्कूल पहुंचाएंगे और जो भी व्यक्ति बच्चों को स्कूल जाने से रोकता है, उस पर विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज करना सुनिश्चित करेंगे और विद्यालय को जल्द से जल्द सुचारू रूप से चालू कराएंगे।

जिलाधिकारी ने कहा कि अगर विद्यालय में अतिरिक्त कमरों की आवश्यकता हो तो उसका निर्माण करना भी सुनिश्चित किया जाए। साथ ही रसोई घर की भी समुचित व्यवस्था की जाए।

जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे इस मामले के संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को स्पष्टीकरण जारी कर उनसे पूछे कि इतने दिनों से स्कूल क्यों बंद है और इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा क्या कार्रवाई की गई है और उनके द्वारा प्रशासनिक और जिला स्तर पर इसकी सूचना क्यों नहीं दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जब तक प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का स्पष्टीकरण स्वीकृत नहीं होता है तब तक उनका वेतन बंद रहेगा।

सम्मानित किए गए शिशु विहार के शिक्षक

भभुआ (रासासं): शिशु विहार विद्यालय दादर में शिक्षक दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक एवं छात्र सम्मिलित हुए। इस अवसर पर भारत रत्न, पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर आपके आदर्श पर चलने का संकल्प लिया गया। विद्यालय के प्राचार्य सह निदेशक श्री लक्ष्मीकांत त्रिवेदी ने आपके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, भारत के सर्वोच्च पद को सुशोभित करने के बाद भी डॉ. एस. राधाकृष्णन जी हमेशा स्वयं को एक शिक्षक मानते रहे। आपके विचार, कार्य और आदर्शों के कारण ही आप काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति, भारत गणराज्य के प्रथम उपराष्ट्रपति तथा द्वितीय राष्ट्रपति के पद पर आसीन हुए। भारत के संविधान में पूर्ण आस्था रखते हुए आपने गीता को सबसे बड़ा ग्रंथ माना तथा गीता पर भाष्य भी लिखे। जीवन की कठिनाइयों से उबरने के लिए आपने गीता को सर्वोच्च मार्गदर्शक बताया। अपने जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की बात कह कर आपने भारत के भविष्य निमार्ता शिक्षकों को बहुत बड़ा सम्मान प्रदान किया। विद्यालय के पूर्व प्राथमिक एवं प्राथमिक विभाग के सभी शिक्षकों को विद्यालय के निदेशक श्री लक्ष्मीकांत त्रिवेदी जी के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जिसमें पूर्व प्राथमिक के पुष्पा कुमारी, अंजू देवी, पूर्णिमा कुमारी तथा प्राथमिक के रिमझिम कुमारी, बबलू कुमार, सीमा कुमारी, सोनी कुमारी तथा सविता कुमारी को सम्मानित किया गया। कक्षा 3, 4 एवं 5 के छात्रों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

यूपी सिविल कोर्ट कासगंज के अधिवक्ता मोहिनी तोमर की निर्मम हत्या पर संघ ने किया घोर निंदा

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

भभुआ (कैमूर): जिला अधिवक्ता संघ भवन भभुआ कैमूर के पुस्तकालय भवन में उत्तर प्रदेश कासगंज सिविल कोर्ट की महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर 45 वर्षीय की अपहरण कर हत्या के मामले को लेकर शोक सभा की गई जिसकी अध्यक्षता संघ के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल कुमार एवं संचालन पूर्व संयुक्त सचिव मंटू पाण्डेय ने किया। जिसमें महिला मृतक अधिवक्ता की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। मंटू पाण्डेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य के कासगंज सिविल कोर्ट की युवा एवं तेज तर्रार 45 वर्षीय महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर का अपहरण दिनांक 3 सितंबर 2024 को कासगंज सिविल कोर्ट गेट के बाहर ढाई बजे दिन में अपराधियों ने अपहरण कर लिया था इसकी सूचना उनके परिजनों ने कासगंज थाने में लिखित सूचना दी थी जिस पर पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई नहीं किया गया महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर का दिनांक 4 सितंबर 2024 को 1:00 बजे दिन में कासगंज शहर के नहर में नग्न अवस्था में लाश पाई गई थी इस घटना को सुनकर अधिवक्ताओं में आक्रोश पाया गया इस घटना में शामिल छह अपराधियों को अभियुक्त बनाया गया है जिसमें चार दिन बीत जाने के बाद भी उत्तर प्रदेश कासगंज जिले की पुलिस ने एक भी अपराधी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है इस घटना की जिला अधिवक्ता संघ ने कड़ी निंदा करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं डीजीपी से तत्काल नामजद की गिरफ्तारी का मांग किया एवं आश्रित परिजनों को एक करोड़ रूपया मुआवजा देने की मांग की गई इस केस की जांच सीबीआई को सौंपने की भी मांग की गई ताकि तत्काल जांच कर इस घटना में अंजाम देने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी की जा सके और राज्य सरकारी और केंद्र की सरकार अधिवक्ताओं के सुरक्षा के लिए अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करें। इस शोक सभा में अधिवक्ता पूर्व उपाध्यक्ष अनिल कुमार,पूर्व संयुक्त सचिव मंटू पाण्डेय, प्रदीप कुमार पांडे, सुनील कुमार श्रीवास्तव, महेंद्र पांडे, अमित कुमार, श्याम बिहारी तिवारी, धीरेंद्र कुमार, दुर्गेश कुमार एवं विधि स्नातक पास छात्र ऋषभ कुमार भी शोक सभा में शामिल थे।

शिक्षा का मंदिर खंडहर में तब्दील बच्चों का भविष्य अंधकारमय

नुआवं (रासासं): तियरा मध्य विद्यालय की जर्जर स्थिति को लेकर समस्या गंभीर जहां तियरा पंप कैनाल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सम्भावित आगमन को लेकर सभी पदाधिकारी चिंतित किसानों को मुख्यमंत्री के द्वारा मिला सौगात किसानों के खेतों को मिलेगा पानी।वहीं शिक्षा का मंदिर खंडहर में तब्दील ग्रामीणों को का कहना है। शिक्षक, नेता और सरकारी बाबू के बच्चे बच्चीया जब सरकारी विद्यालय में पढ़ेंगे तब विघालय का सुधरेगा स्थिति सभी शिक्षक और पदाधिकारी को तनख्वाह सरकार से और बच्चे का शिक्षा प्राइवेट विघालय में क्यों शिक्षक को अपने योग्यता पर नहीं है भरोसा। भरोसा होता तो अपने विघालय में देते गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा। कहीं विघालय का भवन जर्जर शौचालय का दरवाजा टुटा खिड़कियां हैं नदारद खिड़कियो से भवन मे रखे डेस्क व बेंच चोरी होने का दे रहा संकेत जिला पदाधिकारी कैमूर व मुख्यमंत्री नितीश कुमार एक बार निरिक्षण कर देखें। तियरा मध्य विद्यालय के छात्र छात्रों के भविष्य अंधकारमय खिड़की व दरवाजे टुटे फुटे तो छत के छाजे गिरा, भयभीत होकर विद्यालय में पढ़ते बच्चे।

ग्राम पंचायत पसाई में संपूर्णता अभियान अंतर्गत स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन, बीडीओ ने कहा

शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके द्वार पर ही स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी सेवाएं प्रदान करना

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

रामपुर (कैमूर): प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पसाई पंचायत में आज प्रखंड विकास पदाधिकारी दृष्टि पाठक की अध्यक्षता में एक व्यापक स्वास्थ्य शिविर और पोषण मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी दृष्टि पाठक और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रमेश कुमार द्वारा फीता काटकर किया गया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुदृढ़ करना और पंचायत स्तर पर निवासियों को मुफ्त चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

शिविर में विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का आयोजन किया गया, जिसमें रक्तचाप, मधुमेह, एनीमिया, प्रसव पूर्व जांच, इत्यादि विशेषज्ञ डॉक्टरों ने ग्रामीणों को उनकी स्वास्थ्य समस्याओं के संबंध में मुफ्त परामर्श और उपचार दिया। शिविर में लगभग 250 से अधिक लोगों ने भाग लिया और उपलब्ध सेवाओं का लाभ उठाया।

प्रखंड विकास पदाधिकारी दृष्टि पाठक की उपस्थिति में बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं का गोद भराई भी किया गया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार, स्वास्थ्य देखभाल, और नवजात शिशु की देखभाल से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। दृष्टि पाठक ने इस अवसर पर कहा, इस स्वास्थ्य शिविर श्रृंखला का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को उनके द्वार पर ही स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी सेवाएं प्रदान करना है। यह अभियान रामपुर प्रखंड के सभी पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से चलाया जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और सेवाएं आसानी से उपलब्ध हों, इसके साथ-साथ उन्होंने स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन के लिए स्वास्थ्य विभाग की

पीरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि शिविर के दौरान विभिन्न स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें स्वच्छता, पोषण, संस्थागत प्रसव, और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। ग्रामीणों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

रामपुर प्रखंड के अन्य पंचायतों में भी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। अगला शिविर कुडारी पंचायत में 11 सितंबर, 2024 को आयोजित किया जाएगा, जहां भी ग्रामीणों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी दृष्टि पाठक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रमेश कुमार, ब्लॉक हेल्थ मैनेजर जयप्रकाश सिंह, पसाई पंचायत के मुखिया, उप मुखिया अभिनव सिंह, एलएस खुशबून निशा, सीएचओ अर्चना कुमारी, इंदु कुमारी, शुभम कुमार, रितेश कुमार, एएनएम प्रिया प्रभाकर, मंजू प्रकाश, गुड़िया कुमारी, शिबू कुमारी, निधि कुमारी, पिरामल फाउंडेशन से अविनाश त्रिपाठी और अंजलि तिवारी सहित ग्रामवासियों ने भी भाग लिया।

जदयू जिला टीम ने तियरा पंप कैनाल का किया निरीक्षण, सीएम करेंगे उद्घाटन

नुआंव (रासासं): सीएम नीतीश कुमार की 12 सितंबर को तियरा पंप कैनाल में होने वाली संभावित आगमन को लेकर जहा एक ओर प्रशासनिक तैयारी जोरों पर है,वही दूसरी तरफ जेडीयू कार्यकर्ता भी अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सीएम नीतीश कुमार का स्वागत करने के लिए बेताब है। जिसको लेकर संभावित स्थल पर तैयारी की समीक्षा कर रहे है। बतादे की सीएम सह जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार का कैमूर में 12 सितंबर को आने की संभावित कार्यक्रम है। नुआंव प्रखंड में पुनर्जीवित तियरा पंप कैनाल का उद्घाटन करने वाले है।इस दरम्यान जेडीयू कार्यकर्ता अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सीएम नीतीश कुमार का अपने जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में जोर शोर से स्वागत करने को लेकर नुआंव प्रखंड के तियरा पंप कैनाल का जायजा लिया।एवं तैयारी की समीक्षा उत्क्रमित मध्य विद्यालय तियरा में एक बैठक आयोजित कर की।जिसकी अध्यक्षता जेड़ीयू के जिला अध्यक्ष अनिल कुशवाहा एवं संचालन अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता ने की।जिसमे जगह जगह तोरण द्वार के अलावा पोस्टर झंडा से कार्यक्रम स्थल की चौहदी को पाटने की अब तक हुई तैयारी की स्थल चयन के बाद प्रदेश सचिव सत्यप्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में 11 सदस्यीय तैयारी समिति का गठन कर इसे धरातल पर उतारने का निर्णय लिया गया।प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता ने बताया की बैठक में लिट्टी चोखा और खीर की भी व्यवस्था कार्यकताओं के लिए की गई थी।

बैठक में प्रदेश सचिव सत्य प्रकाश तिवारी, शोभा साहनी, तंजीम अख्तर, उपेंद्र तिवारी, हाशिम खान, लियाकत अंसारी, अशोक चौधरी , प्रवीण यादव, अजय सिंह, पंकज कुशवाहा, सुनील कुमार, रामप्रवेश कुशवाहा, रामप्रताप सिंह, उमेश श्रीवास्तव, मुन्ना भारती, प्रमिला देवी एवं सैकड़ो कार्यकर्ता साथी ने भाग लिया।

ब्रीफ न्यूज

भव्य कलश शोभायात्रा एवं हर्षोल्लास के साथ शुरू हुआ गणेश चतुर्थी पूजनोत्सव

बाबूबरही (रासासं): मधुबनी जिले के बाबूबरही प्रखंड क्षेत्र क विभिन्न स्थानों पर हर्षोल्लास के साथ गणेश चतुर्थी मनाया जा रहा है। इस मौके पर बाबूबरही व तेघड़ा सहित कई स्थानों पर भव्य कलश शोभायात्रा निकल गई। गौरतलब है कि तेघरा पथराही स्थित पुरानी बाजार में गणेश चतुर्थी के अवसर पर शनिवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमे 501 कन्याओं न चिलचिलाती धूप म नंगे पैरे भाग ली। यह कलश यात्रा पूजा स्थल से गाजे बाजे के प्रारंभ के गाँव की परिक्रमा करते हुए दोनबारी व बरैल चौक होते हुए खुटौना बाजार से पूर्व धूनी गाछी के पास सुगरवे नदी के तट पर पहुंच कर मंत्रोच्चारण के साथ कलश में निर्मल जल भर कर पुनः पुजा स्थल पर पहुंच कर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान पूर्वक कलश की स्थापना की गई। कलश शोभा यात्रा जिस रास्ते से गुजरी उन सभी जगहों पर गणपति बप्पा मोरिया, जय गणेश देवा सहित अन्य देवी देवताओं की जय घोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। गणेश पूजा समिति नवयुवक संघ तेघरा पथराही सन् 1999ई. से लगातार गणेश चतुर्थी खूब धूमधाम से मनाते आ रहे है। गणेश चतुर्थी की मौके पर मेला का भी आयोजन किया जाता है। उक्त मेला का उद्घाटन भाजपा जिप सदस्य रंधीर खन्ना, पूर्व मुखिया बेचू नारायन सहनी, आनंद कुमार, वैधनाथ चौधरी, रंधीर चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर महेंद्र चौधरी,हजारी प्रसाद,नवीन कुशवाहा,भोला चौधरी,सुरेश साह,रघुनाथ चौधरी,श्याम चौधरी,शिक्षक अनिल कुमार चौधरी अन्य लोग उपस्थित रहे।

कलश शोभायात्रा के साथ हुई चार दिवसीय गणेश पूजनोत्सव का शुभारंभ

हरलाखी (रासासं): मधुबनी जिले के हरलाखी प्रखंड में गणेश पूजा कमिटी बजरंग चौक पिपरौन के तत्वावधान में 201 कन्याओं के द्वारा पूजा स्थल से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गयी, जिसका विधिवत उदघाटन राजद नेता निशांत शेखर, पूर्व मुखिया बिलटू प्रसाद महतो, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, बंटी सिंह व अरविंद कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उसके बाद कलश यात्रा में शामिल कन्याओं ने गाजे-बाजे के साथ माथे पर कलश लेकर निकली,तो पूरा वातावरण भगवान गणेश के जयकारे से गुंजायमान हो उठा। कलश यात्रियों ने गांव के दुर्गा मंदिर, ब्रह्मा स्थान का परिक्रमा करते हुए भारत-नेपाल बॉर्डर स्थित जमुनी नदी पहुंची, जहां पवित्र जल भरकर वापस पूजा स्थल पर पहुंची। फिर पंडितों ने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ सभी कलश को पूजा स्थल पर स्थापित कराया। उधर चार दिवसीय गणेश पूजनोत्सव से पूरा वातावारण आध्यात्मिक हो गया है। मौके पर पूजा कमिटी के अध्यक्ष शंभु यादव, उपाध्यक्ष रतन मंडल, कोषाध्यक्ष शलेन्द्र यादव, सचिव रोशन मंडल ने कहा कि विगत सात वर्षो से समस्त ग्रामीणों के सहयोग से गणपति बप्पा का पूजा करते आ रहे है, जिसमें युवाओं का अधिक भागीदारी रहती है। वहीं अतिथियों ने संयुक्त रूप ने कहा कहा कि गणपति बप्पा की पूजा से घरों में सुख समृद्धि आती है। उन्होंने शांतिपूर्ण वातावरण में पूजा करने का अपील पूजा कमिटियों से की। इस मौके पर पूजा कमिटी का व्यस्थापक सदस्य सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

छह दिवसीय गणेश पूजनोत्सव का हुआ शुभारम्भ

खजौली (रासासं): मधुबनी जिले के खजौली प्रखंड के खजौली बाजार स्थित किसान भवन में आयोजित छह दिवसीय गणेश पूजनोत्सव का शनिवार को धूमधाम से शुभारंभ हुआ। इसको लेकर 551 कन्याओं द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इसका शुभारंभ प्रमुख कुमारी उषा, जिला पार्षद दीपक कुमार सिंह, समाजसेवी सह मिथिलावादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप कुमार, प्रो.सुभाष चन्द्र सिंह, पैक्स अध्यक्ष अमित कुमार सहित अन्य आगंतुक अतिथियों द्वारा किया गया। शोभायात्रा में शामिल कुमारी कन्याएं व महिलाएं सुक्की स्थित कमला नदी से जल भरकर गणपति बप्पा का जयकार लगाते पूजा पंडाल पहुंची, जहां पंडित गंगाधर झा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापित किया। वहीं भाजपा नेता अमरनाथ प्रसाद साह, जिला पार्षद जीतेन्द्र कुमार भारती, पूर्व जिला पार्षद वीरेन्द्र प्रसाद यादव, कांग्रेस नेत्री मीणा कुशवाहा, सीओ डेजी सिंह, थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, व्यवसायी शेषनाथ प्रसाद साह, वासुदेव कुशवाहा, पीएसआई निधि कुमारी, शत्रुधन राउत, मौसम श्रीवास्तव एवं अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर छह दिवसीय गणेश पूजनोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया गया। मौके पर पूजा समिति अध्यक्ष राम कुमार सिंह का कहना था कि यहां वर्ष 1995 से जन सहयोग से हर वर्ष गणेश पूजनोत्सव मनाया जा रहा है। इस मौके पर उमेश कुमार उर्फ मंगल सिंह, भोला कुमार सिंह, डॉ. विनोद कुमार सिंह, पूर्व मुखिया मनोज कुमार सिंह, मुरारी चौधरी, रितेश कुमार सिंह, रमेश चौधरी, विनोद पासवान, पप्पू कुमार सिंह, धर्मेन्द्र कुमार सिंह,झौली साफी, रमेश कुमार सिंह, जय प्रकास सिंह, सुरेश कुमार सिंह,टुनटुन यादव, देवेन्द्र कुमार सिंह,संजय कुमार,चंदन सिंह, मोहम्मद अयाज, रामनाथ रमण, विनोद पासवान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

जमीनी विवाद में बिच बचाव करने गए व्यक्ति की कुदाल के बेंट से मारकर हत्या

खुटौना (रासासं): मधुबनी जिले के ललमनियां थाना क्षेत्र के बाड़ापट्टी गांव के वार्ड 1 में शनिवार सुबह 11 बजे खेत की मेड़ ढाने को लेकर हुई विवाद ने देखते ही देखते खूनी हिंसक रूप ले लिया जिसमें बीच-बचाव करने आए एक वृद्ध की कुदाल के बेंट से मारकर हत्या कर दी गई तो दुसरे को हंसुआ से काटकर गंभीर रूप से घायल करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। विवाद में घायल झौली यादव ने आपबीती बताते हुए कहा कि थाना क्षेत्र के निवासी रामदेव यादव अपने खेत में धान काट रहा था तभी उसी गांव के रामउदगार यादव ने खेत की मेड़ को अपने हिस्से की जमीन बताकर कुदाल से ढाने लगा जिस पर रामदेव ने अमीन बुला जमीन मापने की बात कही परंतु बात बढ़कर विवाद का रूप ले लिया और फिर खूनी हिंसक। बीच-बचाव करने गये 70 वर्षीय रामलखन यादव के सर के पिछले हिस्से में रामउदगार ने कुदाल के बेंट से हमला कर दिया जिससे मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई और फिर रामउदगार की बेटी चांदनी कुमारी ने बीच-बचाव कर रहे झौली यादव को धारदार हथियार से उसके हाथ पर दे मारी जिससे वह बूरी तरह से घायल हो गए।

सदर अस्पताल निरिक्षण के दौरान सांसद तारिक अनवर ने सिविल सर्जन व डीएस को दिए निर्देश

सदर अस्पताल में कई कमी को दूर करने की जरूरत : सांसद

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

कटिहार: शनिवार को सांसद तारीक अनवर कटिहार के सदर अस्पताल का औचक निरक्षण करने के लिए पहुंचे। निरीक्षण के क्रम में सांसद तारीक अनवर ने इमरजेंसी सेवा, एक्सरे रूम, डायलिसिस वार्ड के अलावा मरीज के वार्ड एवं टोकन काउंटर का जायजा लिया। इस दौरान सदर अस्पताल में निरीक्षण के बाद सांसद तारिक अनवर ने कहा कि कटिहार सदर अस्पताल और स्वास्थ्य विभाग में कई कमी है। जिसको लेकर उन्होंने निरीक्षण के बाद सिविल सर्जन एवं डीएस से बात किया और सिविल सर्जन और डीएस को कई निर्देश भी दिए। सांसद तारीक अनवर ने कहा कि जो समस्या उनके स्तर पर दूर किया जा सकता है उसे वह अवश्य दूर करेंगे और जो भी मदद उनकी ओर से सदर अस्पताल को चाहिए उसके लिए वह तत्पर हैं। उन्होंने सदर अस्पताल कर्मियों और चिकित्सकों से भी अपील किया की सभी ईमानदारी के साथ अपने कार्य का निष्पादन करें और आम लोगों को अस्पताल में किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इसका भी ध्यान रखें। सांसद तारीक अनवर ने सिविल सर्जन को निर्देश देते हुए कहा कि जिस बिंदु पर सांसद का सहयोग उन्हें चाहिए वह उन्हें लिख कर दे साथ ही जिस समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है वह भी लिख कर दे जो आगे संबंधित विभाग के मंत्री को अवगत कराया जाएगा। वहीं कटिहार में एम्स की जरूरत के सवाल पर संसद तारीक अनवर ने कहा की जरूरत तो बिल्कुल है लेकिन बिहार के पटना में ही व्यवस्थित नहीं हो पाया है ऐसे में कटिहार में एम्स अभी संभव नहीं दिख रहा है हालांकि उन्होंने कटिहार के लिए सरकार से एक हाईटेक अस्पताल निर्माण कराने का मांग किया है। सांसद तारीक अनवर ने कहा कि आगे भी वह लगातार सदर अस्पताल का निरीक्षण के लिए पहुंचते रहेंगे ताकि सदर अस्पताल की जो भी कमी है उसे जल्द से जल्द दूर किया जाए। इस दौरान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव, दिलीप विश्वास, नगर अध्यक्ष राजेश रंजन मिश्रा, पंकज तंबाकूवाला, संजय सिंह, शाहनवाज खान, फिरोज कुरेशी, आफताब आलम, आनंद सिंह, मोहम्मद जहांगीर सहित कई कांग्रेस नेता मुख्य रूप से मौजूद रहे।

कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सांसद तारिक अनवर का बभनी चौक पर किया जोरदार स्वागत

प्राणपुर : कटिहार सांसद तारिक अनवर जीत के बाद पहली बार प्राणपुर प्रखंड क्षेत्र अपने सिपासालार आफताब कंचन एवं अन्य सहयोगी नेताओं के साथ पहुंचे और आम लोगों से मिले। इस मौके पर केवाला एवं उत्तरी लालगंज पंचायत के कांग्रेसी गठबंधन के कार्यकर्ता व प्राणपुर प्रखंड के ग्रामीणों ने बभनी चौक के बालु टोला की सरजमीन पर सांसद को फूलों की माला पहना कर तारीक अनवर जिंदाबाद के नारे के साथ जोर शोर से स्वागत किया, मौके पर कांग्रेसी नेता अफताब कंचन ने प्राणपुर प्रखंड वासियों के लिए सांसद के समक्ष महानंदा बाँध सिद्धेश्वर चौक से दुगापुर तक पक्की करण,जीरो माईल लाभा से रोशना बाजार के भरतकोल तक चौड़ीकरण व अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर समस्याओं से सांसद को अवगत कराया वही मुखिया तनवीर अहमद ने भी बलीयापाड़ा गांव में ओवर ब्रीज, मनिहारी डालावीर पावर हाउस से प्राणपुर पिए्चसी को जोड़ने को लेकर अन्य समस्याओं को रखा, सांसद ने भी समस्याओं को बाखुबी सुना और जल्द से जल्द उनकी समाधान की बात कही। इस अवसर पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनील यादव, उपाध्यक्ष सउद आलम, बारसोई अनुमंडल संयोजक व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आफताब कंचन, मुखिया तनवीर अहमद, सरपंच असगर खान, मिथिलेश मंडल मोहम्मद बबलू, संजय राम राजबंसी,संजय गुप्ता, नजरुल हक, अब्दुल मतीन, कांग्रेस के युवा समाजसेवी मो0 वहाब, राजद नेता जय नारायण साह, मजहरूद्दीन, इसराईल, छोटु आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

गणेश पूजा महोत्सव का हुआ शुभारंभ

सुगौली (रासासं) : नगर के मुख्य बाजार स्थित राधाकृष्ण मठ मंदिर के प्रांगण में शनिवार को श्री गणेश पूजा महोत्सव 7 सितंबर से 12 सितंबर तक चलने वाले पुजा के अवसर पर हर साल के भांति इस साल भी बाबा जयराम दास,बाबा मनीषा दास के नेतृत्व में मेले का शुभारंभ फीता काट कर किया गया । मौके पर पहुंचे भाजपा नेता विकास शर्मा,अशोक सोनी,रवि पासवान,मिथलेश झां,जोगेन्दर पुरी, अमर किशोर पटेल,दीपेन्द्र वर्णवाल,चंदन कुमार यादव, अंकित कुमार,सुरज कुमार सहित कमिटी के सभी सदस्य मौजूद रहे। गौरतलब हो कि श्री गणेश पूजा महोत्सव के अवसर पर लगे हुए मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए झुले सहित अन्य मनोरंजन की चीजें लगाया गया है साथ ही तरह-तरह की मिठाईयों का दुकान भी लगाया गया है। गौरतलब हो कि इस मेले में आस-पास के गांव के लोगों का भीड़ उमड़ पड़ता है। बुढ़े,जवान, बच्चे का हुजूम अधिकांश देखने को मिलता है। साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रशासन के द्वारा पुख्ता इंतजाम भी किया गया है। शाम के समय में लोगों का भीड़ देखने को मिलता है। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी लोग लुप्त उठाते हैं। इस संदर्भ में मठ के बाबा मनीष दास व विकास शर्मा ने बताया कि नगर वासियों का पुजा के प्रति हमेशा सहयोग बना रहता है। काफी संख्या में लोग पुजा करके प्रसाद ग्रहण करते हैं । सभी लोग परिवार, बच्चों के साथ आकर मेले का भरपूर लुप्त उठाते हैं।

पानी भरे गढ़े में एक युवक की संदिग्ध स्थिति में शव हुआ बरामद

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

सुगौली : थाना क्षेत्र के छोटा बंगरा में सड़क के किनारे पानी भरे गढ़े में एक युवक की संदिग्ध स्थिति में शव बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सरहरी से सुगांव जाने वाली पथ में छोटा बंगरा के समीप पानी से भरे गढ़े में ग्रामीणों ने एक युवक के शव को देखा। युवक के मौत की खबर मिलते ही आसपास के लोगो की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना ग्रामीणों ने थानाध्यक्ष अमित सिंह को दिया।सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ने एसआई शंभु प्रसाद को पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर भेजा।पुलिस घटना स्थल पर पहुंच लोगों से घटना की जानकारी ली। ग्रामीणों के सहयोग से मृतक के शव को बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान प्रखंड के उतरी सुगांव पंचायत के वार्ड नं0 7 छोटा बंगरा निवासी ध्रुप ठाकुर का 35 वर्षीय पुत्र सुनील ठाकुर के रूप में की गई। युवक के शव को देखते ही मृतक के पिता छाती पीटकर रोने व चिल्लाने लगे। घटना की खबर मृतक के परिजनों को मिली।खबर मिलते ही कोहराम मच गया।मृतक के परिजनों का रोते रोते बुरा हाल हो गया। मृतक का पिता ने बताया की यह तीन चार दिनों से घर पर नही सोता था।इसकी दो शादी हुई थी।पहली पत्नी के भाग जाने के बाद दूसरी शादी बगल की एक महिला ने कराई थी।इससे लोगो ने जमीन खरीद लिया था और यह हमेशा पैसा के लिए दौड़ता था। पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया।मृतक के परिजन को मुखिया रंजीत झा,पूर्वमुखिया ललित सहनी, शिवजी महतो,वार्ड सदस्य मुन्ना कुमार,मनोज मिश्रा, सुबोध झा,छठु महतो सहित कई लोगो ने संतावना दी।

डीएम की अध्यक्षता में तकनीकी विभाग की समीक्षा हुई बैठक

कहा - योजनाओं में अनावश्यक विलम्ब कदापि बर्दाश्त नहीं

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

मधुबनी : मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में तकनीकी विभाग के पदाधिकारियो की साथ बैठक कर कर विभागवार चल रही योजनाओं का समीक्षा किया एवं संबधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने अनुपस्थित पश्चमी कोशी नहर प्रमंडल मधुबनी, अंधराठाढ़ी, सकरी सहित कई पदाधिकारियों का एक दिन का वेतन स्थगन के साथ स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने बैठक में विलंब से पहुँचने वाले ग्रामीण कार्य विभाग मधुबनी, फुलपरास, जयनगर सहित कई पदाधिकारियों से भी स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने समीक्षा के क्रम में कहा कि योजनाओं में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नही की जाएगी। योजनाओं के लिए भूमि की उपलब्धताआदि को लेकर तकनीकी विभाग के पदाधिकारी सीओ के साथ आयोजित बैठकों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे। अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर चल रही योजनाओं का जायजा लेते रहे। सभी अपूर्ण योजनाओं को हर हाल में पूरी गुणवत्ता के साथ ससमय पूर्ण करे। जिलाधिकारी ने कार्यपालक निधि चौक से स्टेशन तक सड़क चौड़ीकरण कार्य प्रगति की समीक्षा के क्रम में कहा कि पूरी गुणवत्ता के साथ तेजी से कार्य करवाये। विधुत विभाग की समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया कि स्मार्ट मीटर लगाने के कार्य मे तेजी लाये। उन्होंने बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को शत प्रतिशत उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगाने का निर्देश दिया निर्देश। कृषि फीडर से बिजली कनेक्शन हेतु आवेदन देने वाले किसानों के खेत तक तार-पोल आदि पंहुचाकर ससमय कनेक्शन देने का निर्देश दिया। उन्होंने बिजली एवं यांत्रिक दोष से बंद पड़े नलकुपो की सूची उपलब्ध करवाने का भी निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने यातायात की दृष्टिकोण से सड़क चौड़ीकरण के लिए प्रस्ताव भेजने हेतु पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया। उन्होंने कार्यपालक अभियंता विधुत को निर्देश दिया कि जर्जर विधुत तारो को बदलने हेतु तेजी से करवाई करे। उन्होंने कार्यपालक अभियंता विद्युत को ससमय जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने का भी या निर्देश देते हुए कहा की अनावश्यक विलम्ब बर्दाश्त नही की जाएगी।

केंद्र की भाजपा सरकार आरक्षण विरोधी, मंहगाई और बेरोजगारी से मुंह मोड़ चुकी है: राम नरेश

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

कुशेश्वरस्थान पूर्वी: कुशेश्वरस्थान विधानसभा स्तरीय राजद कार्यकताओं की बैठक बाजार स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष झड़ी लाल सदा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें पार्टी नेता व विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव का 12 एवं 13 सितंबर को दरभंगा में प्रस्तावित जन संवाद यात्रा में पार्टी के प्रमुख कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने एवं विगत लोकसभा चुनाव में कुशेश्वरस्थान विधानसभा में बूथ वार मतदान की समीक्षा किया गया। बूथ वार समीक्षा के दौरान ऐसे बूथ जहां महागठबंधन के उम्मीदवार को कम वोट मिले उन बूथों पर पार्टी के मजबूत करने और जनाधार बढ़ाने के लिए गांव गांव जाकर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी में जोड़ने का निर्णय लिया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश महासचिव राम नरेश यादव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार आरक्षण विरोधी और जनसरोकार से जुड़े मंहगाई और बेरोजगारी से मुंह मोड़ चुकी है। वहीं बिहार में नीतीश कुमार अप्रसंगी हो गया है। उनकी मंशा सिर्फ मुख्यमंत्री बने रहना रह गया है। कहा कि बिहार के गरीब गुरबा और बेरोजगार नौजवान जदयू भाजपा गठबंधन की सरकार को उखाड़ फेकेगी और 2025 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को भारी बहुमत से जीत दिलाकर तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाएंगे। कार्यक्रम का संचालन पार्टी के कुशेश्वरस्थान प्रखंड अध्यक्ष उमाशंकर राय ने किया। मौके पार्टी नेता जयप्रकाश नारायण पासवान, नगर पंचायत के मुख्य पार्षद शत्रुघ्न पासवान ,अब्दुल कैयूम फारूकी, चंद्रवली प्रसाद यादव, कामेश्वर राम,हीरा पासवान, संतोष पासवान,मो0 जिकीर सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आम के बगीचे में मिला अधेड़ व्यक्ति का शव

बिस्फी (रासासं) : मधुबनी जिले के बिस्फी थाना क्षेत्र भैरवा गांव स्थित एक आम बगीचे में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। बताते चले की मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के सकराढ़ी गांव निवासी 45 वर्षीय कृष्ण कुमार सहनी के रूप में की गई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही बिस्फी थानाध्यक्ष अविनाश कुमार अपने दलबल के साथ घटना स्थल पर पंहुच जांच में जुट गए। मृतक कृष्ण कुमार सहनी गले मे फंदे लगा आत्महत्या कर लेने के बात सामने आई। जिसे सुबह में जब गाछी की ओर लोग निकले, तो देखा जहां धीरे-धीरे लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक मानसिक रूप से पीड़ित था।

स्मार्ट बिजली मीटर लगाने की विरोध में घंटो किया सड़क जाम

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

बिस्फी : मधुबनी जिले के बिस्फी प्रखंड क्षेत्र के तिसी एव नरसाम के बिजली उपभोक्ताओं ने स्मार्ट बिजली मीटर लगाने की विरोध में शनिवार की सुबह प्रखंड एवं अनुमंडल जाने वाली मुख्य सड़क को तिसी चौक के पास जाम कर दिया और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया, जिससे घंटे यातायात बाधित रहा। इसकी सूचना मिलती ही पतौना थाना अध्यक्ष राज किशोर पंडित के नेतृत्व में दल बल के साथ पहुंचकर यातायात बहाल करने का प्रयास की गई, साथ ही मौके पर ही बिजली उपभोक्ताओं से वातालांप की गई। उन्होंने तत्काल बिजली विभाग को सूचना देकर इस समस्या को समाधान करने की अपील की। बिजली उपभोक्ता रउदी शर्मा, रुखसाना खातून, विमला देवी, कमला देवी, नीलो देवी ने बताया कि तीसी गांव में स्मार्ट बिजली मीटर नहीं लगने पर बिजली विभाग ने पूरे गांव की ही लाइन काट दी है। उनका कहना था कि कुछ दिन पहले विभाग के द्वारा स्मार्ट बिजली मीटर लगाने की अपील की गई थी। कई उपभोक्ताओं ने मीटर लगाया भी, जो मीटर नहीं लगाया है, उसकी लाइन काट दी जानी थी, लेकिन विभाग ने पूरे गांव को ही लाइन काट दिया।

गणपति बप्पा मोरया की जयकार के साथ गणपति पूजनोत्सव का भव्य आयोजन

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

कुशेश्वरस्थान: दोनों प्रखंड में शनिवार को गणपति बप्पा मोरया की जयकार के साथ आधे दर्जन से अधिक स्थानों पर गणपति पूजनोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न पूजा पंडालों में पंडितों ने यजमानों को वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान गणपति की प्रतिमा स्थापित कराया। इसके साथ ही श्रद्धालु भगवान गणपति को दर्शन पूजन कर अपने स्वजनों के सुख समृद्धि की कामना किया। इस अवसर पर पूजा पंडालों को रंग बिरंगे बिजली के बल्वो एवं झालरों से आकर्षक रूप से सजाया गया है। जिससे शाम होते ही पूजा स्थल में रंग बिरंगे बिजली के बल्वो एवं झालरों से सतरंगी छटा बिखेरने लगती है। पूर्वी प्रखंड के हरिनाही, कुशेश्वरस्थान बाजार, कुशेश्वरस्थान प्रखंड के हिरणी, लोदीपुर,पोखरभिंडा असमा सहित कई अन्य गांवों में गणपति पूजा का भव्य आयोजन किया गया है।हरिनाही एवं असमा में गणपति पूजा समिति द्वारा सुबह में 151 कुंवारी कन्याओं ने गाजे बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली। चार दिवसीय गणपति पूजनोत्सव में कई पूजा स्थलों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। हरिनाही में ख्याति प्राप्त भजन गायक खगड़िया के महंत नीरज यादव का गायन होगा।

मिशन परिवार विकास अभियान-सारथी रथ को सिविल सर्जन ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

मधुबनी : सारथी रथ के माध्यम से लोगों को परिवार नियोजन से संबंधित सभी प्रकार के स्थायी व अस्थायी विकल्पों की जानकारी देने के उद्देश्य से मधुबनी जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों के लिए सदर अस्पताल मधुबनी से एक-एक सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर सिविल सर्जन डॉक्टर नरेश कुमार भीमसारिया ने रवाना किया।

इस मौके पर सिविल सर्जन ने बताया कि बढ़ती जनसंख्या से परिवार की तरक्की के मार्ग में सबसे बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है, साथ ही परिवार की अर्थव्यवस्था एवं सामाजिक व्यवस्था पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है। हम सभी छोटा परिवार रखकर ही अपने सपने को साकार कर सकते हैं। क्योंकि जितना छोटा परिवार होगा, उसमें उतनी ही ज्यादा खुशियां और आगे बढ़ने का संभावना रहती है। जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं कर्मियों की जिम्मेदारी बनती है कि अपने-अपने क्षेत्र के निवासियों को परिवार नियोजन से संबंधित गहन जानकारी देते हुए इसके नियंत्रण के लिए भी प्रोत्साहित करें। इससे आने वाली पीढ़ियों की उचित देखभाल एवं सुलभ तरीके से परवरिश भी की जा सकती है। इसीलिए शादी के साथ ही परिवार नियोजन से संबंधित योजनाओं पर विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है।

एसीएमओ डॉक्टर आर.के. सिंह ने कहा कि राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग द्वारा 2 से 14 सितंबर तक जिले जिले में दंपति संपर्क पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। वहीं 17 से 30 सितंबर तक सेवा पखवाड़ा संपादित किया जाना है। इस अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए जिलाधिकारी के दिशा-निर्देश में जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में जनसंख्या वृद्धि दर को कम करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। जिसको लेकर शहरी क्षेत्र के लेकर जिले के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक सारथी रथ की पहुंच बनाकर जन जागरूकता के लिए प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जिले के सार्वजनिक स्थल, सामुदायिक भवन, स्कूल, कॉलेज, मंदिर, मसज़िद, चर्च और गुरुद्वारे सहित मलिन बस्ती और घुमंतू द्वारा बनाए गए रैन बसेरा के नजदीक जाकर सारथी रथ के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाना सुनिश्चित किया गया है, ताकि अधिक से अधिक परिवार नियोजन के प्रति लोगो में जागरूकता बढ़ सके।

जिला सामुदायिक उत्प्रेरक नवीन दास ने बताया कि जनसंख्या स्थिरीरता पखवाड़े के दौरान इसकी जरूरत, सही उम्र में शादी, पहले बच्चे में देरी, बच्चों के बीच सही अंतर एवं छोटे परिवार के लाभ के बारे में जिलेवासियों को जानकारी दी जाएगी। वहीं जिलेवासियों में जागरूकता बढ़ाने के लिए ई-रिक्शा (सारथी रथ) के माध्यम से विभागीय दिशा-निर्देश के आलोक में रूट चार्ट के अनुसार सभी प्रखंडों में 5 दिनों (2 सितंबर से 14 सितंबर) तक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

ब्रीफ न्यूज

सिंगापुर से चीन जा रहा विमान हवा में लहराया, सात घायल

सिंगापुर सिटी (एजेंसी): सिंगापुर से चीन के ग्वांगझाऊ जा रहा स्कूट कंपनी का विमान (बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर) तकनीकी खराबी के कारण बीच हवा में 20,000 फीट की ऊंचाई पर लहराने लगा। इस दौरान सात सवार घायल हो गए। सिंगापुर के समाचार पत्र द स्ट्रेट्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार घायलों में से एक यात्री को अस्पताल पहुंचाया गया है। विमानन कंपनी स्कूट ने कहा कि शुक्रवार सुबह जब विमान ग्वांगझाऊ के पास पहुंचा तो उसमें कुछ खराबी आ गई। बोइंग 787-9 स्थानीय समयानुसार सुबह 9:10 बजे अपने गंतव्य पर उतरा। इसने तड़के लगभग 5:45 बजे सिंगापुर से उड़ान भरी थी। स्कूट ने कहा है कि विमान के ग्वांगझाऊ पहुंचने पर पता चला कि चार यात्रियों और चालक दल के तीन सदस्यों को चोट आई है। इनमें से एक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। कंपनी ने बयान में यह नहीं बताया कि विमान में कुल कितने लोग सवार थे।

इस्लामाबाद प्रशासन ने पीटीआई की आठ सितंबर को होने वाली रैली का स्थान बदला

इस्लामाबाद (एजेंसी): पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में जिला प्रशासन ने आठ सितंबर को होने वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की रैली के स्थान में अचानक बदलाव कर दिया है। इस्लामाबाद के डिप्टी कमिश्नर इरफान नवाज ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।इसमें कहा गया है कि रैली स्थल को संघीय राजधानी के संगजानी क्षेत्र में मूल स्थल के सामने एक साइट पर स्थानांतरित किया गया है। एआरआई न्यूज की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि पीटीआई नेता आमिर मुगल ने पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ देरात नए स्थान का दौरा किया । उन्होंने इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। रैली निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होगी । जिला प्रशासन ने रैली के लिए सशर्त मंजूरी दी थी। इसके लिए शाम चार बजे से शाम सात बजे तक समय दिया गया था। डिप्टी कमिश्नर इरफान नवाज ने कहा है कि नया रैली स्थल ज्यादा मुफीद है। मुल्क के तमाम हिस्सों से रैली में हिस्सा लेने आने वालों के लिए विशिष्ट मार्ग निर्धारित किए गए हैं। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से आने वाले मोटर-वे एम 1 और पंजाब के लोगों के लिए मोटर-वे एम 2 तय किया गया है। रैली के दौरान धरना-प्रदर्शन और नफरत फैलाने वाले भाषणों पर प्रतिबंध रहेगा।

गुलामी का प्रतिकार करने की रानी लक्ष्मीबाई की सीख को अंगीकार करें : डॉ मोक्षराज

झांसी (एजेंसी): रानी लक्ष्मीबाई ने अपने शौर्य व बलिदान के माध्यम से हमें पराधीनता के प्रतिकार की जो सीख दी है, उसे प्रत्येक नर-नारी को अंगीकार करना चाहिए। अब वह पराधीनता सांस्कृतिक, राजनैतिक एवं विदेशी वस्तुओं से जुड़ी है। यह विचार अमेरिका स्थित भारतीय राजदूतावास वाशिंगटन डीसी में प्रथम सांस्कृतिक राजनयिक एवं भारतीय संस्कृति शिक्षक रहे डॉ. मोक्षराज ने झाँसी में शनिवार को एक दिवसीय प्रवास के दौरान झांसी-कि ला दर्शन के अवसर पर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि देश की आजादी से पहले व उसके बाद लाखों लोगों को धन के लालच, मृत्यु व अस्मिता के भय से अपना धर्म बदलना पड़ा। अब ऐसे पंथों को ढोने का कोई औचित्य नहीं है। सांस्कृतिक हमलों से पीड़ित लोगों को महारानी लक्ष्मीबाई के साहस से प्रेरणा पाकर मजबूरी में अपनाए पंथों को त्यागना चाहिए।

सुनीता विलियम्स रह गईं अंतरिक्ष में स्टारलाइनर लौटा, सुरक्षित लैंडिंग

एजेंसी

वाशिंगटन : अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुश विलमोर को स्पेस स्टेशन ले जाने वाला स्पेस क्राफ्ट स्टारलाइनर-1 शनिवार को तीन महीने बाद धरती पर लौट आया। वह सुरक्षित लैंड हो गया। यह स्पेस क्राफ्ट भारतीय समयानुसार तड़के 3:30 बजे पहुंचा। यह न्यु मैक्सिको के व्हॉइट सैंड स्पेस हॉर्बर (रेगिस्तान) में सुरक्षित लैंड हुआ। अमेरिकी-भारतीय नागरिक सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में ही हैं।

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा बताया कि स्पेस क्राफ्ट ने सुबह 9 बजकर 15 मिनट पर पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया। इसके बाद इसकी गति करीब 2,735 किलोमीटर हो गई । लैंड होने से ठीक तीन मिनट पहले ही सुरक्षा के लिए स्पेस क्राफ्ट के तीन पैराशूट भी खुल गए। बोइंग कंपनी ने नासा के लिए यह स्पेसक्राफ्ट बनाया है। पांच जून को सुनीता और बुच को इससे भेजा गया था। यह सिर्फ आठ दिन का मिशन था। तकनीकी खराबी की वजह से इसमें समय लगा तकनीकी कारणों की जांच की जाएगी ।

स्पेसक्राफ्ट में तकनीकी दिक्कतों और हीलियम गैस के रिसाव की जानकारी सामने आई थी। नासा ने 24 अगस्त को बताया था कि स्टारलाइनर में सेफ्टी इश्यूज की वजह से बुच और सुनीता को इससे वापस धरती पर नहीं लाया जाएगा। स्पेसक्राफ्ट खाली ही वापस लौटेगा। सुनीता और बुच को एलन मस्क की कंपनी स्पेस एक्स के क्रू ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट से वापस लाया जाएगा।

अमेरिकी संचार माध्यमों की रिपोर्ट के मुताबिक, स्टारलाइनर की वापसी और इससे जुड़े ताजा अपडेट को लेकर नासा ने सुबह 11 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें बोइंग का कोई प्रतिनिधि नहीं था। नासा के मैनेजर स्टीव स्टिच ने कहा कि स्टारलाइनर ने अच्छे तरीके से लैंडिंग की है। हमने इसे जांच के लिए भेजा है। हम जल्द ही बताएंगे कि स्पेस क्राफ्ट में किस वजह से खराबी आई। नासा और बोइंग के बीच भले ही दिक्कतें चल रही हैं लेकिन दोनों मिलकर स्टारलाइनर की जांच करेंगी।

स्टारलाइनर की सेफ लैंडिंग के बाद स्पेस स्टेशन में मौजूद सुनीता विलियम्स ने खुशी जताई। उन्होंने टीम की प्रशंसा करते हुए कहा है कि आप लोग बेहतरीन हैं। लैंडिंग कमांडर लौरेन ब्रेंकी ने सोशल मीडिया पर लिखा है स्टारलाइनर सुरक्षित घर लौट आया। इसने क्या शानदार लैंडिंग की।

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में फ्रंटियर कोर मुख्यालय पर हमला विफल, चार दहशतगर्द मारे गए

एजेंसी

रावलपिंडी : पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मोहमंद जिले में फ्रंटियर कोर मुख्यालय पर घातक आतंकी हमला विफल कर दिया। इस दौरान बलों ने चार आत्मघाती हमलावरों को मार गिराया। पाकिस्तान सेना की मीडिया विंग इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने शनिवार को यह जानकारी दी। जियो न्यूज की रिपोर्ट में आईएसपीआर के हवाले से दावा किया गया है कि शुक्रवार तड़के फ्रंटियर कोर मुख्यालय पर हमला करने पहुंचे सशस्त्र आतंकवादियों का सफाया कर दिया गया। आईएसपीआर ने कहा है कि सुरक्षा बल के जवानों ने मुख्यालय में प्रवेश करने के प्रयास को प्रभावी ढंग से विफल कर दिया। सेना के मीडिया विंग ने कहा है, पाकिस्तान के सुरक्षा बल देश से आतंकवाद को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्प और बहादुरी के साथ खड़े हैं। इसके अलावा काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) के प्रवक्ता ने कहा है कि पिशिन जिले के सुरखाब शरणार्थी शिविर में सुरक्षा बलों के साथ गोलीबारी में पांच आतंकवादी मारे गए।

सिर्फ कागजों पर खुले हैं नेपाल-चीन सीमा के सभी चेकपोस्ट, कई पर आज भी है चीन का प्रतिबंध

एजेंसी

काठमांडू : विगत अप्रैल में नेपाल और चीन के बीच बनी सहमति के बाद 1 मई को दोनों देशों ने बड़े जोरशोर से सीमा के सभी चेकपोस्ट खोलने की बात कही थी। तत्कालीन गृहमंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने कोरला चेकपोस्ट पहुंच कर दोनों देशों के बीच कोरोना काल में बंद हुए सभी 11 चेकपोस्ट खोलने की औपचारिक घोषणा भी कर दी थी, लेकिन आज भी कई चेकपोस्ट ऐसे हैं जहां चीन का प्रतिबंध जारी है। चीन ने नेपाल से लगती सीमा पर स्थित सभी चेकपोस्ट खोलने की घोषणा पर कितना अमल किया है, इस बात की पड़ताल करने के लिए जब सीमावर्ती चेकपोस्ट के पास के जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों से पूछा गया तो उनके जवाब से यह पता लगा कि चीन ने दिखाने के लिए कागज पर तो चेकपोस्ट खोलने की बात लिख दी है पर हकीकत में अब तक कई ऐसे चेकपोस्ट हैं जहां चीन का प्रतिबंध अभी भी जारी है। दो दिन पहले ही चीन और नेपाल के बीच सबसे बड़े दो व्यापारिक चेकपोस्ट पर नेपाली व्यापारियों के 100 से अधिक कंटेनर को पिछले 17 दिन से रोकने की खबर आई थी। नेपाल के तापलेजुंग जिले से सटे चीन की सीमा ओलांगचोंगगोला चेकपोस्ट कहने के लिए तो 01 मई से खुला है पर स्थानीय जनता का कहना है कि इस चेकपोस्ट से यहां के लोगों को तो दूर मवेशी को भी चरने नहीं जाने दिया जाता है। यहां के स्थानीय किसान छान शेर्पा ने कहा कि सरकार की तरफ से चीन के द्वारा सभी चेकपोस्ट खुलने की बात कही गई लेकिन तीन महीने बाद भी हमें तो उस पार नहीं जाने दिया जाता है।

दुनिया में भारत की सशक्त पहचान में उप्र की गुणात्मक भागीदारी : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

गोरखपुर : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बताते हुए यहां 2017 के बाद आए बदलाव के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में बनी भारत की अलग और सशक्त पहचान में उत्तर प्रदेश की गुणात्मक भागीदारी है। उन्होंने 2047 तक ह्यविकसित भारतह्ल की संकल्पना को लेकर जारी अभियान में सबसे योगदान देने की अपील करते हुए कहा कि विकसित भारत के हवन में हरेक व्यक्ति को आहुति देनी चाहिए, क्योंकि हम देश के लिए जितना भी कर सकें, कम है।

उपराष्ट्रपति धनखड़ शनिवार को गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में सैनिक स्कूल के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उपराष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ भी उपस्थित थीं। उपराष्ट्रपति ने उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आए परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2017 के बाद उप्र में शिक्षा, चिकित्सा, उद्यमिता तथा अन्य क्षेत्रों में गुणात्मक वृद्धि हुई है जबकि 2017 के पहले यह प्रदेश डर की चपेट में था। कानून व्यवस्था ठीक नहीं थी, आम आदमी परेशान रहता था। कई पहलुओं पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि सैनिक स्कूल गोरखपुर को मात्र तीन वर्ष में पूरा करवाकर योगी ने शानदार और चमत्कारिक कार्य कर दिखाया है। वैसे तो मुख्यमंत्री योगी के चमत्कारिक कार्यों की गूंज हर जगह सुनाई देती है। तीन वर्ष में सैनिक स्कूल बनकर संचालित होना मुश्किल और अकल्पनीय था लेकिन सीएम योगी ऐसा कर देंगे, यह विश्वास भी था।

सैनिक स्कूल समेत सभी स्कूलों के विद्यार्थियों और आमजन को प्रेरित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारतीयता हमारी पहचान और राष्ट्र हमारा धर्म है। हमें निजी स्वार्थ से ऊपर राष्ट्र धर्म को रखना होगा। राष्ट्रवाद से समझौता राष्ट्र के साथ धोखा होगा। राष्ट्र पर प्रश्न चिह्न लगाने वालों को हमें बर्दाश्त नहीं करना है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज का भारत दस साल पहले वाला भारत नहीं है। बल्कि सशक्त भारत है। पहले देश का सोना स्विट्जरलैंड के बैंक में गिरवी रखा जाता था, आज ऐसी स्थिति नहीं है बल्कि देश का स्वर्णकोष पर्याप्त है। जिस कश्मीर में कोई दिखता नहीं था, वहां अनुच्छेद 370 समाप्त होने के बाद दो-तीन वर्ष से दो करोड़ से अधिक पर्यटक आ रहे हैं। संविधान निमार्ताओं ने अनुच्छेद 370 को अस्थायी बनाया था लेकिन कुछ लोग इसे परमानेंट मान बैठे थे।

धनखड़ ने विद्यार्थियों को समझाते हुए कहा कि उन्हें असफलता से कभी डरना नहीं चाहिए, क्योंकि असफलता सफलता की शुरूआत का केंद्र है। उन्होंने कहा कि डर को मन से निकाल दें।

व्यापार

ब्रीफ न्यूज

जीएसटी काउंसिल की बैठक सोमवार को स्वास्थ्य बीमा पर फैसला संभव

नई दिल्ली (एजेंसी): वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक 9 सितंबर, सोमवार को राजधानी नई दिल्ली में 54वीं होने वाली है। इस बैठक में स्वास्थ्य और जीवन बीमा कराने वाले लोगों को महंगे प्रीमियम (बीमा किस्त) से निजात मिलने की संभावना है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि 9 सितंबर, 2024 को राजधानी नई दिल्ली में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक में दोनों तरह के बीमा (स्वास्थ्य और जीवन बीमा) पर लगने वाली जीएसटी की दर को 18 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी किया जा सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर लगने वाले जीएसटी की दर से सरकारी खजाने पर बोझ पड़ सकता है। स्वास्थ्य और जीवन बीमा के प्रीमियम पर लगने वाली 18 फीसदी जीएसटी दर को हटाने का मुद्दा अब राजनीतिक मोड़ ले चुका है। इसकी शुरूआत केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के वित्त मंत्री सीतारमण को एक पत्र लिखने से हुई। इसके बाद पश्चिम बंगाल और अब कनार्टक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर मध्यम और निम्न आय वर्ग के पॉलिसीधारकों के लिए स्वास्थ्य बीमा पर 18 फीसदी जीएसटी दर में कटौती की मांग की। वित्तीय सेवाओं के विभाग के स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर मौजूदा जीएसटी कर की दर घटाने के अनुरोध के बाद जीएसटी परिषद के द्वारा नामित केंद्र और राज्यों के राजस्व अधिकारियों वाली फिटमेंट समिति ने इसका विस्तृत विश्लेषण किया है। फिटमेंट समिति इस बारे में अपनी विस्तृत रिपोर्ट 9 सितंबर को होने वाली जीएसटी परिषद की बैठक में सौंप सकती है। इससे सरकारी खजाने पर 6.5 अरब रुपये से 35 अरब रुपये तक का बोझ पड़ने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि बजट सत्र के दौरान 7 अगस्त को वित्त विधेयक 2024 में संशोधन पर चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा था कि मैं यहां दो महत्त्वपूर्ण बिंदुओं का उल्लेख करना चाहती हूं। उन्?होंने कहा था कि स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी के लागू होने से पहले भी कर लगता था। यह कोई नया मुद्दा नहीं है, सभी राज्यों में यह पहले से ही था।

गणेश चतुर्थी के दिन महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

नई दिल्ली (एजेंसी): गणेश चतुर्थी के दिन आज घरेलू सराफा बाजार में तेजी का रुख बना हुआ है। आज की तेजी के कारण सोना 500 रुपये प्रति 10 ग्राम से भी अधिक महंगा होकर 73 हजार रुपये के स्तर को पार कर गया है। इसी तरह चांदी ने भी आज 2 हजार रुपये से अधिक की छलांग लगाई है। कीमत में हुई बढ़ोतरी के कारण आज देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 73,470 रुपये से लेकर 73,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 67,360 रुपये से लेकर 67,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी भी आज महंगी हुई है। कीमत में आई इस तेजी के कारण दिल्ली सराफा बाजार में आज चांदी की कीमत 87,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,360 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,370 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 67,260 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 73,320 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 67,210 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय और स्विगी के बीच एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

एजेंसी

नई दिल्ली : कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) और ऑन-डिमांड सुविधा प्लेटफॉर्म स्विगी ने एक अनूठी निजी सार्वजनिक भागीदारी (पीपीपी) के तहत इस क्षेत्र में कार्यबल के नए अवसर पैदा करने और उन्हें गति देने के लिए स्विगी स्किल्स पहल की शुरूआत की है। इसके लिए कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय और स्विगी ने शनिवार को नई दिल्ली के कौशल भवन में आयोजित कार्यक्रम में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के अवसर पर कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि लॉजिस्टिक्स में वृद्धि की अपार संभावनाएं हैं। इस क्षेत्र में 300 से अधिक पहल की जा रही हैं तथा 80 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि सरकार के विकसित भारत 2047 दृष्टिकोण के अनुरूप ये समझौता किए गए हैं। मंत्रालय के मुताबिक इस भागीदारी का उद्देश्य एमएसडीई योजनाओं और कार्यक्रमों के तहत कुशल युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना और स्विगी के साझेदार नेटवर्क के लिए कौशल, पुर्नकौशल और कौशल उन्नयन के अवसर प्रदान करना है। यह पहल रेस्तरां संचालन और खुदरा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं में लोगों के लिए रोजगार, इंटर्नशिप और प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करेगी। मंत्रालय ने कहा कि स्विगी कौशल पहल के तहत स्विगी पार्टनर प्लेटफॉर्म को स्किल इंडिया डिजिटल हब के साथ एकीकृत किया जाएगा, जो स्विगी के कर्मचारियों को ऑनलाइन कौशल विकास पाठ्यक्रम, प्रमाणन और प्रशिक्षण मॉड्यूल तक पहुंच प्रदान करेगा। इस साझेदारी से स्विगी से जुड़े 2.4 लाख डिलीवरी पार्टनर और रेस्तरां पार्टनर के कर्मचारियों को लाभ होगा। इस साझेदारी पर हस्ताक्षर के बाद अपने संबोधन में स्विगी फूड मार्केटप्लेस के सीईओ रोहित कपूर ने कहा, हम अपने भागीदारों के ऐप में एमएसडीई के स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच) के साथ एकीकृत करने की योजना बना रहे हैं, जिससे करीब 2.4 लाख डिलीवरी पार्टनर और हमारे 2 लाख रेस्तरां भागीदारों के कर्मचारी आसानी से ऑनलाइन कौशल विकास पाठ्यक्रम, ऑफलाइन प्रमाणन और प्रशिक्षण मॉड्यूल तक पहुंच सकेंगे। उल्?लेखनीय है कि स्विगी और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय 2.4 लाख से अधिक डिलीवरी पार्टनर्स के कौशल विकास में सहायता करने तथा खाद्य सेवाओं और त्वरित वाणिज्य उद्योग में 8 हजार से अधिक युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए एक साथ आ रहे हैं।

पेमेंट कंपनियों को 2000 रुपये से कम के ट्रांजेक्शन पर मिला जीएसटी डिमांड नोटिस

एजेंसी

नई दिल्ली : जीएसटी काउंसिल की बैठक के दो दिन पहले ही सीसी एवेन्यू और बिल डेस्क जैसी कई पेमेंट कंपनियों को जीएसटी का डिमांड नोटिस जारी किया गया है। जीएसटी का ये डिमांड नोटिस 2,000 रुपये से कम के डिजिटल ट्रांजेक्शन पर मर्चेंट्स से ली गई फीस की वजह से जारी किया गया है। जीएसटी के इस डिमांड नोटिस पर पेमेंट प्रोसेसर कंपनियों ने आपत्ति जताई है। कंपनियों का दावा है कि डिमॉनेटाइजेशन के दौरान केंद्र सरकार की ओर से एक नोटिफिकेशन जारी किया गया था। इसमें रिटेल और ऑनलाइन मर्चेंट्स को पेमेंट सपोर्ट करने वाले एग्रीगेटर्स से 2,000 रुपये तक के ट्रांजेक्शन पर जीएसटी नहीं लगाने की बात कही गई थी। बताया जा रहा है कि पेमेंट प्रोसेसर कंपनियों से 2017-18 से ही टैक्स की मांग की जा रही है, जब जीएसटी की व्यवस्था लागू की गई थी। इसमें विवाद केवल नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड के जरिए किए गए पेमेंट पर ही है। इसमें यूपीआई और रूपे कार्ड के जरिए किए गए लेन-देन को टैक्स के बोझ से मुक्त रखा गया है। माना जा रहा है कि जीएसटी काउंसिल की बैठक में रेजर-पे और पाइन लैब्स जैसे पेमेंट एग्रीगेटर्स के जरिए किए गए 2,000 रुपये से कम के डिजिटल पेमेंट पर जीएसटी लगाने की बात पर भी चर्चा हो सकती है।

एयर इंडिया ने अंतरराष्ट्रीय उड़ान के लिए चेक-इन की समय-सीमा बढ़ाई

एजेंसी

नई दिल्ली : टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया एयरलाइंस ने शनिवार को अपनी अंतरराष्ट्रीय उड़ान के लिए चेक-इन की समय-सीमा को बढ़ाने की घोषणा की है। एयरलाइंस ने कहा है कि अब चेक-इन काउंटर अपने निर्धारित प्रस्थान समय से 75 मिनट पहले बंद हो जाएगा। ये नियम राजधानी नई दिल्ली से सभी अंतरराष्ट्रीय प्रस्थानों पर लागू होगा। ये नियम 10 सितंबर, 2024 से प्रभावी होगा। कंपनी ने एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि नई दिल्ली से अंतरराष्ट्रीय प्रस्थान के लिए चेक-इन काउंटर अब आपके निर्धारित प्रस्थान समय से 75 मिनट पहले बंद हो जाएगा। एयर इंडिया ने बताया कि पिछले 60 मिनट के बंद होने से यह समायोजन सभी के लिए एक सहज और आरामदायक यात्रा अनुभव सुनिश्चित करता है, जिससे व्यस्त अवधि के दौरान भी चेक-इन प्रक्रियाओं और सुरक्षा मंजूरी के लिए पर्याप्त समय मिलता है। हम इस नए बंद समय से पहले हवाई अड्डे पर पहुंचने में आपके सहयोग की सराहना करते हैं। इससे पहले अगस्त में एयर इंडिया ने कहा था कि 10 सितंबर, 2024 से नई दिल्ली हवाई अड्डे से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए चेक-इन काउंटर उड़ान प्रस्थान से 75 मिनट पहले बंद हो जाएंगे। एयरलाइन ने उस समय यात्रियों से समय पर चेक-इन काउंटर पर रिपोर्ट करने का अनुरोध भी किया था।

नकदी संकट से निपटने की कोशिश में जुटी स्पाइसजेट 3,200 करोड़ रुपये जुटाने की बनाई योजना

एजेंसी

नई दिल्ली : लिक्विडिटी क्रंच का सामना कर रही डोमेस्टिक एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट ने पूंजी के संकट से मुक्त होने के लिए 3,200 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है। ये राशि इक्विटी, डेट और कैपिटल इन्फ्यूजन के जरिए जुटाई जाएगी। इस संबंध में मिल रही जानकारी के मुताबिक स्पाइसजेट 3,200 करोड़ रुपये की इस राशि का इस्तेमाल अपने बेड़े में विमानों की संख्या बढ़ाने, देनदारी का निस्तारण करने और कंपनी के दूसरे कामकाज में करेगी। बताया जा रहा है कि स्पाइसजेट क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के जरिए 2,500 करोड़ रुपये जुटाएगी। इसके साथ ही वारंट और प्रमोटर्स की ओर से कैपिटल इन्फ्यूजन के माध्यम से 736 करोड़ रुपये जुटाए जाएंगे। हालांकि स्पाइसजेट ने अभी तक 3,200 करोड़ रुपये जुटाने की इस प्रस्तावित योजना के लिए शेयरधारकों से मंजूरी नहीं ली है लेकिन माना जा रहा है कि नकदी के संकट से उबरने के लिए कंपनी को शेयर धारकों की ओर से इस प्रस्तावित योजना के लिए मंजूरी मिल जाएगी। स्पाइसजेट फिलहाल नकदी के संकट से जूझ रही है। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड इस एविएशन कंपनी को बकाए का भुगतान करने के लिए नोटिस दे चुकी है। इसी तरह कुछ दिन पहले दुबई में एयरपोर्ट के बकाए का भुगतान नहीं करने के कारण स्पाइसजेट के यात्रियों को विमान में बोर्ड होने से रोक दिया गया था। दुबई एयरपोर्ट की ओर से भी स्पाइसजेट को बकाए का जल्द से जल्द भुगतान करने का नोटिस दिया जा चुका है। कुछ दिन पहले ये खबर भी आई थी कि स्पाइसजेट लंबे समय से अपने कर्मचारियों के पीएफ का भुगतान भी नहीं कर पा रही है। बताया जा रहा है कि इस आर्थिक संकट को टालने के लिए ही स्पाइसजेट ने क्यूआईपी और कैपिटल इन्फ्यूजन के जरिए 3,200 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है, जिससे कंपनी की सभी देनदारी से मुक्त हुआ जा सके। जहां तक कंपनी की आय की बात है, तो मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी के शुद्ध मुनाफे में सालाना आधार पर 27 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। अप्रैल से जून 2024 के बीच स्पाइसजेट का शुद्ध मुनाफा 149.96 करोड़ रुपये रहा था।

ब्रीफ न्यूज

पेरिस पैरालिंपिक: होकाटो होटोजे सेमा ने पुरुषों की शॉटपुट एफ57 में कांस्य जीता भारत को मिला 27वां पदक

पेरिस (एजेंसी): होकाटो होटोजे सेमा ने शुक्रवार देर रात (स्थानीय समयानुसार) को स्टेड डी फ्रांस में पेरिस 2024 पैरालिंपिक की पुरुषों की शॉटपुट एफ57 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। 40 वर्षीय एथलीट ने अपने चौथे प्रयास में 14.65 का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए चल रहे पैरालंपिक खेलों में 27वां पदक पक्का किया। नागालैंड के एथलीट ने 14.40 के अपने तीसरे थ्रो के साथ स्टैंडिंग में तीसरा स्थान हासिल किया और चौथे प्रयास में और सुधार किया। दूसरे भारतीय एथलीट सोमन राणा 14.07 के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ पांचवें स्थान पर रहे। अपने प्रयासों के सेट को पूरा करते समय वे स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर थे, लेकिन फिनलैंड के तीजो कूपिका और होटोजे के बेहतर प्रयासों के बाद वे रैंकिंग में नीचे आ गए। होटोजे के थ्रो के सेट को पूरा करने के बाद उनके सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी अर्जेंटीना के पाब्लो डेमियन जिमेनेज और फ्रांस के विटोलियो कावाकावा थे, लेकिन दोनों एथलीट केवल 12.99 का सर्वश्रेष्ठ प्रयास ही कर पाए।

पेरिस पैरालिंपिक में इतिहास रच स्वदेश लौटे भारतीय पैरालिंपियन, दिल्ली में हुआ भव्य स्वागत

नई दिल्ली (एजेंसी): पेरिस पैरालिंपिक में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करने के बाद भारतीय पैरालिंपिक एथलीटों का स्वदेश लौटने पर दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया गया। शनिवार की सुबह, पेरिस पैरालिंपिक में हिस्सा लेने के बाद भारतीय दल के आधे सदस्य स्वदेश लौट आए। अवनी लेखरा, मोना अग्रवाल, प्रणव सूरमा, राकेश कुमार और मनीष नरवाल उन लोगों में शामिल हैं जो दिल्ली पहुंचे। दिल्ली के बाहर बड़ी संख्या में प्रशंसक एकत्रित हुए और पैरा-एथलीटों पर फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। भारतीय दल के अन्य एथलीट पैरा मल्टी-स्पोर्ट इवेंट के समापन के बाद वापस लौटेंगे। स्टार इंडिया पैराशूटर अवनी लेखरा ने कहा कि पेरिस पैरालिंपिक में यह एक शानदार यात्रा थी। भारत की स्टार पैराशूटर अवनी लेखरा ने कहा कि पेरिस पैरालिंपिक में यह एक शानदार यात्रा रही। भारतीय पैरा शूटर मोना अग्रवाल ने कहा कि उनका पैरालंपिक सफर बहुत अच्छा रहा। उन्होंने कहा, यह मेरा पहला पैरालंपिक था और मैं बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं। मौजूदा पैरालंपिक चैंपियन अवनी ने अपना सिलसिला जारी रखते हुए शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में स्वर्ण पदक जीता। वह खेलों के इतिहास में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला भी बनीं। इसी स्पर्धा में निशानेबाज मोना अग्रवाल ने कांस्य पदक जीता। इस बीच, पैरा-तीरंदाज राकेश कुमार ने जीत का सारा श्रेय अपने कोचों को दिया। राकेश कुमार और शीतल देवी की भारतीय तीरंदाजी जोड़ी ने चल रहे पेरिस पैरालिंपिक में इटली के एलोनोरा सारती और माटेओ बोनासिना पर जीत के साथ मिश्रित टीम कंपाउंड स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। उन्होंने सोमवार को चल रहे मार्की इवेंट के कांस्य पदक मैच में इतालवी जोड़ी को 156-155 के स्कोर से हराया। चल रहे पैरालिंपिक में भारत ने 27 पदक जीते हैं, जिसमें छह स्वर्ण पदक, नौ रजत पदक और 12 कांस्य पदक शामिल हैं। यह किसी पैरालिंपिक खेल आयोजन में भारत द्वारा जीता गया अब तक का सर्वाधिक स्वर्ण है, जिसने टोक्यो 2020 में जीते गए कुल पांच स्वर्ण को पीछे छोड़ दिया है। विशेष रूप से भारतीय पैरा-एथलीटों ने तीन स्वर्ण, छह रजत और छह कांस्य पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया है, जिससे उन्हें कुल 15 पदक मिले हैं।

डेक्कन चार्जर्स की टीम में साथ खेलने के दौरान देखा कि रोहित कुछ खास हैं : स्टाइरिस

नई दिल्ली (एजेंसी): न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर स्कॉट स्टाइरिस ने कहा कि उन्होंने अब बंद हो चुकी डेक्कन चार्जर्स के लिए खेलते हुए देखा कि रोहित शर्मा में कुछ खास है। स्टाइरिस और रोहित 2008 और 2009 के आईपीएल में डेक्कन चार्जर्स कैंप में साथ थे, जहाँ टीम ने दक्षिण अफ्रीका में खिताब जीता था। रोहित मुंबई इंडियंस में शामिल हो गए और उन्हें टीम को पांच आईपीएल खिताब जिताए, इसके बाद जून में भारत को 2024 पुरुष टी20 विश्व कप जिताया। स्टाइरिस ने क्रिकेट डॉट कॉम से कहा, आईपीएल 2008 में मुझे टीम का साथी बनने और रोहित शर्मा को देखने और सुनने का पहला मौका मिला। वह डेक्कन चार्जर्स में हमारे साथ थे। उस समय उनकी उम्र 19 या 20 साल थी और मैं तभी समझ गया था कि यह बच्चा कुछ खास है। मैं अभी श्रीलंका से वापस आया हूँ, जहाँ मैंने भारत बनाम श्रीलंका मैच में कमेंट्री की थी, वहां उनसे मिला और वह अभी भी वही खिलाड़ी हैं जो 16 साल पहले थे। आईपीएल 2008 में डेक्कन चार्जर्स 14 मैचों में से सिर्फ.दो जीत के साथ अंक तालिका में सबसे नीचे रहा। स्टायरिस को लगा कि टीम संतुलित प्लेइंग इलेवन नहीं बना पाई। उन्होंने कहा, पहले साल हम जीतने के लिए सबसे ज्यादा पसंदीदा थे, लेकिन हम आखिरी स्थान पर रहे। इसका एक कारण यह भी था कि हमारे पास बहुत अच्छा संतुलन नहीं था। हमारे पास कागज पर बहुत अच्छे नाम थे, लेकिन आपको सिर्फ.चार विदेशी खिलाड़ियों को खेलने की अनुमति थी। हम या तो बल्लेबाजी पर ज्यादा जोर देते और गेंदबाजी कमजोर होती, या फिर हम गेंदबाजी पर ज्यादा जोर देते और बल्लेबाजी कमजोर होती। जब हमने ऑलराउंडर को शामिल करने की कोशिश की, तो हम थोड़े-बहुत टुकड़ों में ही थे और उनमें से किसी में भी हम काफी मजबूत नहीं थे और आखिरकार ...हम आखिरी स्थान पर रहे। हालांकि आईपीएल 2009 में, टीम ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को हराकरचैंपियनशिप जीतकर सभी को चौंका दिया। स्टाइरिस ने कहा, टीम में कुछ बदलाव, एक नया कोच और हमने संतुलन पाया और इसे सही किया। हमने डेक्कन चार्जर्स में वास्तव में अच्छा समय बिताया।

हॉकी प्रतियोगिता में सहरसा ने सीवान को पराजित किया

सहरसा (एजेंसी): 14वीं हॉकी बिहार सब जूनियर मैन स्टेट चैंपियनशिप 6 से 9 सितम्बर 2024 तक सिवान में आयोजित है।शनिवार को इस प्रतियोगिता में कुल 3 मैच का आयोजन हुआ, जिसमे सहरसा ने दूसरा मैच सिवान के साथ खेला और किसी के होम ग्राउंड में जितना बहुत ही मुस्किल होता है फिर भी सहरसा ने सिवान को उनके ही होम ग्राउंड में 2 - 1 से पराजित किया, जिसमे पहला गोल आदित्य राज और दूसरा गोल सोनू कुमार ने किया। इसी के साथ सहरसा ने विजय हासिल किया। इसमें टीम मैनेजर के रूप में रिशु राज और कोच अंकित कुमार के देख रेख में सहरसा जीत की ओर कदम बढ़ा रही है।इस बात की जानकारी हॉकी सहरसा के सचिव सुनील कुमार झा को ऑफिसियल के रूप में सिवान में पोस्टेड मो मुस्तकीम ने दिया।इस सफलता पर हॉकी सहरसा के सचिव ने अध्यक्ष डॉ० अजय कुमार सिंह और हॉकी सहरसा के अन्य मेंबर को जानकारी दी। जिसके साथ सभी ने खुशी जाहिर करते हुए सभी खिलाड़ी को बधाई और शुभकामनाएं दी।

जिम एफ्रो टी10 सीजन-2 में दिखेगा वार्नर नीशम, विली, ब्रैथवेट और मुनरो का जलवा

एजेंसी

हरारे: क्रिकेट का सबसे तेज और सबसे मनोरंजक फॉर्मेट रोमांचक मुकाबलों के एक और ब्लॉकबस्टर सीजन के साथ वापस आ गया है। टी10 क्रिकेट का यह आगामी सीजन बड़ा और बेहतर होने जा रहा है और इसकी शुरूआत हरारे में जिम एफ्रो टी10 के सीजन 2 के साथ होगी।

अगले चार महीनों में, बेहद रोमांचक टी10 फॉर्मेट एशिया, उत्तरी अमेरिका और अफ्रीका में घूमेगा। सीजन की शुरूआत 21 से 29 सितंबर तक हरारे में जिम एफ्रो टी10 की वापसी के साथ होगी, जिसका प्लेयर्स ड्राफ्ट 8 सितंबर को होगा।

जिम एफ्रो में छह फ्रैंचाइजी ने ड्राफ्ट में जाने से पहले अपने आइकन और वैश्विक सुपर स्टार को सीधे साइन किया है, ताकि उनके 15-सदस्यीय दल को उनके वैश्विक आइकन के रूप में एक अतिरिक्त 16वें खिलाड़ी के साथ पूरा किया जा सके।

टीम में 6 स्थानीय जिम्बाब्वे खिलाड़ी होंगे और आइकन तथा वैश्विक स्टार भी जिम्बाब्वे से हो सकते हैं। ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वार्नर और वेस्टइंडीज के हार्ड हिटिंग बल्लेबाज कार्लोस ब्रैथवेट को बुलावायो ब्रेव्स जगुआर ने साइन किया है, जबकि केप टाउन सैम्प आर्मी ने इंग्लैंड के डेविड विली और डेविड मलान, अफगानिस्तान के गुलबदीन नैब और कैस अहमद को खरीदा है।

डरबन वॉल्व्स ने न्यूजीलैंड के कॉलिन मुनरो और मार्क चैपमैन के साथ पाकिस्तान के बाएं हाथ के पावर हिटर शारजील खान और यासिर शाह को टीम में शामिल किया है। इसी तरह हरारे बोल्ट्स ने जेम्स नीशम और जोबर्ग बांग्ला टाइगर्स ने ऑस्ट्रेलिया के क्रिस लिन को टीम में शामिल किया है।

न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स लागोस की बात करें तो इस टीम ने जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मजुराबानी को अपने बड़े खिलाड़ियों में से एक चुना है, साथ ही थिसारा परेरा (श्रीलंका), आसिफ अली (पाकिस्तान) को भी टीम में शामिल किया है।

जिम एफ्रो टी10 के बाद यूएस मास्टर्स लीग का दूसरा सीजन, अबू धाबी टी10 और उद्घाटन लंका टी10 दिसंबर में सीजन का समापन करेगा। जिम्बाब्वे के बाद श्रीलंका टी10 को अपनाने वाला दूसरा आईसीसी पूर्ण सदस्य देश बनने के लिए तैयार है। लंका टी10 तुरंत ही श्रीलंकाई क्रिकेट कैलेंडर पर एक महत्वपूर्ण इवेंट के रूप में खुद को स्थापित कर लेगा, जो खेल के सबसे तेज और सबसे रोमांचक प्रारूप को प्रदर्शित करेगा। टी टेन ग्लोबल स्पोर्ट्स के संस्थापक और अध्यक्ष नवाब शाजी उल मुल्क ने कहा, हम एक रोमांचक सीजन के लिए तैयार हैं, और यह कई कारणों से अतिरिक्त रूप से खास होने जा रहा है। पिछले साल जिम्बाब्वे में मिली शानदार सफलता के बाद उत्साह चरम पर है, और हम हरारे में इसकी शुरूआत करने के लिए रोमांचित हैं। प्रत्याशा और उत्साह स्पष्ट है, और हम यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि यह प्रारूप दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों को कैसे आकर्षित करता है।

डायरेक्ट साइनिंग

हरारे बोल्ट: दासुन शनाका (श्रीलंकाः ग्लोबल सुपरस्टार), जेम्स नीशम (न्यूजीलैंडः आइकन), जॉर्ज मुन्से (स्कॉटलैंड), रिशद हुसैन (बांग्लादेश), शेहान जयसूर्या (श्रीलंका), केनर लुईस (वेस्टइंडीज)।

बुलावायो ब्रेव्स जगुआर: डेविड वार्नर (ऑस्ट्रेलियाः आइकॉन), कार्लोस ब्रैथवेट (वेस्टइंडीज), निक हॉब्सन (ऑस्ट्रेलिया), कोबे हर्फ़ट (ऑस्ट्रेलिया)

डरबन वॉल्व्स: कॉलिन मुनरो (न्यूजीलैंडः ग्लोबल सुपरस्टार), मार्क चैपमैन (न्यूजीलैंडः आइकॉन), विल स्मीड (इंग्लैंड), शारजील खान (पाकिस्तान), मुहम्मद इरफान (पाकिस्तान), यासिर शाह (पाकिस्तान)

केप टाउन सैम्प आर्मी: हैदर अली (पाकिस्तानः ग्लोबल सुपरस्टार), डेविड विली (इंग्लैंडः आइकॉन), डेविड मलान (इंग्लैंड), गुलबदीन नैब (अफगानिस्तान), कैस अहमद (अफगानिस्तान), एडम रॉसिंगटन (इंग्लैंड), शाहनवाज दहानी (पाकिस्तान)

एनवाईएस लागोस: ब्लेसिंग मुजरबानी (जिम्बाब्वेः ग्लोबल सुपरस्टार), थिसारा परेरा (श्रीलंकाः आइकॉन), आसिफ अली (पाकिस्तान), नजीबुल्लाह जादरान (अफगानिस्तान), बिनुरा फर्नांडो (श्रीलंका), अखिलेश बोगुडम (यूएसए), ओशेन थॉमस (वेस्टइंडीज)।

जोहन्नबर्ग बांग्ला टाइगर्स: क्रिस लिन (ऑस्ट्रेलियाः ग्लोबल सुपरस्टार), कुसल परेरा (श्रीलंकाः आइकॉन), चरिथ असलांका (श्रीलंका), हजरतुल्लाह जजई (अफगानिस्तान), एडम मिल्ने (न्यूजीलैंड), ल्यूक वुड (इंग्लैंड), करीम जनत (अफगानिस्तान)।

एफ्रो टी10 सीजन 2 से बतौर कोच जुड़े चामिंडा वास, मोइन खान

जिम्बाब्वे में शुरू होने वाले टी10 के आगामी सीजन से पहले, जिम्बाब्वे एफ्रो टी10 की फ्रेंचाइजी ने आगामी टूर्नामेंट के लिए अपने मुख्य कोचों की घोषणा कर दी है। कोचों की सूची में क्रिकेट की दुनिया के कुछ दिग्गज शामिल हैं जैसे पाकिस्तान के मोइन खान, श्रीलंका के चामिंडा वास और इंग्लैंड के ओवैस शाह।

डरबन वॉल्व्स ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोइन खान को साइन किया है, जिन्होंने न केवल पाकिस्तान की राष्ट्रीय टीम को कोचिंग दी है, बल्कि टीम के चयनकर्ता भी रहे हैं। पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज फ्रैंचाइजी क्रिकेट में कोचिंग में भी काफी शामिल रहे हैं। उन्होंने 2016 से क्वेटा ग्लैडिएटर्स का नेतृत्व कर रहे हैं। मोइन खान के नेतृत्व में, ग्लैडिएटर्स ने 2016 से तीन फाइनल में जगह बनाई है और एक बार पाकिस्तान सुपर लीग भी जीती है।

निज लागोस की टीम ने अपने मुख्य कोच के रूप में भी एक बड़ा बदलाव किया है, उन्होंने श्रीलंका के पूर्व ऑलराउंडर चामिंडा वास को टीम में शामिल किया है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज वास गेंद के साथ अपनी क्षमताओं के लिए जाने जाते थे, उन्होंने कई राष्ट्रीय टीमों के साथ विभिन्न कोचिंग क्षमताओं में काम किया है। वास, जो 2012 से कोचिंग कर रहे हैं, न्यूजीलैंड, श्रीलंका और आयरलैंड की राष्ट्रीय टीमों के साथ काम कर चुके हैं।

बुलावायो ब्रेव्स जगुआर ने ओवैस शाह को कोच नियुक्त किया है, जिन्होंने न केवल यूएई की राष्ट्रीय टीम के साथ काम किया है, बल्कि लंका प्रीमियर लीग में दांबुला वाइकिंग में भी अहम भूमिका निभाई है।

केप टाउन सैम्प आर्मी ने बेहद अनुभवी जेम्स फोस्टर को शामिल किया है, जिन्होंने दुनिया भर में फ्रैंचाइज क्रिकेट में कोचिंग की है। इंग्लैंड से क्रिकेट की शुरूआत करने वाले फोस्टर ने आईपीएल, टी20 ब्लास्ट और बांग्लादेश प्रीमियर लीग में भी अपना जलवा बिखेरा है।

जोबर्ग बांग्ला टाइगर्स ने अंग्रेज खिलाड़ी जूलियन वुड को बतौर कोच टीम में शामिल किया है, जो खेल में बड़े हिटिंग बल्लेबाजों के साथ अपने काम के लिए जाने जाते हैं। वुड, जिन्होंने दुनिया भर के कई शीर्ष प्रतिभाओं के साथ काम किया है, ने 2022 में पंजाब किंग्स के साथ आईपीएल में भी सफल प्रदर्शन किया है।

इस बीच, हरारे बोल्ट्स ने श्रीलंकाई कोच पुबुदु दासनायके को कोचिंग की ज़िम्मेदारी सौंपी है, जिन्होंने यूएसए, कनाडा और नेपाल क्रिकेट टीमों के साथ उनके मुख्य कोच के रूप में काम किया है। उनकी कोचिंग के तहत, कनाडा टी20 विश्व कप 2024 के पूल चरण में टेस्ट खेलने वाले पूर्ण सदस्य आयरलैंड को हराने में सक्षम रहा था।

टी टेन ग्लोबल स्पोर्ट्स के संस्थापक और अध्यक्ष नवाब शाजी उल मुल्क ने कहा, जिम एफ्रो टी10 का दूसरा सीजन खास होने का वादा करता है और मौजूद कोचों की क्षमता के साथ, मुझे यकीन है कि जिम्बाब्वे के कई खिलाड़ी भी इस आयोजन से लाभान्वित होंगे। कोचों के बीच काफी प्रतिभा है और हमें विश्वास है कि इससे हरारे में बहुत ही करीबी मुकाबले देखने को मिलेंगे।

जिम एफ्रो टी10 का दूसरा सीजन हरारे में खेला जाना है और इसकी शुरूआत 21 सितंबर से होगी और फाइनल 29 सितंबर को खेला जाएगा।

पंत ने सेमीफाइनल से पहले पुरानी दिल्ली 6 को भेजा संदेश, लंबे समय तक साथ रहने का किया वादा

एजेंसी

नई दिल्ली: भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत यहां अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में पुरानी दिल्ली 6 की टीम को सेमीफाइनल में पहुंचते देखकर उत्साहित हैं।

पुरानी दिल्ली 6 डीपीएल के दूसरे सेमीफाइनल में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स से भिड़ेगी। डीपीएल में पुरानी दिल्ली 6 के लिए यह एक उल्लेखनीय यात्रा रही है। करीबी मुकाबलों में कठिन हार से लेकर लगातार जीत के साथ सेमीफाइनल तक पहुंचने तक, टीम ने लचीलापन और दृढ़ संकल्प दिखाया है।

शुरूआती मैच में पुरानी दिल्ली 6 की कप्तानी करने वाले पंत ने खिलाड़ियों की जमकर तारीफ की और पुरानी दिल्ली 6 टीम के लिए एक दिल को छू लेने वाला संदेश भेजा।

पंत ने कहा, सबसे पहले, मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि पुरानी दिल्ली 6 ने जिस तरह से इस पूरे टूर्नामेंट में प्रदर्शन किया, उसके लिए मैं आप सभी पर गर्व करता हूं। यहां से लेकर अब तक की यात्रा का अनुसरण करना अविश्वसनीय रहा है और मैं सक्रिय रूप से इसका अनुसरण कर रहा हूं। आपने शानदार भावना, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क दिखाया है।

पंत वर्तमान में दलीप ट्रॉफी खेल रहे हैं और उन्हें पूरा भरोसा है कि पुरानी दिल्ली 6 सेमीफाइनल में कमाल करेंगी।

पंत ने पुरानी दिल्ली 6 टीम को दिए संदेश में कहा, काश मैं सेमीफाइनल में होता, लेकिन दलीप ट्रॉफी के साथ मेरी प्रतिबद्धताओं ने मुझे दूर रखा है। फिर भी, मुझे आप सभी पर पूरा भरोसा है और मुझे पूरा भरोसा है कि आप वहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखेंगे। दिल से खेलो, खुद पर भरोसा रखो और एक परिवार की तरह एक साथ रहो और लंबे समय तक एक परिवार की तरह रहो। चलो इसे यादगार बनाओ। मैं हर कदम पर तुम्हारा हौसला बढ़ाऊंगा। चलो पुरानी दिल्ली, इसे करके दिखाओ।

पुरानी दिल्ली 6 के मालिक आकाश नांगिया ने कहा, अगर डीडीसीए भविष्य में मार्की खिलाड़ियों को बनाए रखने की अनुमति देता है। हम ऋषभ को लंबे समय तक अपने साथ रखना चाहेंगे क्योंकि उनके मार्गदर्शन में टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया है।

इस सप्ताह की शुरूआत में, अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा ने अपने साथियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें ध्यान केंद्रित रखने और उसी जुनून और एकता के साथ खेलना जारी रखने की सलाह दी, जिसने उन्हें यहां तक पहुंचाया।

ईशांत ने एक बयान में कहा, बस काम करते रहो और भूल जाओ कि तुम्हारे सामने कौन है। अपने दिल से खेलो और हर छोटी-छोटी चीजों पर ध्यान दो, जो अंततः तुम्हें विजेता बनाएगी।

पुरानी दिल्ली 6 टीम: ललित यादव, इशांत शर्मा, अर्पित राणा, शिवम शर्मा, प्रिंस यादव, ऋषभ पंत, मयंक गुसाईं, सनत सांगवान, अंकित भड़ाना, युग गुप्ता, केशव दलाल, आयुष सिंह, कुश नागपाल, सुमित छिकारा, अर्नव बुग्गा, वंश बेदी, मंजीत, यश भारद्वाज, संभव शर्मा, लक्ष्मण।

यूएस ओपन: टेलर फ्रिट्ज फाइनल में, जननिक सिनर से होगा सामना

न्यूयॉर्क (एजेंसी): टेलर फ्रिट्ज ने शुक्रवार को यूएस ओपन 2024 के सेमीफाइनल में हमवतन फ्रांसेस टियाफो को हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई जहां रविवार को उनका सामना इटली के शीर्ष वरीयता प्राप्त जननिक सिनर से होगा। इस जीत के साथ ही फ्रिट्ज 15 वर्षों में ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाले पहले अमेरिकी खिलाड़ी भी बन गए। विश्व के 12वें नंबर के खिलाड़ी फ्रिट्ज ने 4-6, 7-5, 4-6, 6-4, 6-1 से जीत हासिल की और फाइनल में जगह बनाई। 26 वर्षीय फ्रिट्ज ने जीत हासिल करने के बाद कहा, शुरूआत में उन्होंने मुझे बहुत परेशान किया और मैं थोड़ा घबरा गया था। मैंने खुद से कहा कि मैं इसमें बना रहूँ, सर्विस को बनाए रखूँ और स्कोरबोर्ड पर दबाव बनाऊँ। मैंने इसमें बने रहने के लिए हर संभव कोशिश की। अगर मैंने ऐसा नहीं किया होता तो मुझे हमेशा इसका पछतावा होता। इससे पहले सिनर ने आर्थर ऐश स्टेडियम में उमस भरी परिस्थितियों पर काबू पाते हुए शुक्रवार को ब्रिटेन के जैक ड्रेपर को 7-5, 7-6(3), 6-2 से हराकर यूएस ओपन 2024 के फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेट में गिरने के कारण सिनर की कलाई में चोट लग गई थी, लेकिन उन्होंने धैर्य बनाए रखा और फाइनल में जगह बनाई। वहीं, ड्रेपर के लिए कुछ भी ठीक नहीं रहा, उन्होंने दूसरे सेट में तीन बार उल्टी की, क्योंकि उन्हें गर्मी और उमस से जूझना पड़ा, जिससे उनकी शर्ट भी पसीने से भीग गई। 10 डबल फॉल्ट भी 22 वर्षीय खिलाड़ी को पहली बार ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने में मदद नहीं कर पाए।

कोहनी की चोट के कारण मार्क वुड साल के बाकी समय के लिए खेल से बाहर

एजेंसी

लंदन: इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड अपनी दाहिनी कोहनी में हड्डी के तनाव की चोट के कारण शेष वर्ष के लिए खेल से बाहर हो गए हैं, जिसके कारण वह पाकिस्तान और न्यूजीलैंड दौरे पर वहीं जाएंगे।

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की विज्ञप्ति के अनुसार, 34 वर्षीय खिलाड़ी ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान अपनी कोहनी में बढ़ती कठोरता और बेचैनी महसूस की थी। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में भी खेला था जिसमें उन्हें दाहिनी जांघ में चोट लगी थी। ईसीबी ने कहा कि वुड जांघ की चोट से अच्छी तरह से उबर रहे हैं, जिसके कारण उन्हें शुरू में गर्मियों के बाकी दिनों से बाहर होना पड़ा था।

एक इंस्टाग्राम पोस्ट में, वुड ने खुलासा किया कि जब चोट की गंभीरता का पता चला तो वह वह एक नियमित कोहनी स्कैन के लिए गए थे।

वुड ने अपने पोस्ट में कहा, पहले से ही परेशानी वाली कोहनी की नियमित जांच के दौरान, मुझे यह जानकर झटका लगा कि मेरी दाहिनी कोहनी में कुछ हड्डी का तनाव है। एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड में मामूली कमर की चोट के बाद, मुझे और मेडिकल टीम को लगा कि मेरी कोहनी की जांच करवाने का यह सही समय है क्योंकि यह थोड़ी जलन वाली थी। मैं इसे हर तेज गेंदबाज को होने वाली सामान्य परेशानियों के कारण मानता हूं और मैं इससे खेल रहा था। मैं विशेष रूप से हैरान हूं क्योंकि मैं टेस्ट क्रिकेट खेल रहा हूं और अपनी गति को बनाए रखा है।

उन्होंने कहा, मैं अपनी फिटनेस पर अविश्वसनीय रूप से कड़ी मेहनत करता हूं, कोच और फिजियो के साथ अतिरिक्त काम करता हूं जिससे यह और भी निराशाजनक हो जाता है। हालांकि, मुझे लगता है कि यह 'तेज गेंदबाज होने का हिस्सा है।

वुड ने कहा कि उन्हें अगले साल की शुरूआत में फिर से मैदान पर उतरने का भरोसा है।

उन्होंने कहा, मैं साल के बाकी बचे दिनों को मिस करूंगा, क्योंकि मुझे आराम करने और खुद को तैयार करने के लिए समय चाहिए, मुझे पूरी उम्मीद है कि मैं 2025 की शुरूआत में वापस आकर अच्छा प्रदर्शन करूंगा। मैं पहले भी इस रास्ते पर चल चुका हूं और पर्दे के पीछे रहकर कड़ी मेहनत करूंगा। मुझे अपने देश का प्रतिनिधित्व करने पर बहुत गर्व है और इससे बेहतर कोई एहसास नहीं है।

वुड की अनुपस्थिति में ओली स्टोन ने लॉर्ड्स में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड के लिए खेला जबकि 20 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जोश हल ने ओवल टेस्ट में पदार्पण किया। इंग्लैंड अक्टूबर में तीन टेस्ट के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगा और दिसंबर में तीन और टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड जाएगा।

एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी: खिताब बचाने उतरेगी भारतीय हॉकी टीम

एजेंसी

हुलुनबुइर (चीन): पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम हीरो पुरुष एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी 2024 में अपने अभियान की शुरूआत करने के लिए तैयार है। मौजूदा चैंपियन भारतीय टीम खिताब बचाने के लिए प्रबल दावेदार के रूप में मैदान पर उतरेगी। भारत के साथ मेजबान चीन, जापान, पाकिस्तान, कोरिया और मलेशिया जैसी टीमें हैं। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट रविवार 8 सितंबर से चीन के हुलुनबुइर शहर में होगा। पिछले साल भारत ने घरेलू मैदान पर यह खिताब जीता था, जिससे वह टूर्नामेंट के इतिहास में चार खिताब जीतने वाली एकमात्र टीम बनी। टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह इस साल भी चैंपियनशिप में भारत का दबदबा जारी रखने के लिए उत्सुक हैं। हॉकी इंडिया की ओर से शनिवार को जारी बयान में हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी ने हमें एशियाई खेलों में जाने के लिए सही गति दी। इसके बाद ओलंपिक खेलों में फिर से पोडियम पर खड़े होने की जीत मिली। इस बार भी हम इस टूर्नामेंट को जीतकर नए ओलंपिक चक्र की शुरूआत करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट में ओलंपिक टीम के दस सदस्य खेल रहे हैं। हमारी टीम में कुछ युवा खिलाड़ी भी हैं। उन्होने कहा कि खेल के दृष्टिकोण से, हमारा आक्रमण और पेनल्टी कॉर्नर हमारी ताकत है लेकिन हम एक संरचित रक्षा की कोशिश करेंगे, खासकर जापान, मलेशिया और पाकिस्तान जैसी टीमों के खिलाफ। विश्व रैंकिंग अंकों के लिहाज से यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है और हम चुनौती के लिए तैयार हैं।

भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत रविवार को मेजबान चीन के खिलाफ पहले मैच से करेगी। उसके बाद 9 सितंबर को जापान के खिलाफ दूसरा मैच खेलेगी। भारतीय टीम 11 सितंबर को पिछले साल की उपविजेता मलेशिया से भिड़ेगी और 12 सितंबर को साउथ कोरिया से खेलेगी। एक दिन के ब्रेक के बाद, भारत 14 सितंबर को पाकिस्तान से भिड़ेगा। सेमीफाइनल और फाइनल मैच क्रमशः 16 और 17 सितंबर को होंगे।

टखने में गंभीर चोट के कारण स्पेन की टीम से बाहर हुए ओयारजाबल

एजेंसी

मैड्रिड: स्पेन की राष्ट्रीय टीम के कोच लुइस डे ला फुएंते रविवार को स्विट्जरलैंड के खिलाफ होने वाले यूईएफए नेशंस लीग मुकाबले में रियल सोसिएदाद के फारवर्ड मिकेल ओयारजाबल के बिना खेलेंगे, क्योंकि स्पेनिश फुटबॉल फेडरेशन (आरएफईएफ) ने पुष्टि की है कि गुरुवार को सर्बिया के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ के दौरान उनका बायां टखना चोटिल हो गया है।

ओयारजाबल खेल में अंतिम समय में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में आए और खेल के अंतिम चरण में उन्हें चोट लग गई।

शुक्रवार की सुबह स्पेन में वापस परीक्षण के बाद, चोट की गंभीरता की पुष्टि हुई और ओयारजाबल बैसाखी के सहारे आरएफईएफ मुख्यालय छोड़कर सैन सेबेस्टियन लौट गए। ओयारजाबल के अलावा उनके क्लब के और भी कई खिलाड़ी चोटिल हैं। क्लब ने गेटाफे में हाल ही में 0-0 से ड्रॉ में डिफेंडर हैमर जुबेल्डिया और हामारी ट्रैओर को खो दिया, ट्रैओर को घुटने की चोट लगी है जो उन्हें पूरे सीजन के लिए बाहर रखेगी। मिडफील्डर ब्राइस मेंडेज उसी खेल में घायल हो गए, जबकि विंगर एंडर बैरेनेटक्सिया पूरे सीजन में अपनी फिटनेस से जूझते रहे, और गर्मियों में आर्सेनल और एटलेटिको मैड्रिड को क्रमशः मिकेल मेरिनो और रॉबिन ले नॉर्मैंड की बिक्री से भी क्लब कमजोर हो गया।

ब्रीफ न्यूज

मुख्यमंत्री को पूजा में आमंत्रित किया

रांची (सारासं): मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में केन्द्रीय सरना समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने 14 सितम्बर को रांची के हरमू स्थित अखड़ा में करमा पूजा महोत्सव में शामिल होने के लिए सादर आमंत्रित किया।
इस मौके पर केंद्रीय सरना समिति, भारत के अध्यक्ष नारायण उरांव, उपाध्यक्ष हेमन्त गाड़ी, संयुक्त सचिव पंकज टोप्पो, हरमू सरना समिति के अध्यक्ष विक्की कच्छप, केंद्रीय सदस्य लक्ष्मण तिर्की एवं समिति के सदस्य आश्रिती कच्छप, निशि कच्छप, रिमीन कच्छप, अर्शिता उरांव, कोमल उरांव, संजय उरांव, अनमोल खलखो, जयश्री उरांव, प्रवीण उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

चेकिंग के दौरान पुलिस के साथ बदतमीजी और मारपीट मामले में दो गिरफ्तार

रांची (सारासं): रांची के लालपुर थाना क्षेत्र के न्यूक्लियस मॉल चौक के समीप एंटी क्राइम और डक एंड ड्राइव चेकिंग के दौरान दो युवकों ने पुलिस के साथ बदतमीजी क थी। इस मामले में पुलिस ने शनिवार को दोनों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात लालपुर थाना पुलिस न्यूक्लियस मॉल चौक के समीप एंटी क्राइम और डक एंड ड्राइव चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सदर थाना क्षेत्र के टुंकी टोला निवासी दो युवक रवि रंजन लकड़ा और विनोद लकड़ा स्विफ्ट डिजायर कार में वहां पहुंचे। जांच कर रहे पुलिसकर्मियों से शराब के नशे में बदतमीजी की। इसके बाद पुलिस दोनों को थाने ले गयी। थाने में तैनात ओडी ऑफिसर से दोनों ने मारपीट की। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को शनिवार को जेल भेज दिया।

कांग्रेस वाराणसी के तीन विधानसभा क्षेत्र में निकालेगी जन जागरण पदयात्रा

वाराणसी(रासासं): कांग्रेस वाराणसी के तीन विधानसभा क्षेत्रों से जन जागरण पदयात्रा निकालेंगी। पदयात्रा में लोगों को सामाजिक न्याय, संविधान रक्षा संकल्प, आरक्षण, जातीय जनगणना, आर्थिक आधार पर गरीब सवर्ण समाज को आरक्षण आदि विषयों पर कार्यकर्ता जागरूक करेंगे। पदयात्रा को लेकर पार्टी के पदाधिकारियों ने शनिवार को मैदागिन स्थित कार्यालय में बैठक की। भारत जोड़ो यात्रा की दूसरी वर्षगाँठ पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने किया। बैठक में तय हुआ कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के बातों को जन जन तक पहुँचाने के लिए कार्यकर्ता तैयार रहे। पदयात्रा में विधानसभा वार पदयात्रा के बाद पदाधिकारी वार्ड में घर-घर जागकर पर्चा बाटेंगे। पदयात्रा पूर्ण होने के बाद इसकी रिपोर्ट शीर्ष नेतृत्व को सौंपा जाएगा। यात्रा में महिला सुरक्षा, बेरोजगारी, महंगाई, शहर की मूलभूत जनसमस्या के मुद्दे भी प्रमुखता से उजागर होंगे। बैठक में फसाहत हुसैन बाबू, डॉ राजेश गुप्ता, वकील अंसारी, अरुण सोनी, अफरोज अंसारी, सतनाम सिंह, असलम खां आदि की उपस्थिति रहे।

भरभराकर इमारत गिरी, मलबे में कई दबे

लखनऊ (रासासं): सरोजनी नगर के ट्रांसपोर्ट नगर में शनिवार की शाम को एक इमारत गिरी। मलबे में कई लोग दब गए। घटना की जानकारी पर एनडीआरएफ–एसडीआरएफ टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत–बचाव कार्य में जुट गये। जिला प्रशासन और पुलिस की टीमे मौके पर पहुंच गयी। घायलों को बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सरोजनीनगर के उपजिलाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार ट्रांसपोर्ट नगर में हरमिलाप नाम की तीन मंजिला इमारत बनी है। इसमें बिल्डिंग में दवाओं का कारोबार होता था। दवा कारोबारी इस इमारत में अपना गोदाम बनाए हुए थे। रोजाना की तरह शनिवार की शाम को भी लोग काम कर रहे थे। तभी अचानक इमारत भरभराकर गिर गई। मलवे में कई लोग दब गये और चीख–पुकार मच गया। सूचना पाकर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस प्रशासन व राजस्व विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे गए। उपजिलाधिकारी ने बताया कि घटना में घायल 10 व्यक्तियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शेष अधिकारी रेस्क्यू अभियान में जुटे हुए हैं।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का कानपुर में अगले माह चुनाव, सरगर्मियां हुई तेज

कानपुर (रासासं): इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की कानपुर ईकाई की चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गयी है और अगले महीने होने वाले चुनाव के लिए सरगर्मियां भी तेज हो चली हैं। उम्मीदवारों ने सदस्यों यानी डाक्टर मतदाताओं से संपर्क तेज कर दिया है और अपने-अपने उम्मीदवारों को जिताने के लिए समर्थक भरसक प्रयास कर रहे हैं। इस बार के होने वाले चुनाव में केवल दो ही पदों पर उम्मीदवार अपनी दावेदारी पेश करेगें, बाकी के पदों के उम्मीदवार निर्विरोध रुप से चुने जाएंगे। आईएमए के इस बार चुनाव में अध्यक्ष और सचिव पद पर प्रत्याशी आमने-सामने होंगे। आईएमए कानपुर इकाई चुनाव में इस बार भी अध्यक्ष पद के लिए डा. नंदनी रस्तोगी और वरिष्ठ सर्जन डा. दिनेश सचान आमने-सामने होंगे। जबकि सचिव पद के लिए दावेदारों के चेहरे बदले होंगे। इस बार सचिव पद के लिए डा. विकास मिश्रा और डा. पल्लवी चौरसिया ने नामांकन दाखिल किया है और शनिवार को नामांकन दाखिल करने का अंतिम मौका था। आईएमए कानपुर चुनाव 2023 में नंदनी रस्तोगी के 704 वोट मिले थे, जिसके आधार पर उनको अध्यक्ष चुना गया था। वहीं, डा. दिनेश सचान को 594 वोट मिले थे। इसके अलावा सचिव पद पर डा. कुनाल को 793 वोट और उनके प्रतिद्वंदी डा. मेजर पूर्णिमा दीक्षित को 438 वोटों पर संतोष करना पड़ा था।आईएमए की कानपुर शाखा में कुल 2300 वोटर है। पिछली बार के चुनाव में लगभग 1300 वोटरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। वोटिंग ईवीएम मशीन से हुई थी। बता दें कि आईएमए के चुनाव में पिछले 10 सालों से ईवीएम से ही वोटिंग हो रही है। शनिवार को चुनाव के नामांकन का आखिरी दिन था। इसमें नाम वापसी के लिए 10 सितम्बर तक का समय निर्धारित किया गया है। हालांकि माना जा रहा है कि दोनों ही पदों में कोई भी प्रत्याशी ऐसा नहीं जो अपना नाम वापसी के लिए हामी भरेगा।

राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने विनायक चतुर्थी के अवसर पर दी शुभकामनाएं

कोलकाता (रासासं): पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सी. वी. आनंद बोस ने विनायक चतुर्थी के पावन अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने ट्वीट के माध्यम से लोगों के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है। राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस ने अपने संदेश में कहा कि विनायक चतुर्थी के इस पावन अवसर पर मैं सभी को सुख, शांति और समृद्धि की शुभकामनाएं देता हूं। ओंकार के प्रतीक भगवान गणेश से प्रार्थना है कि वे एक न्यायपूर्ण और समझदार समाज के निर्माण में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करें। उल्लेखनीय है कि विनायक चतुर्थी या गणेश चतुर्थी का पर्व पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और बुद्धि, समृद्धि और भाग्य के देवता के रूप में पूजा जाता है। इस मौके पर राज्यपाल ने भी अपने संदेश के जरिए समाज में एकता और समर्पण का संदेश दिया है।

पॉलीग्राफ टेस्ट में संजय रॉय बोला- आरजी कर नहीं, अन्य सरकारी अस्पताल में थी उसकी नियमित आवाजाही

कोलकाता (रासासं): आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म एवं हत्या के मामले में पकड़े गए सिविक वॉलंटियर संजय रॉय ने पॉलीग्राफ टेस्ट के दौरान दावा किया कि उसकी नियमित आवाजाही आरजी कर नहीं, बल्कि अन्य सरकारी अस्पताल में होती थी। रॉय ने इस मामले से कोई संबंध न होने का दावा किया है लेकिन उसके वकील ने माना कि रॉय के बयान की जांच की जानी चाहिए।

अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में राहुल गांधी ने प्रति उत्तर दाखिल करने के लिए मांगा समय

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

रांची : भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में शनिवार को एमपी-एमएलए के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में राहुल गांधी की पेशी से व्यक्तिगत छूट की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई। राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता ने कोर्ट से प्रतिउत्तर देने के लिए समय की मांग की। इस पर अदालत ने समय देते हुए 21 सितंबर को अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की है।

इससे पूर्व शिकायतकर्ता नवीन झा के अधिवक्ता विनोद साहू की ओर से मामले में 31 अगस्त को जवाब दाखिल किया गया था। अधिवक्ता ने बताया कि राहुल गांधी मामले में व्यक्तिगत पेशी से छूट चाहते हैं। इसको लेकर उनके अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने 14 अगस्त को सीआरपीसी की धारा 205 के तहत याचिका दाखिल की है। राहुल गांधी को मामले में कोर्ट में पेश होना है। पेशी को लेकर समन जारी है। इस पर शिकायतकर्ता के वकील ने राहुल गांधी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आग्रह किया था लेकिन समन की तामील सर्विस रिपोर्ट कोर्ट को प्राप्त नहीं होने के कारण सुनवाई लंबित है।

कोर्ट ने पूर्व में राहुल गांधी को समन जारी कर सशरीर उपस्थित होने को कहा था। राहुल गांधी की ओर से पूर्व में एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा जारी समन को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी, जिसे हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी को फिर से समन जारी किया था।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में मामले में शिकायतवाद दर्ज होने के बाद रांची सिविल कोर्ट ने पहली बार राहुल गांधी को समन जारी किया था। यह शिकायतवाद भाजपा कार्यकर्ता नवीन झा ने वर्ष 2018 को किया है। याचिका में कहा गया है कि कांग्रेस के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में आयोजित अधिवेशन में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी

नवीन झा के मुताबिक, इस दौरान राहुल ने कहा था कि भाजपा में एक हत्यारा अध्यक्ष बन सकता है लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं हो सकता। इस बयान से उन्हें ठेस पहुंची है। पार्टी की छवि खराब हुई है। इस वजह से शिकायतवाद दायर की थी।

मांगों पर सहमति के बाद सहायक पुलिसकर्मियों का आंदोलन समाप्त

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

रांची : राजधानी के मोरहाबादी मैदान में सहायक पुलिसकर्मियों का आंदोलन समाप्त हो गया है। सहायक पुलिसकर्मी विभिन्न मांगों को लेकर दो जुलाई से धरने पर बैठे थे। उनका आंदोलने शुक्रवार की देर रात समाप्त हुआ। झारखंड सहायक पुलिस प्रदेश संगठन के अध्यक्ष अविनाश द्विवेदी और सचिव विवेकानंद गुप्ता ने शनिवार को बताया कि झारखंड सरकार ने हमारी कई मांगों पर सहमति जताते हुए उसे कैबिनेट से पास कर दिया, जिसके बाद हमलोगों ने अपना आंदोलन 67वें दिन खत्म करने की घोषणा की है। कैबिनेट के फैसले के अनुसार, अब सहायक पुलिसकर्मियों को 13 हजार रुपये वेतन मिलेगा। सरकारी की ओर से वर्दी भत्ते के रूप में उन्हें चार हजार रुपये दिया जायेगा। साथ ही सहायक पुलिसकर्मी भी अब अवकाश ले सकेंगे। विवेकानंद ने कहा कि मुख्यमंत्री का आभार जताकर हम सभी पुलिसकर्मी अपने-अपने जिले लौट जाएंगे। उल्लेखनीय है कि झारखंड पुलिस में समायोजन की मांग को लेकर मोरहाबादी मैदान में धरना दे रहे सहायक पुलिसकर्मी 19 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने निकले थे। इस दौरान उनपर झारखंड पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। सहायक पुलिसकर्मियों की बहाली दस हजार रुपये के मानदेय पर राज्य के 12 जिले गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, दुमका और गिरिडीह में हुआ था। लगभग 2300 पुलिसकर्मी आंदोलनरत थे।

फसल नष्ट होने पर नहीं होगी आर्थिक क्षति

81088 किसानों ने कराया फसल सुरक्षा बीमा

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

मीरजापुर : जनपद में 81088 किसानों ने अपनी फसल का बीमा कराया है। प्रतिकूल मौसम में फसलों के नुकसान से होने वाली आर्थिक क्षति से बचने के लिए जनपद के 81 हजार 88 किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा कराया है। इसमें कृषि ऋण लेने वाले 78 हजार 902 किसान तो दो हजार 186 गैर ऋणी किसान हैं। उप कृषि निदेशक विकेश पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 19628.9 बीमित क्षेत्रफल के लिए किसानों ने 3,44,94,390.1 करोड़ अंशदान जमा किया है। इनके साथ ही राज्य सरकार ने 3,25,37,493.3 रुपए तथा केंद्र सरकार ने 3,25,37,493.3 रुपए अर्थात कुल 9,95,69,376.7 रुपये का प्रीमियम जमा किया है। सर्वाधिक विकास खंड नरायनपुर में 16439, लालगंज 13345 और राजगढ़ में 10153 किसानों ने बीमा कराया है। वहीं छानबे 4554, हलिया 8220, जमालपुर 5491, कोन 1919, मझवां 1534, सिटी 3351, पहाड़ी में 3591, पटेहरा में 7242 और सीखड़ में 5249 किसानों ने फसलों का बीमा कराया है। जिला कृषि अधिकारी डा. अवधेश कुमार यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमित किसान आपदा के 72 घंटे के अंदर सूचना दे सकते हैं। साथ ही टोल फ्री नंबर 14447 पर सीधे बीमा कंपनी को सूचना दे सकते हैं। फसल की बुवाई के किसी भी कारण असफल होने पर बीमित राशि का 25 प्रतिशत धनराशि किसानों को तत्काल बीमा कंपनी देगी। फसल की बुवाई से कटाई की अवधि में आपदाओं, ओला, भूस्खलन, जल प्लावन से फसल की क्षति होने अथवा फसल की कटाई के उपरांत 14 दिनों की अवधि तक खेत में कटी हुई फसलों को बेमौसम-चक्रवाती वर्षा, चक्रवात से क्षति की स्थिति में व्यक्तिगत बीमित किसान के स्तर पर क्षति का आंकलन कर क्षतिपूर्ति की धनराशि दी जाएगी।

पलामू के सोहेया पहाड़ में अवैध खनन के खिलाफ 566 दिनों से धरना-प्रदर्शन

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

पलामू : जिले के हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र में सोहेया पहाड़ बचाओ संघर्ष समिति का अवैध खनन के खिलाफ चलाया जा रहा आंदोलन चरम पर है। समिति के सदस्यों और ग्रामीणों का धरना 566 दिनों से लगातार जारी है। सोहेया पहाड़ की तलहटी में खनन गतिविधियों को रोकने की मांग को लेकर समिति ने 16 फरवरी, 2023 से धरना जारी रखा है। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा अवैध खनन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

संघर्ष समिति के सदस्यों ने प्रशासनिक अधिकारियों, जिला उपायुक्त, खनन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी और अंचल अधिकारी हुसैनाबाद को बार-बार अवैध खनन की जानकारी दी है। इसके बावजूद आज तक खनन गतिविधियों पर कोई रोक नहीं लगाई गई। समिति के सदस्यों का आरोप है कि पत्थर माफिया और खनन विभाग के बीच गठजोड़ है, जिसके चलते अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा। समिति के सदस्यों ने कहा कि उन्हें खनन माफिया से कई बार धमकियां मिली हैं और उनके खिलाफ गलत मुकदमे भी दर्ज कराए गए हैं लेकिन वे पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। उनका कहना है कि खनन बंद कराने के लिए वे अंतिम समय तक संघर्ष करते रहेंगे।

अवैध खनन को बंद कराने के उद्देश्य से सोहेया पहाड़ बचाओ संघर्ष समिति ने 22 नवंबर, 2023 से 9 जनवरी तक उपायुक्त कार्यालय के समक्ष 50 दिनों तक धरना दिया लेकिन अधिकारियों की मौन प्रतिक्रिया के चलते समिति के सदस्य रामकेश्वर महतो और सत्येंद्र महतो ने 10 जनवरी से 15 फरवरी तक 37 दिनों तक अमरन अनशन भी किया। इसके बावजूद खनन पर रोक लगाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। समिति के अनुसार, 1908 के सर्वे खतियान में सोहेया पहाड़ के जंगल और झाड़ियों को दर्ज किया गया था लेकिन इसे अवैध रूप से खनन के लिए आवंटित कर दिया गया। मापदंडों के अनुसार, खनन क्षेत्र की दूरी 500 मीटर होनी चाहिए लेकिन माइंस की दूरी केवल 250 मीटर के अंदर है। जब ब्लास्टिंग होती है तब पत्थर घरों और खेतों पर गिरते हैं, जिससे बड़ी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। बिना पूर्व सूचना के ब्लास्टिंग होने से ग्रामीणों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। अवैध खनन से पर्यावरणीय और सामाजिक नुकसान हो रहा है।

संघर्ष समिति के सदस्यों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जब तक अवैध खनन बंद नहीं होता तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। प्रशासन की निष्क्रियता और माफिया के खिलाफ कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में आक्रोश है लेकिन उनके संकल्प और साहस के सामने ये कठिनाइयां छोटी हैं। सोहेया पहाड़ को बचाने के इस संघर्ष ने यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण अपने पर्यावरण और भूमि की सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं।

प्रोफेसर प्रदीप महापात्र की पत्रकारिता के लिए मार्गदर्शन पुस्तक का विमोचन

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

कोलकाता : कोलकाता प्रेस क्लब में एक विशेष कार्यक्रम के दौरान ओडिशा के बेरहमपुर में स्थित इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन विश्वविद्यालय के दिवंगत प्रोफेसर डॉ. प्रदीप महापात्र की नई पुस्तक का विमोचन हुआ। इस पुस्तक को पत्रकारिता के क्षेत्र में आने वाले नए छात्रों के लिए एक मार्गदर्शिका के रूप में प्रस्तुत किया गया है। प्रोफेसर महापात्र, प्रोफेसर मृणाल चटर्जी के रिसर्च गाइड भी रहे हैं। प्रोफेसर चटर्जी ने दिवंगत प्रोफेसर महापात्र की अपने लंबे समय से संजोए सपने को साकार किया और उनकी पुस्तक को कोलकाता में प्रकाशित करने की इच्छा पूरी की। प्रोफेसर डॉक्टर मृणाल चटर्जी इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन के रिजिनल डायरेक्टर हैं।

इस अवसर पर मृणाल चटर्जी ने कहा कि, डिजिटल प्लेटफॉर्म और एआई तकनीक के साथ स्वतंत्र न्यूज प्लेटफॉर्म का विकास हो रहा है। सोशल मीडिया के कारण गलत जानकारी तेजी से फैलती है। इसलिए, पत्रकारिता में सच और झूठ के बीच अंतर करना महत्वपूर्ण है।

मृणाल चटर्जी ने आगे कहा, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर लोगों तक तेजी से पहुंच रहे हैं और यह समाज के लिए प्रेरणा और चिंता दोनों का विषय है। ई-गेमिंग भी तेजी से बढ़ रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि, समाज का एक बड़ा हिस्सा पौष्टिक भोजन की बजाय स्वादिष्ट खाने की ओर झुक रहा है। क्योंकि उन्हें पैसे बचाने हैं और हो सकता है कि गेमिंग प्लेटफार्म पर जाकर गेम खेलते हैं। लोग सोचते हैं कि जो खबरें मिल रही हैं, वो किसी न किसी उद्देश्य से परोसी जा रही हैं। कॉर्पोरेट मीडिया का हस्तक्षेप बढ़ रहा है और 90 के दशक के बाद से नीतिगत स्तर पर नियंत्रण की आवश्यकता महसूस होने लगी है। साप्ताहिक स्तंभकार सुबीर घोष ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे और कोरोना के बाद के समय में मीडिया में आने वाले संभावित बदलावों पर अपनी राय रखी।

कोलकाता प्रेस क्लब के अध्यक्ष और वरिष्ठ पत्रकार स्नेहाशीष सुर ने कार्यक्रम का संचालन किया और धन्यवाद ज्ञापन किया।

ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करते पांच गिरफ्तार

रांची (रासासं): रांची के सुखदेवनगर नगर थाना पुलिस ने सेंट्रल बैंक गली से ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करते पांच युवक गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में आर्यन कुमार सिंह, गौतम कुमार यादव, शैलेश कुमार उर्फ गांधी, हर्ष कुमार और हिमांशु यादव उर्फ लालू को गिरफ्तार किया है। इन सभी के पास से 15.19 ग्राम ब्राउन शुगर और मोबाइल फोन बरामद किया गया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र स्थित अखिल मेमोरियल स्कूल सेन्ट्रल बैंक गली में अवैध रूप से नशीले पदार्थों का खरीद बिक्री की सूचना मिली थी। इसके बाद कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने उक्त स्थान पर छापेमारी की। पुलिस बल को देख भागने के क्रम में तीन लोगों को पकड़ा गया।

लोको पायलट की सक्रियता से बची हाथी की जान

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

सिलीगुड़ी: सिलीगुड़ी-धुबरी जाने वाली डेमू एक्सप्रेस के लोको पायलटों की सक्रियता से एक हाथी की जान बच गई। यह घटना शनिवार तड़के सेवक और बागराकोट स्टेशनों के बीच मोंगपोंग के जंगलों में हुई है। ट्रेन के पायलट विनय प्रसाद और मलय दास ने आपातकालीन ब्रेक दबाकर हाथी को बचाया। 20 मिनट के इंतजार के बाद हाथी लाइन से हट गया। जिसके बाद ट्रेन अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गई। डुआर्स के रेलवे ट्रैक पर पिछले 17 दिनों में पांच बार लोको पायलटों ने ट्रेन रोक कर हाथियों की जान बचाई है। पिछली घटना 5 सितंबर की शाम को हुई थी। घटना महानंदा अभयारण्य सेवक और गुलमा स्टेशन के बीच हुई थी। उस समय सिलीगुड़ी जंक्शन से बामनहाट जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस उस रास्ते से गुजर रही थी। लोको पायलट जेएन अंसारी और कोपायलट जी घोष ने पिलर संख्या 23/2-1 के पास हाथियों को देखा और इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी। इससे पहले 27 अगस्त को सिलीगुड़ी से अलीपुरद्वार जंक्शन जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस के पायलटों ने दोनों स्टेशनों के बीच रेलवे लाइन पर हाथियों के एक दल को चलते हुए देखकर कुछ मिनट के लिए ट्रेन रोक दी थी। पिछली घटना 25 अगस्त की शाम जलदापाड़ा अभयारण्य में पिलर नंबर 130/5 के पास हुई थी। उस दिन नौ हाथी एक साथ लाइन पार कर रहे थे। इससे पहले 22 अगस्त महानंदा जंगल में पिलर संख्या 23/6-7 के पास सिलीगुड़ी से बामनहाट जाने वाली पैसेंजर डेमू ट्रेन के पायलटों ने भी हाथी को लाइन पर देख इमरजेंसी ब्रेक लगाया था।

होर्डिंग्स पर नेपाली भाषा, दार्जिलिंग नगर पालिका की घोषणा से स्थानीय खुश

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

दार्जिलिंग: दार्जिलिंग नगर पालिका ने स्थानीय भाषा को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किये हैं। निर्देश के मुताबिक, नगर पालिका क्षेत्र में लगे सभी होर्डिंग अन्य भाषाओं में होने पर भी नेपाली भाषा अनिवार्य कर दी गई है। इस घोषणा से स्थानीय लोग खुश हैं। एक निजी कॉलेज में समाजशास्त्र के प्रोफेसर रोशन तमांग ने शनिवार को कहा कि इस निर्देश को एक बड़ी रणनीति के हिस्से के रूप में देखा जा सकता है। इसे लागू करके नगर पालिका सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने और दैनिक गतिविधियों में भाषा के उपयोग को बढ़ाने में सक्षम होगी। यह गोरखालैंड क्षेत्रीय प्रशासन (जीटीए) और स्थानीय नेताओं को दार्जिलिंग हिल्स की अनूठी सांस्कृतिक विरासत को उजागर करने और संरक्षित करने में मदद करेगी। वहीं, दार्जिलिंग एसोसिएशन ऑफ ट्रैवल एजेंट्स के महासचिव प्रदीप लामा ने कहा कि इससे पर्यटकों को कोई असुविधा नहीं होगी क्योंकि पर्यटक हिंदी और नेपाली दोनों देवनागरी लिपि का उपयोग करते हैं। जिसे पढ़ना आसान है। आपको बता दे कि यह निर्णय हाल ही में भानु भवन में 'भाषा दिवस' के दौरान गोरखालैंड क्षेत्रीय प्रशासन (जीटीए) प्रमुख अनित थापा द्वारा की गई घोषणा के बाद लिया गया है। उन्होंने जीटीए क्षेत्र के भीतर नेपाली साइन बोर्डों के महत्व पर जोर दिया और चेतावनी दी कि उल्लंघन करने वालों के व्यापार लाइसेंस रद्द किए जा सकते हैं। इसके बाद दार्जिलिंग नगर पालिका ने इस संबंध में आधिकारिक घोषणा की। दार्जिलिंग नगर पालिका चेयरमैन दीपेंद्रठाकुरी ने बताया कि पार्षद बोर्ड की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कानून का पालन नहीं करने वालों पर जुमार्ना लगाया जाएगा।

स्वरोजगार को बढ़ावा - कारीगरों को निःशुल्क मोटराइज्ड दोना-पत्तल मशीन पाने का मौका

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

कानपुर : आत्मनिर्भर भारत के तहत स्वरोजगार में रूचि रखने वाले कामगारों को उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड लखनऊ, द्वारा संचालित टूलकिट वितरण योजनान्तर्गत जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, कानपुर देहात द्वारा वित्तीय जनपद में 10 मोटाराइज्ड दोना पत्तल मेकिंग मशीन का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। जिसके लिए इस फील्ड में जानकार लोग कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

स्वरोजगार को बढ़ावा देनेके लिये उत्तर प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है। लोगों को आत्मनिर्भर बनाकर उनके व उनके परिवार के भरण पोषण के लिए कई ऐसी योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है जिससे स्वरोजगार पाने वाला व्यक्ति अपने साथ किसी और जरूरतमंद का भी पेट भर सके।

इसी कड़ी में कानपुर देहात के जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत के तहत स्वरोजगार में रूचि रखने वाले कामगारों को उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, लखनऊ द्वारा संचालित टूलकिट वितरण योजनान्तर्गत जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, कानपुर देहात द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद में 10 मोटाराइज्ड दोना पत्तल मेकिंग मशीन का निःशुल्क वितरण दोना पत्तल बनाने वाले कारीगर एवं इस उद्योग में रूचि रखने वाले अन्य व्यक्तियों को किया जाना है।

लाभार्थियों का चयन, निर्धारित चयन समिति के माध्यम से किया जाना है। इच्छुक लाभार्थी ऑन-लाइन पोर्टल/वेबसाइट पर जाकर 'ऑन-लाइन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आवंटन सेलेक्ट कर अपना आवेदन पंजीकरण करते हुए पंजीकृत आवेदन की प्रति किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 14 सितम्बर तक कार्यालय- जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, चिटिकपुर, रनियाँ, कानपुर देहात में जमा करा सकते है।

इस योजना का लाभ पाने के लिए पात्रता बनाई गई है जिसमे आवेदक की आयु 18 वर्ष से 50 वर्ष तक होनी चाहिए। आवेदक सम्बन्धित उद्योग में परम्परागत कारीगर हो, आवेदक का आधार कार्ड, मोबाइल नम्बर, जाति प्रमाण-पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक की प्रति, प्रशिक्षण प्राप्त आवेदकों को वरीयता दी जाएगी।

ब्रीफ न्यूज

वैदिक रीति रिवाज के साथ शुरू हुआ गणेश पूजन उत्सव

बेनीपुर (रासासं): प्रखंड क्षेत्र के महिनाम, पोहद्दी, पौड़ी, डखराम, बेनीपुर, धेरुख, सद्धुआर आदि गांवों मे धूमधाम भगवान गणेश का पूजा हर्षोल्लास पूर्ण माहौल में वैदिक रीति रिवाज के साथ शुरू हुआ । महिनाम के पंचवटी बजरंगबलीस्थान पुस्तकालय चौक सहित विभिन्न पूजा पंडालों में गणेश पुजा कलश शोभा यात्रा के साथ धूमधाम से शुरू हुआ। पुजा स्थल से निकली कलश शोभा यात्रा मे 351 कन्याओ ने भाग लिया। कलश शोभा यात्रा पूजास्थल परिसर से निकलकर गांव भ्रमण करते हुए महिनाम घाट भूतनाथ मंदिर के पास कमला नदी से वैदिकों के उपस्थित मे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल भरकर पुनः जुलूस के रूप में गांवों के अन्यान्य मंदिरों का दर्शन करते हुए पूजा स्थल पर पहुंचे । मौके पर ऋषभ कुमार, सुरेश झा, अमित कुमार झा, कमलेश कुमार झा, ब्रजेश कुमार झा, रामचन्द्र मिश्र, संतोष कुमार ठाकुर, बजरंगी मिश्र, आलोक कुमार उर्फ लल्ला भैया, हँसिका कश्यप, कुहू रानी, कुमारी रिषा, रणजीत ठाकुर, आयंश रिया सिद्धांत, अर्पित आयुषी अनुष्का रक्षितवे मे, रिषु सपना, सुमन सुमित, अभिषेक कुमार मिश्र, कन्हैया झा, अमरेश, हरिहर महतो, शिवम कुमार, रितु मिश्र, ऋषि मिश्र, कृष्ण कान्त झा, कल्पना कुमारी उर्फ तन्नु आदि कलश शोभा यात्रा की देखरेख में लगे हुए थे ।

मृत सोनू के परिजनों से मिलने पहुंचे लोजपा (रा) नेता, हर संभव मदद का दिया भरोसा

बेनीपुर (रासासं): लोजपा रामविलास पार्टी के अनुसूचित जाति के प्रदेश महासचिव कुणाल पासवान एवं अति पिछड़ा प्रकोष्ट के प्रदेश उपाध्यक्ष नंद किशोर शर्मा ने गोड़ाबौराम प्रखंड के परवत्ता गांव पहुंच कर मृतक सोनू पासवान के पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और हर संभव मदद का भरोसा दिया। ज्ञातव्य है कि छोटे पासवान के दो वर्षीय पुत्र सोनू पासवान की मौत पिछले बुधवार को पानी से भरे हौज में डूबने से हो गया था ।स्थानीय लोगो ने प्रदेश उपाध्यक्ष से बताया कि मनरेगा योजना से गांव में करीब एक दर्जन सोखता का पिछले एक महीने से अधिक समय से निर्माण कराया जा रहा है । लगभग सभी सोखता को आधा अधूरा छोड़ दिया गया है। मौके पर ललित पासवान , शशि पासवान किशोर पासवान , बिनोद मुखिया शिव शंकर पासवान , विजय पासवान सहित कई लोग मौजूद थे ।

आहार में जिंक संतुलित पोषण की दृष्टि से महत्वपूर्ण

दरभंगा (रासासं): आज की दुनिया में जहां तंदुरुस्ती और इम्यूनिटी प्रमुख प्राथमिकता बन चुके हैं, टाटा सॉल्ट इम्यूनो आयोडीन और ज़िंक जैसे जरूरी पोषक तत्वों को खाने में शामिल करने का आसान तरीका पेश करता है। जिंक एक आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्व (माइक्रोन्यूट्रिएंट) है, जो कि प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम्र) जो स्वास्थ्य प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत और तंदुरुस्त रखने में मदद करता है। । हमारे दैनिक आहार में जिंक को शामिल करना संतुलित पोषण की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लेकिन साथ ही, इसके सेवन के आसान तौर-तरीकों का पता लगाना कई बार चुनौतीपूर्ण हो सकता है। टाटा सॉल्ट इम्यूनो में जिंक तथा आयोडीन दोनों का मेल समाया है, ताकि उपभोक्ता अपने नियमित आहार में आसानी से इन दोनों सूक्ष्म पोषक तत्वों को मिला सकें। पोषण का यह दोहरा फामूर्ला उन्हें अपनी दैनिक खानपान की आदतों में बदलाव लाए बगैर ही लाभ देता है, और घर-परिवारों के लिए यह आसानी से उपलब्ध होता है।

प्रोसो प्यारे रेस्टोरेंट एंड बैंक्वेट का शुभारंभ

पटना (रासासं): प्रोसो प्यारे रेस्टोरेंट एंड बैंक्वेट-ब्लेस्ड विद टेस्ट का भव्य शुभारंभ शगुन मोड़ पटना में किया गया। प्रतिष्ठान का उद्घाटन मुख्य अतिथि भभुआ जिला के पूर्व जिलाधीश आर पी सिंह व प्रोसो प्यारे के प्रबंध निदेशक मनीष कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि आरपी सिंह ने मनीष कुमार सिंह व उनकी टीम को इस भव्य प्रतिष्ठान के लिए अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि प्रोसो प्यारे रेस्टोरेंट एंड बैंक्वेट सगुना मोड़ के साथ ही आसपास के लोगों को एक बेहतरीन रेस्टोरेंट और बैंक्वेट सुविधा देगा। वहीं प्रोसो प्यारे के प्रबंध निदेशक मनीष कुमार सिंह ने कहा कि प्रोसो प्यारे किसी भी तरह के इवेंट, पार्टी, बर्थडे, एनिवर्सरी, बेबी शावर को होस्ट करने के लिए 15 टेबल की कैपेसिटी के साथ रेस्टोरेंट और 2700 स्क्वैरफिट में 200 लोगों की क्षमता के साथ बैंक्वेट काफी उत्तम और अच्छी चॉइस होगी। मौके पर प्रोसो प्यारे रेस्टोरेंट एंड बैंक्वेट के सभी कर्मचारियों सहित अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

रेलवे ने पूजा स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का लिया निर्णय

मालीगांव (रासासं): पूर्वोत्तर सीमा रेलवे ने आगामी पूजा सीजन के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए तीन जोड़ी पूजा स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया है। पूजा स्पेशल ट्रेनें कटिहार झ अमृतसर - कटिहार, रंगापाड़ा नॉर्थ - प्रयागराज जंक्शन-रंगापाड़ा नॉर्थ और नारंगी -गोरखपुर -नारंगी के बीच चलेंगी। 18 सितंबर से 27 नवंबर तक 11 फेरों के लिए प्रत्येक बुधवार को फेस्टिव स्पेशल ट्रेन कटिहार-अमृतसर कटिहार से 21 बजे प्रस्थान कर शुक्रवार को अमृतसर 9:45 बजे पहुंचेगी। वापसी दिशा में, 20 सितंबर से 29 नवंबर तक 11 फेरों के लिए प्रत्येक शुक्रवार को फेस्टिव स्पेशल ट्रेन अमृतसर-कटिहार अमृतसर से 13:25 बजे प्रस्थान कर अगले दिन कटिहार 23:45 बजे पहुंचेगी। यह ट्रेन अपनी दोनों तरफ की यात्रा के दौरान अररिया कोर्ट,फारबिसगंज, दरभंगा जंक्शन, गोरखपुर जंक्शन, गोंडा जंक्शन, बरेली, रूड़की और जलंधर सिटी स्टेशनों से होकर चलेगी। 29 सितंबर से 1 दिसंबर तक प्रत्येक रविवार को फेस्टिव स्पेशल रंगापाड़ा नॉर्थ - प्रयागराज जंक्शन रंगापाड़ा नॉर्थ से 9:00 बजे रवाना होकर अगले दिन प्रयागराज जंक्शन 12:40 बजे पहुंचेगी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने किया सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन

शोभन एम्स प्लांट का हुआ परिभ्रमण

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

दरभंगा: दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में बने 210 शैय्या वाले सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन जे.पी नड्डा, मंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग-सह-रसायन एवं उर्वरक विभाग, भारत सरकार ने फीता काटकर किया उद्घाटन । इस अवसर पर सम्राट चौधरी उपमुख्यमंत्री बिहार सरकार, मंगल पांडे मंत्री स्वास्थ्य विभाग, बिहार, मंत्री हरी सहनी, मंत्री मदन सहनी, सांसद गोपाल ठाकुर, राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा, राज्यसभा सांसद धर्मशिला गुप्ता, सांसद शोक कुमार यादव, नगर विधायक संजय सरावगी, विधायक बेनीपुर विनय कुमार चौधरी, विधायक जाले जीवेश मिश्रा, विधायक केवटी मुरारी मोहन झा, विधायक हायाघाट रामचंद्र साह, विधायक अलीनगर मिश्री लाल यादव, विधान परिषद के सदस्य तरुण कुमार, जिलाधिकारी दरभंगा राजीव रौशन व वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी, डीएमसीएच के अधीक्षक आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राजीव रौशन जिलाधिकारी दरभंगा और वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा बेहतर व्यवस्था की गई । जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक लगातार सक्रिय रह कर कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करायें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज इस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल समर्पित करता हूं, आप ने आशीर्वाद दिया प्रधानमंत्री तीसरी बार प्रधानमंत्री बने, मैं दूसरी बार स्वास्थ्य मंत्री बना यह ताकत आपके पास है। आपने हमें मौका दिया, हमने 60000 करोड़ रुपए का विशेष पैकेज दिया। हम नीति निर्धारक हैं लेकिन फैसला करने वाले मालिक आप हैं। पहले इलाज के लिए आपको राज्य के बाहर जाना पड़ता था। 2014 में हमारी सरकार आई अब यहीं इलाज होता है। 2014 के पहले गंभीर बीमारी के इलाज के लिए बिहार के बाहर जाना पड़ता था। अब नेफ्रोलॉजी,

न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी हो इन सब का इलाज दरभंगा में ही किया जाएगा। गंभीर बीमारी के लिए अब दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा।,अब डीएमसीएच एवं दरभंगा में एम्स बन जाने से जल्द ही इलाज हो जाएगा।

190 करोड रुपए का ऑथोमोलॉजी डिपार्मेंट को खड़ा किया गया है, जहां 1000 से ज्यादा कार्निया का ट्रांसप्लांट हुआ है, आज अत्याधुनिक चक्षु चिकित्सा सुविधा के दृष्टिकोण से आईजीआईएमएस को खड़ा किया जा रहा है, उसका भी शुभारंभ किया है। आंखों के इलाज के लिए अब किसी भी व्यक्ति को दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा, उसका इलाज पटना में ही हो जाएगा। पटना में आई बैंक की स्थापना की गई है, अब दरभंगा में प्रधानमंत्री जी द्वारा एम्स बनवाया जा रहा है। अब दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गया, पटना, बक्सर और भागलपुर में विशेष चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी।

उन्होंने कहा कि 2014 में 387 मेडिकल कॉलेज थे, आज 731 मेडिकल कॉलेज है। 157 जिला में मेडिकल कॉलेज खोला जा रहा है, बिहार भी कभी पीछे नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री बिहार श्री नीतीश कुमार के सहयोग से पूर्णिया, सारण, समस्तीपुर, सिवान बक्सर, झंझारपुर जमुई आदि जिलों में मेडिकल कॉलेज खोला गया है। उन्होंने कहा कि आज बिहार में 35 मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं।पहले मेडिकल में यूजीसी की सीट 51 हजार थी, आज 01 लाख 12 हजार 112 हो गई है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री ने कहा कि 75000 और सीटें बढ़ाई जाएगी।

बिहार में चिकित्सा की एवं पीजी पढ़ाई के लिए सीटें बढ़ाई बढ़ाई गई। पूर्णिया, सारण, समस्तीपुर, सीतामढ़ी, भागलपुर, सिवान, बक्सर, जमुई, में मेडिकल कॉलेज खुल रहा है। आज आयुष्मान भारत योजना से 12 करोड़ 74 लाख परिवार अच्छादित हो रहे हैं,जो गरीब तबके और रोजमर्रे के काम करने वाले गरीब लोग हैं, जिन्हें हर वर्ष 5 लाख रुपए की इलाज की सुविधा मिल रहा है। अब तक इस पर 836 लाख करोड़ रुपए खर्च हो चुका है। आज बिहार में हर जगह राष्ट्रीय राजमार्ग और नदी पर पुल दिख रहे हैं। बिहार को कभी बीमारू राज्य कहा जाता था। आज बिहार बीमारू राज्य नहीं है बल्कि अग्रणी राज्य है। उन्होंने कहा कि यह सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल विकास में मिल का पत्थर साबित होगा। यह सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त है। इसमें मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर लगाए गए हैं। अब दरभंगा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल अब अपने आप में एक अग्रणी मेडिकल कॉलेज के रूप में उभर कर आएगा यह मुझे पूरा विश्वास है। यह सुपर स्पेशलिस्ट ब्लॉक सेंट्रलाइज्ड एयर कंडीशन है यानी 24 घंटे गर्मी में ठंडा और ठंड में गर्म रहेगा ताकि हमारे चिकित्सक सर्वाधिक सुविधा में अत्याधुनिक चिकित्सा पर काम कर सके और मरीज को आत्धुनिक चिकित्सा का लाभ मिल सके। उन्होंने सभी चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ को इसका बेहतर उपयोग करने और इसे सफल चिकित्सा केंद्र बनाने हेतु आह्वान किया और कहा आप इस तोहफा का सदुपयोग कीजिए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय उपमुख्यमंत्री बिहार सरकार श्री सम्राट चौधरी ने कहा कि यह 210 बेड का सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल 150 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित किया गया है, जो बिहार के लिए मिल का पत्थर साबित होगा।

सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच को दिए गए आवेदन पर संदेह उत्पन्न करती है अधिकारी की चुप्पी

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

दरभंगा: प्रधान मंत्री ग्राम सम्पर्क योजना से निर्मित पोहद्दी आर सी डी सड़क से मलऔल बरहपट्टी भाया परी पथ निर्माण के गुणवत्ता जाँच के संबंध में आवेदन दिया लेकिन विभागीय ताल मेल के कारण जांच अधर लटक गया है।आवेदक राजीव कुमार झा ने बताया कि जिले के बेनीपुर प्रखण्ड अन्तर्गत पोहद्दी आर सी डी सड़क से मलऔल बरहपट्टी भाया परी तक (पैकज सं0-इफा0ढ3-01) का निर्माण ढटऋ फेज-03 के द्वारा कराया गया है, उक्त पथ एक वर्ष पहले निर्माण होने के बाद जगह-जगह सड़क टुटना शुरू हो गया है और बहुत जगह टुट भी गयी है। उक्त पथ सरकारी प्राक्कलन के अनुसार नहीं बनाया गया है जिसके कारण सड़क निर्माण में गुणवत्ता में बहुत कमी है। उक्त पथ में संवेदक द्वारा

की गयी अनियमितता में विभागीय अभियंता का संरक्षण मिलने का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। उक्त सड़क के संबंध में पूर्व में भी मेरे द्वारा मेल के माध्यम से शिकायत किया जा चुका है, जिसका भी जाँच नहीं किया गया है। इससे पूर्व भी उक्त सड़क के संबंध में चन्दन कुमार झा के द्वारा आवेदन दिया गया था लेकिन संवेदक सुमन कुमार झा के द्वारा ले-देकर समझौता कर लिया गया। ऐसी परिस्थिति में उक्त तथ्यों का जाँच किसी वरीय पदाधिकारी से जाँच कराकर उचित कारवाई करें जिससे सरकार का छवि धुमिल न हो।उन्होंने आवेदन की छायाप्रति अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग पटना। अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग पटना को डाक के माध्यम से दिया है।

मिथिला प्रक्षेत्र के आईजी राजेश कुमार ने दिया योगदान

दरभंगा (रासासं): शुक्रवार को मिथिला क्षेत्र के आईजी राजेश कुमार ने अपना योगदान दिया उसके बाद उन्होंने पत्रकारों को बताया कि पीड़ित व्यक्तियों को हर हाल में न्याय दिलवाया जाएगा। अपराध पर नियंत्रण किया जाएगा, ताकि आम नागरिक सुरक्षित रहें। आगे उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण उनकी पहली प्राथमिकता होगी। अपराधियों पर लगाम लगाने पर विशेष नजर रहेगी। अपराध करने वाले और कराने वाले पर विशेष नजर रहेगी। उन अपराधियों को चिन्हित कर सख्त से सख्त कारवाई की जाएगी। पीड़ित व्यक्तियों पर जिनके द्वारा घटना की गई है, वैसे आरोपियों पर कारवाई की जाएगी। फरार चल रहे वारंटी पर सख्त कारवाई की जाएगी। रेंज के तीनों जिलों में पुलिसिंग बेहतर की जाएगी। थाना क्षेत्र में गश्ती मुस्तैदी से करवाया जाएगा।

विधि लिपिक संघ बेनीपट्टी के अध्यक्ष बने संजय प्रसाद साह

बेनीपट्टी (रासासं): मधुबनी जिले के बेनीपट्टी व्यवहार न्यायालय परिसर में आज विधि लिपिक संघ बेनीपट्टी का चुनाव सुबह 10बजे से 03बजे तक शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराया गया। साथ ही 3.30बजे से मत गणना शुरू कर दिया गया और 04 बजे विजेता का घोषणा किया गया। जिसमे अध्यक्ष पद पर संजय प्रसाद साह 18 मत, सचिव रामसोगराथ यादव 10मत, कोषाध्यक्ष पद पर रामप्रकाश सिंह 40मतों से विजय प्राप्त किए। बताते चले की चुनाव तीन पदों पर कराया गया जिसमें अध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशी ने अपना उम्मीदवारी पेश किया विजय चंद्र मिश्र ,संजय प्रसाद शाह।सचिव पद पर रामनरेश प्रसाद रामसोगराथ यादव, वही कोषाध्यक्ष पद पर तीन उम्मीदवारों ने अपना किस्मत अजमाया राकेश झा,रामकृपाल साह,राम प्रकाश सिंह। चुनाव आयोग अमरेश चौधरी मधुबनी व चुनाव प्रभारी अमरेंद्र पासवान के मौजूदगी में कराया गया, जिसमें कुल 75 मतों में 72 मत प्रयोग किया गया। सचिव पद के उम्मीदवार रामनरेश प्रसाद को कुल 31 मत प्राप्त हुए। वही सोगारथ यादव को 41 मत प्राप्त हुआ वही कोषाध्यक्ष पद पर राकेश झा को 09 रामकृपाल शाह को मत 07 रामप्रकाश सिंह को 56 मत प्राप्त हुआ।

पूर्व मध्य रेल

शुद्धि–पत्र

पत्र संख्या– गति शक्ति/ई–टेन्डर/11/खुली/शुद्धि/डीएनआर/24–25
दानापुर, दिनांक 06.09.2024

निविदा सूचना संख्या गति शक्ति/ई–टेन्डर/11/खुली/शुद्धि/डीएनआर/24–25 दिनांक 20.08.2024 के मद संख्या जो कि दिनांक 11.09.2024 को खोली जानी है। उक्त कथित निविदा की विज्ञापन हेतु भेजा गया पत्र में त्रुटिवश (हिन्दी में) दिनांक 12.09.2024 लिखा गया है, **जिसे 11.09.2024 पढ़ा जाय** एवं निविदा की अन्य नियम एवं शर्तें पूर्ववत रहेगी।

व.मं.अभि. (गतिशक्ति), पू.म.रेल, दानापुर

पीआर/01090/डीएनआरजीएस/ईजी./सी/24–25/20

जनप्रतिनिधि गण के साथ जिलाधिकारी ने की मतदान केंद्रों के युक्तिकरण से संबंधित बैठक

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

पूर्वी चंपारण: जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में सांसद गण के प्रतिनिधि, विधायक गण एवं राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ आज समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन सभागार में मतदान केंद्रों के युक्तिकरण से संबंधित बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि मतदान केंद्रों के युक्तिकरण से संबंधित प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया है। इस पर 7 सितंबर से 17 सितंबर तक दावा आपत्ति की जा सकेगी। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जिला में पूर्व अनुमोदित मतदान केंद्रों की संख्या 3496 थी। युक्तिकरण के पश्चात अब मतदान केंद्रों की कुल संख्या 3628 हो गई है। युक्तिकरण के दौरान कुल 132 नए मतदान केंद्र की संख्या बढ़ी है।युक्तिकरण के समय सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के द्वारा मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के आलोक में मतदान केंद्रों का रेशनलाइजेशन किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी के द्वारा सभी उपस्थित जनप्रतिनिधि गण को बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेश के अनुसार 1400 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्रों को चिन्हित करते हुए अलग मतदान केंद्र बनाने का निर्णय लिया गया है जो उसी भवन में स्थित है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रकाशित प्रारूप में अगर किसी को आपत्ति है तो वह आज से लेकर 17 सितंबर तक दावा आपत्ति दे सकता है। दावा आपत्ति निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय में अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय में दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर के बाद दवा आपत्ति का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक में उपस्थित माननीय सदस्य गण के द्वारा जो भी मांग रखी गई जिलाधिकारी ने कहा कि इसके संबंध में लिखित आवेदन दे दिया जाए ताकि उस पर कार्रवाई की जा सके।जिलाधिकारी ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि स्वयं स्थल भ्रमण कर मतदान केंद्रों से संबंधित प्रस्ताव भेजेंगे।

पूर्व मध्य रेल

"सार्वजनिक सूचना"

करौटा–पटनेर से अशोकधाम रेलवे स्टेशन के बीच नई बीजी रेल (विद्युतिकृत) सर्फेश ट्राईंगल लाइन का स्पीड ट्रायल की सूचना

"सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि करौटा–पटनेर से अशोकधाम रेलवे स्टेशन के बीच अप एंव डाउन दोनों दिशाओं में नई बीजी रेल (विद्युतिकृत) सर्फेश ट्राईंगल लाइन का रेल संरक्षा आयुक्त, पूर्व परिमंडल, कोलकता द्वारा निरीक्षण के संबंध में **दिनांक 10.09.2024** को विशेष ट्रेन द्वारा तीव्र गति से "स्पीड ट्रायल" किया जाएगा। किसी के भी रेलवे लाईन के निकट रहना असुरक्षित होगा।अतः सर्वसाधारण को सचेत किया जाता है कि रेलवे लाईन के निकट नहीं आवें और मवेशियों को भी दूर ही रखें। साथ ही समपारों (लेवल क्रासिंग) को पार करते समय भी विशेष सावधानी रखें एवं ट्रेन की स्थिति देख कर ही रेल लाईन पार करें। इसकी अवहेलना करने पर किसी भी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसके लिए रेल प्रशासन जिम्मेंदार नहीं होगा।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / नि०/ दक्षिण

पीआर/1088/सीओएनएस/ईएनजीजी/एन/24–25/56